# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शनिवार 14 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 294 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




झारखंड विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नियुक्ति पत्र देते सीएम हेमंत सोरेन

### झारखंड पुलिस को मिलीं नई गाड़ियां, युवाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

# कानून व्यवस्था मजबूत करने में मिलेगी मदद : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पुलिस विभाग को नई दोपहिया और चार पहिया वाहन उपलब्ध कराए हैं। इसके लिए विधानसभा परिसर में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन वाहनों को पुलिस को सौंपते हुए कहा कि इससे पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ेगी और किसी भी घटनास्थल पर तेजी से पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करना संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक संसाधनों से लैस पुलिस बल ही बेहतर तरीके से कानून-व्यवस्था को संभाल सकता है। नए वाहनों के मिलने से पुलिस की गतिशीलता बढ़ेगी और वे दूरदराज के इलाकों में भी कम समय में पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि कई बार घटनास्थल तक पहुंचने में देरी होने के कारण अपराधियों को भागने का मौका मिल जाता है। ऐसे में नई दोपहिया और चार पहिया वाहनों की उपलब्धता से पुलिस की प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा और अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। उन्होंने कहा कि ये युवा आने वाले समय में राज्य की सेवा करेंगे और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पाने वाले युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई ऊर्जा और उत्साह के साथ ये युवा पुलिस व्यवस्था को और प्रभावी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। समाज के हर नागरिक की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यदि समाज जागरूक और जिम्मेदार हो तो कई अपराध होने से पहले ही रोके जा सकते हैं। प्रशासन और समाज के बीच बेहतर तालमेल से ही सुरक्षित वातावरण बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगहों पर लोग इतने अनुशासित और जागरूक होते हैं कि चौराहों पर पुलिस की मौजूदगी बहुत कम दिखाई देती है, फिर भी व्यवस्था बनी रहती है। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होता है जब नागरिक खुद जिम्मेदारी निभाते हैं और नियमों का पालन करते हैं। समाज और प्रशासन यदि मिलकर काम करें तो राज्य में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों से लैस करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है ताकि झारखंड में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बन सके।



# 10 हजार रुपए घूस लेते दो कर्मचारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**देवघर।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिला भू-अर्जन कार्यालय के दो कर्मचारियों को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए कर्मचारियों की पहचान प्रधान सहायक निरंजन कुमार और चपरासी नुनदेव यादव के रूप में हुई है। एसीबी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जिला भू-अर्जन कार्यालय में जमीन अधिग्रहण से संबंधित मामलों में भुगतान के लिए अवैध वसूली की जा रही है। आरोप था कि निरंजन कुमार और नुनदेव यादव अधिकारियों के नाम पर लाभार्थियों से 10 से 15 प्रतिशत तक कमीशन की मांग करते थे। कमीशन के बिना फाइलें आगे नहीं बढ़ाई जाती थीं। एक पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर एसीबी की टीम ने मामले की जांच शुरू की। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर दोनों कर्मचारियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को पूछताछ के लिए एसीबी कार्यालय ले जाया गया है, जहां मामले की विस्तृत जांच जारी है। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका अभियान जारी रहेगा और दोषी पाए जाने वाले किसी भी कर्मचारी या अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गड्ढे में गिरी स्कूली बच्चों से भरी गाड़ी

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तिसरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह स्कूली बच्चों से भरी एक सवारी गाड़ी सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। यह दुर्घटना तिसरी-पलमरुआ मुख्य मार्ग पर नैयाडीह मोड़ के पास हुई। हादसे में लगभग 15 बच्चे सवार थे, जिनमें से कई को मामूली चोटें आईं। जानकारी के अनुसार वाहन में आर्य पब्लिक स्कूल के लगभग 15 छात्र सवार थे, जो सुबह स्कूल जा रहे थे। नैयाडीह मोड़ के पास सड़क पर गिलानुमा मिट्टी होने और वाहन का ब्रेक ठीक से काम न करने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी।

### गैराज में खड़ी कार में लगी आग

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पुटकी थाना अंतर्गत बीसीसीएल की बी टाइप कॉलोनी के गैराज में खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। आग लगने से एक कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि कार कॉलोनी स्थित एक घर के गैराज में खड़ी थी। अचानक कार से धुंआ और आग की लपटें निकलने लगी। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रही।

### तीन दिनों से लापता छात्र का मिला शव

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के केसीपरा गांव में शुक्रवार को एक 8 वर्षीय छात्र का शव कुएं से बरामद हुआ। छात्र तीन दिन से लापता था। शव मिलने के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया जिसके बाद उन्होंने गुमला-सिमडेगा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। केसीपरा निवासी 8 वर्षीय छात्र प्रीतम गोप तीन दिन पहले लापता हो गया था। वह परिजनों के साथ गांव में ही एक शादी समारोह में शामिल होने गया था, जहां से वह रहस्यमय तरीके से गायब हो गया।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ताराटांड़ में गुरुवार देर रात एक 58 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शशिभूषण पांडे के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार शशिभूषण पांडे गुरुवार रात खाना खाने के बाद अपनी पत्नी के साथ कमरे में सोने गए थे। सुबह जब उनकी पत्नी की नींद खुली तो उन्होंने पति को अपने पास नहीं पाया। तलाश करने पर वह छत पर बने कमरे में गमछे के सहारे फंदे पर लटके मिले।

# दो सगे भाइयों की गंगा नदी में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज।** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोकीमपुर पंचायत के सरकंडा गांव में गंगा नदी में डूबने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों सगे भाई थे। दोनों ही गुरुवार की शाम से लापता थे। आशंका जाहिर की जा रही है कि दोनों भाई नहाने के लिए गंगा नदी में उतरे होंगे और इसी बीच वो गहरे में पानी में चले गए होंगे। मृतकों की पहचान सेंटू चौरसिया के पुत्र आर्यन कुमार (8) और राघव कुमार (6) के रूप में की गई। मृत बच्चों के पिता सेंटु चौरसिया ने बताया पत्नी व बच्चों के साथ पिछले तीन वर्षों से मुंबई में थे। होली मनाने के लिए करीब तीन वर्षों के बाद वह मुंबई से अपने घर सरकंडा वापस लौटे थे। इधर, गुरुवार की शाम बच्चों के लापता होने के बाद आसपास के इलाकों तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में काफी खोजबीन करने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल सका। अगले दिन शुक्रवार की सुबह एक बच्चे का का शव गंगा नदी में उपलाता दिखा। एक बच्चे का शव मिलने की सूचना मिलते ही गंगा तट पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद गोताखोर की मदद से दूसरे बच्चे का शव भी गंगा नदी से बरामद कर लिया गया। शव मिलने की सूचना मिलते ही राजमहल पुलिस एएसआई सिकंदर तिर्की अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंची। और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए राजमहल भेज दिया। दोनों बच्चों का शव देख कर गांव में मातम छा गया। बच्चों की मां प्रियंका देवी शव से लिपट कर फुट-फुटकर रोने लगी।

### कृषि मंत्री को बैठा रिक्शा चलाते हुए विधानसभा पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी

# एलपीजी की बढ़ती किल्लत के लिए केंद्र जिम्मेदार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** ईरान-अमेरिका और इजरायल युद्ध के बाद से देश और राज्य में घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती किल्लत का विरोध देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को सत्ताधारी इंडिया ब्लॉक के विधायक-मंत्रियों ने झारखंड विधानसभा के पोर्टिको में जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में भाग लेने के लिए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी रिक्शा चलाकर विधानसभा पहुंचे। उनके रिक्शे पर राजय की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सवार नजर आईं। राज्य में एलपीजी की बढ़ती किल्लत के लिए केंद्र की मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए। सत्ताधारी दल के नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा देश और राज्य की जनता भुगत रही है। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि आज एलपीजी की कमी की वजह से आम लोगों के घरों में खाना नहीं बन रहा है। होटल, रेस्त्रां के साथ साथ विद्यार्थियों के हॉस्टल तक मे खाना नहीं बन रहा है। झारखंड सरकार के मंत्रियों और विधायकों के एलपीजी सिलेंडर को लेकर आज विधानसभा के पोर्टिको में हुए प्रदर्शन को ढोंग करार दिया। उन्होंने एक सुर में कहा कि राज्य में कहीं भी एलपीजी की कोई कमी नहीं है, ये सब जो आज यहां प्रदर्शन कर रहे हैं ये सब बहुत बड़े ठग है। हम राज्य की जनता को भरोसा दिलाते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहते किसी को भी कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने पूरे देश को गुमराह किया है। पूरी अर्थव्यवस्था चौपट हो रही है और देश की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पीएम मोदी को ट्रंप का परमिशन चाहिए। इसका विरोध करते हुए हम रिक्शा से आये हैं। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि देश भयानक स्थिति से गुजर रही है, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की किल्लत है। मुझे एलपीजी ब्लैक में लेना पड़ रहा है। वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि देश की सरकार के कुप्रबंधन के चलते एलपीजी की किल्लत हो गयी है। मंदिरों में भगवान का भोग नहीं बन रहा है और खुद को हिंदूवादी कहने वाले लोग चुप हैं।



### डीएसपीएमयू के नये कुलपति ने ग्रहण किया पदभार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) रांची को शुक्रवार को नया नेतृत्व मिल गया। प्रोफ़ेसर डॉ राजीव मनोहर ने विश्वविद्यालय के नए कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने विश्वविद्यालय में लंबे समय से चल रहे गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के आंदोलन को लेकर सकारात्मक संकेत दिए जिससे कर्मचारियों के बीच समाधान की उम्मीद जगी है। पदभार ग्रहण के मौके पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ धनंजय द्विवेदी मौजूद रहे। उन्होंने नए कुलपति का बुके देकर स्वागत किया और विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में पिछले करीब 25 दिनों से कर्मचारी एमएसीपी सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# भाजपा विधायकों ने विस परिसर में की जमकर नारेबाजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के दौरान प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने सरकार के कामकाज से खफा होकर विधानसभा परिसर में जमकर नारेबाजी की। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने इस दौरान छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है। कल्याण विभाग के द्वारा छात्रों को लंबे समय से छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही है और सरकार चुप बैठी है। इसी तरह से मंईयां सम्मान योजना के जरिए महिलाओं को ठगा गया है। बड़ी संख्या में पहले महिलाओं को प्रलोभन दिया गया कि उन्हें योजना का लाभ मिलेगा, फिर बाद में उनका नाम काट दिया गया। कुल मिलाकर सरकार में महिलाओं और



छात्रों को ठगने का काम किया है। हेमंत सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहीं भाजपा नेत्री और विधायक पूर्णिमा दास ने कहा कि छात्रवृति को लेकर छात्र परेशान हैं लेकिन राज्य सरकार चुप्पी साधे बैठी है। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग के द्वारा जो एससी और एसटी छात्रों को छात्रवृति दी जाती है उसकी पूरी राशि राज्य को देना है, ना कि उसमें केन्द्रांश है। ऐसे में राज्य सरकार झूठ बोलकर केंद्र पर दोष मढ़कर छात्रों के साथ धोखाधड़ी कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को यह बताना होगा कि आखिर समय पर परीक्षा क्यों आयोजित नहीं की जा रही है और छात्रों की परेशानी क्यों नहीं दूर की जा रही है। पूर्णिमा दास ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल और एलपीजी सिलेंडर को लेकर प्रदर्शन कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। इन्हें थोड़ा भी सामान्य ज्ञान नहीं है कि जब युद्ध चलता है तो देश प्रभावित होता है, लेकिन भारत ने तैयारी कर रखी है। भाजपा विधायक ने कहा कि इन्होंने जो वादा किया था कि 450 रुपये में गैस सिलेंडर देंगे उसे वह भूल गए। इन्हें बोलने का कोई अधिकार नहीं है कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं। दुनिया के सभी देशों में दाम बढ़े हैं और अपने यहां अभी नहीं बढ़ा है। विधायक पूर्णिमा दास ने राज्य सरकार के द्वारा खरीद की गई पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब से ये गाड़ियां खरीदी गई है उसका इस्तेमाल सिर्फ सरकार प्रचार-प्रसार के लिए कर रही है। गाड़ियों को बेवजह सड़कों पर दौड़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सिर्फ और सिर्फ राज्य की महिलाओं, छात्रों, युवाओं और किसानों को ठगने का काम किया है।

# अस्पताल में शव रोकने के मामले में विधायक रागिनी सिंह ने सरकार को घेरा


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को धनबाद के एक निजी अस्पताल में शव रोके जाने के कथित मामले को लेकर सदन में तीखी चर्चा हुई। झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने मुद्दा उठाते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया। सदन में सूचना के माध्यम से मामला रखते हुए विधायक ने बताया कि धनबाद जिले के जामाडोबा, झरिया निवासी गुड्डू सिंह उर्फ संजीत सिंह एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। विधायक ने कहा कि सरकार की ओर से अक्सर यह कहा जाता है कि किसी मरीज की मौत के बाद अस्पताल अतिरिक्त शुल्क नहीं ले सकते। साथ ही शव परिजनों को सौंप दिया जाता है लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग दिखाई देती है। विधायक ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि यदि मंत्री यह कहते हैं कि मृत्यु के बाद किसी प्रकार का भुगतान नहीं लिया जाता तो फिर असर्फी अस्पताल ने परिजनों से पैसे की मांग क्यों की। आरोप है कि भुगतान किए बिना शव नहीं सौंपा जा रहा था। विधायक रागिनी सिंह ने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए कहा कि अगर ऐसा कोई नियम है तो उसका पालन सुनिश्चित क्यों नहीं कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने पूछा कि यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो सरकार संबंधित अस्पताल के खिलाफ क्या कार्रवाई करेगी। विधायक ने कहा कि किसी परिवार के लिए अपनों को खोने का दुख ही सबसे बड़ा होता है। ऐसे समय में अस्पतालों द्वारा पैसे के लिए शव रोकना बेहद अमानवीय और संवेदनहीन व्यवहार है।

# विधानसभा में गूंजा प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति का मामला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति का मामला गूंज उठा। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने इस मुद्दे को उठाते हुए सवाल किया कि आखिर झारखंड के विश्वविद्यालयों में कुलपति पद के लिए बाहर के शिक्षाविदों को प्राथमिकता क्यों दी जा रही है। क्या झारखंड में ऐसे योग्य शिक्षाविदों की कमी हो गई है जो इन विश्वविद्यालयों का नेतृत्व कर सकें? यह सवाल अब राजनीतिक और शैक्षणिक दोनों ही हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल 10 मार्च को कुलाधिपति सह राज्यपाल की ओर से तीन विश्वविद्यालयों में नए कुलपतियों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई थी। इसके तहत प्रो राजीव मनोहर को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) रांची, प्रो ईला कुमार को महिला विश्वविद्यालय जमशेदपुर और अभय कुमार सिंह को झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों को लेकर विधानसभा में सवाल उठाए गए। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि यह समझ से परे है कि झारखंड के विश्वविद्यालयों में कुलपति पद के लिए बाहर के लोगों को क्यों चुना जा रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या झारखंड के शिक्षाविदों ने इन पदों के लिए आवेदन नहीं किया था। अगर आवेदन किया था तो क्या सर्च कमेटी ने उनकी अनुशंसा नहीं की। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या झारखंड के विद्वान इन पदों के योग्य नहीं हैं। प्रदीप यादव ने कहा कि यह स्थिति राज्य की अबुआ दिशोम की भावना के भी विपरीत है और सरकार को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए। हालांकि इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि को समझने पर कई प्रशासनिक और संरचनात्मक कारण सामने आते हैं। झारखंड के विश्वविद्यालयों में कुलपति बनने के लिए यूजीसी विनियम 2018 और झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2000 के तहत कुछ निर्धारित योग्यताएं तय हैं। इसके अनुसार कुलपति पद के लिए उम्मीदवार का प्रतिष्ठित शिक्षाविद होना जरूरी है। साथ ही उसे किसी विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवार की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए और चयन प्रक्रिया सर्च कमेटी के माध्यम से पूरी होती है। इसके बाद राज्य सरकार के परामर्श से कुलाधिपति यानी राज्यपाल द्वारा नियुक्ति की जाती है। झारखंड के विश्वविद्यालयों की स्थिति यह है कि यहां बड़ी संख्या में शिक्षक वर्षों से असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर ही कार्यरत हैं। समय पर प्रमोशन नहीं होने के कारण कई शिक्षकों को प्रोफ़ेसर बनने का अवसर ही नहीं मिल पाया। ऐसे में वे कुलपति पद के लिए निर्धारित न्यूनतम अहर्ता पूरी नहीं कर पाते। विश्वविद्यालय से जुड़े कई शिक्षाविदों का कहना है कि यही सबसे बड़ा कारण है कि राज्य के शिक्षकों की दावेदारी कमजोर पड़ जाती है। रांची विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्राध्यापक और यूनिवर्सिटी प्रोफ़ेसर संघ से जुड़े डॉ कंजीव लोचन का कहना है कि झारखंड में कुलपति नियुक्ति की अहर्ताएं काफी जटिल हैं। इसके साथ ही यहां टाइम-बाउंड प्रमोशन की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि कई शिक्षक पिछले 20 वर्षों से असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर ही काम कर रहे हैं जबकि नियमानुसार उन्हें समय पर प्रोफ़ेसर के पद पर पदोन्नति मिलनी चाहिए थी। यूनिवर्सिटी प्रोफ़ेसर संघ के सचिव डॉ राजकुमार भी मानते हैं कि यदि शिक्षकों को समय पर प्रमोशन मिले तो झारखंड के कई शिक्षाविद कुलपति पद के लिए पात्र हो सकते हैं।



C M Y K

# जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति डीएलएमसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करना तथा चयनित एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत विपत्रों का मूल्यांकन कर उनके अनुमोदन पर विचार करना था बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ तथा समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।




इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के तहत एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए, इसके लिए एजेंसियों की जवाबदेही तय करना बेहद आवश्यक है उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि योजनाओं का उद्देश्य पूरी तरह से पूरा हो सके। बैठक में चयनित एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर प्रस्तुत विपत्रों का बिंदुवार मूल्यांकन भी किया गया। तकनीकी पदाधिकारियों ने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और मानकों के अनुरूपता की जानकारी दी समिति के सदस्यों ने प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच कर यह सुनिश्चित किया कि कार्य निर्धारित मानकों और दिशा-निदेशों के अनुरूप हैं या नहीं। संतोषजनक पाए जाने पर कई विपत्रों को अनुमोदन प्रदान किया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक सुधार एवं स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एजेंसियों को कार्यों के निष्पादन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित विभागों को समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर कार्यों की निगरानी करने को कहा गया। बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य योजनाओं के माध्यम से जनता को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी विभागों और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए, ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतों और समस्याओं को लेकर पहुंचे। जनता दरबार में भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, बिजली, पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य जनहित से जुड़ी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही जांच कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव है, उन्हें तत्काल निपटाया जाए, जबकि जिन मामलों में जांच की आवश्यकता है उनमें शीघ्र जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।




उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी परेशानी के मिलना चाहिए इस अवसर पर उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी सरकारी योजना से संबंधित कोई समस्या या शिकायत हो, तो वे बिना संकोच प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखें। जिला प्रशासन हमेशा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता और तेजी आती है। जनता दरबार में कई लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि कुछ मामलों में संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को समय पर न्याय और सुविधा मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा कॉलेज में जिलास्तरीय सीनियर रग्बी फुटबॉल चयन ट्रायल का सफल आयोजन

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के तत्वावधान में शुक्रवार को नालंदा कॉलेज ग्राउंड में जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला रग्बी फुटबॉल चयन ट्रायल सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। चयन ट्रायल प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 5 दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने खेल- कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए प्राचार्या डॉ. प्रो. सुनीता सिन्हा ने खिलाड़ियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास और उसके संतुलन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के महासचिव रेंसी राकेश राज ने कहा कि इस चयन ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में नालंदा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर बीएड विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार एवं कॉलेज के पीटीआई दिलीप कुमार पटेल भी मौजूद थे।



चयन ट्रायल में निर्णायक के रूप में सौरभ कुमार, अनिरुद्ध कुमार एवं सुधांशु कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चयन समिति द्वारा ट्रायल के बाद पुरुष एवं महिला वर्ग की जिला टीम की घोषणा की गई। महिला टीम में चुनचुन कुमारी (कप्तान), रेशम कुमारी, कोमल कुमारी, खुशी कुमारी, निकिता कुमारी (उप-कप्तान), प्रिया कुमारी, अर्चना कुमारी, मुस्कान राज, चांदनी कुमारी, धर्मशीला कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं स्वेता शाही तथा पुरुष टीम में शेखर कुमार (कप्तान), रितेश रंजन, राजू कुमार, बजरंगी कुमार (उप-कप्तान), राजन कुमार, प्रिंस कुमार, गोलू कुमार, आकाश कुमार आर्य, सुधांशु कुमार, नंदन कुमार, विक्रम कुमार एवं प्रमानंद कुमार शामिल हैं। प्रतियोगिता के अंत में रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा की ओर से सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गई।

### प्रारंभिक परीक्षा के आयोजन को लेकर ब्रीफिंग

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** सिविल न्यायालय में अटेंडेंट एवं पिउन पदों पर नियुक्ति हेतु 15 मार्च को प्रारंभिक परीक्षा के सफल आयोजन हेतु टाउन हॉल, बिहार शरीफ में संबंधित केंद्राधीक्षकों, पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया । जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता ( विभागीय जांच ) रंजन कुमार चौधरी ने किया। बिहारशरीफ जिला मुख्यालय अंतर्गत 34 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई है । स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु 34 केंद्र प्रेक्षक सह - स्टैटिक



दंडाधिकारी, 34 जोनल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गए हैं। प्रारंभिक परीक्षा दो पाली में (प्रथम पाली 10.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्यान्ह तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 02.00 बजे से 04.00 बजे अपराह तक) लिया जाना है। जिसमें 23940 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र ऑब्जर्वर एवं एक स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त वातावरण में आयोजन को लेकर प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है जो लगातार विभिन्न सम्बद्ध परीक्षा केंद्रों के बीच भ्रमणशील रहते हुए स्वच्छ , निष्पक्ष परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएंगे। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश का समय प्रथम पाली के लिए पुर्वाहन 08.30 बजे से 09.30 बजे पुर्वाहन तक एवं द्वितीय पाली के लिए अपराह्न 12:30 बजे से 01.30 बजे अपराहन तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित प्रवेश के समय के बाद आने वाले किसी भी परीक्षाथी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में परीक्षा हॉल /कक्ष में मोबाइल फोन/ किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गजट के साथ परीक्षार्थियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के 500 गज परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सफलता को लेकर बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय परिसर से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों और गांवों में जाकर लोगों को लोक अदालत के महत्व और लाभ के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही लंबित मामलों को आपसी समझौते के आधार पर निपटाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने बताया कि वर्ष 2026 की यह पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य जिले के अंतिम व्यक्ति तक यह संदेश पहुंचाना है कि लोक अदालत के माध्यम से



लोग अपने मामलों का निःशुल्क, सरल और त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में मामलों का निपटारा आपसी सहमति और समझौते के आधार पर किया जाता है, जिससे लोगों को समय और धन दोनों की बचत होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय में 12 बेंच तथा हिलसा अनुमंडल में 9 बेंच का गठन किया गया है। इन बेंचों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत के लिए पहले से ही कई मामलों की पहचान कर ली गई है। जानकारी के अनुसार बिहारशरीफ में 3786 मामलों और हिलसा अनुमंडल में 1382 मामलों को चिन्हित किया गया है। इस प्रकार कुल 5168 मामलों को लोक अदालत में निष्पादन के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

# शांतिपूर्ण माहौल में चल रहा है स्टेट बार काउंसिल का चुनाव, ९०० से अधिक अधिवक्ता करेंगे मतदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** स्टेट बार काउंसिल का चुनाव आज पूरे राज्य में शांतिपूर्ण माहौल में चल रहा है. गिरिडीह में भी अधिवक्ता संघ भवन में चुनाव पदाधिकारियों की मौजूदगी में सुबह दस बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है, यह मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा. इस बाबत जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश सहाय और महासचिव चुन्नुकांत ने बताया की स्टेट बार काउंसिल का चुनाव आज पूरे राज्य में हो रहा है।



गिरिडीह में भी चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सुबह दस बजे से शुरू हो गया है जो शाम पांच बजे तक चलेगा। बताया गया कि इस चुनाव में गिरिडीह के कुल ९०० से अधिक अधिवक्ता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। शाम पांच बजे के बाद मतदान खत्म होने के बाद सभी बैलेट बॉक्स को सील कर रांची स्टेट बार काउंसिल भेज दिया जाएगा।

# सीएनटी जमीन पर फर्जी कागजात बनाकर कब्जा करने का आरोप, उपायुक्त से की कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** धनवार प्रखंड अंतर्गत घोड़थम्भा ओपी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डुमरडीहा के मौजा धमला सरकवाटांड में सीएनटी जमीन पर फर्जी कागजात बनाकर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में रामदेव प्रसाद ने उपायुक्त गिरिडीह को आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है रामदेव प्रसाद पिता स्व. लोकन हजाम ने बताया कि मौजा धमला सरकवाटांड में खाता संख्या 05 प्लॉट संख्या 386 रकबा 10 डीसमील जमीन उन्हें 13 जुलाई 1989 से प्राप्त है।

उक्त जमीन का म्यूटेशन भी उनके नाम से है और मालगुजारी रसीद भी नियमित रूप से कट रही है।आरोप है कि मोहम्मद हारून रशीद पिता मो. इसराइल मो. असलम पिता स्व. मो. यूनुस अलताफ अंसारी पिता मंजूर अंसारी सभी निवासी गलवांती थाना धनवार जिला गिरिडीह, मो. गन्नी पिता मो. इसाक निवासी माधोपुर थाना धनवार तथा मो. शमसुद्दीन पिता स्व. हनीफ मियां निवासी बसगी पोस्ट तारानाखो थाना धनवार जिला गिरिडीह द्वारा फर्जी कागजात बनाकर उक्त सीएनटी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है रामदेव प्रसाद ने आरोप लगाया कि उक्त जमीन को अब तक चार बार बेचा जा चुका है और हर बार बिक्री के दौरान जमीन की चौहद्दी भी बदली गई है इस मामले को लेकर रामदेव प्रसाद ने शुक्रवार को उपायुक्त से मुलाकात कर आवेदन सौंपा और कथित भू-माफियाओं के खिलाफ शीघ्र कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव के द्वारा प्रखंड कार्यालय गिरिडीह स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

उपायुक्त ने सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रखरखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा परिसर का



अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, बीयू हॉल, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनरेटर रूम, तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं तथा कमरों के सीलिंग आदि का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने के निर्देश दिए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, बहुजन समाजवादी पार्टी, बीजेपी, एनपीपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आजसू, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राजद समेत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जमुआ में कृषि मंडी व आधुनिक कोल्ड स्टोरेज की स्थापना की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र की विधायक मंजु कुमारी ने विधानसभा में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए जमुआ में कृषि मंडी तथा उच्च क्षमता वाले आधुनिक कोल्ड स्टोरेज की स्थापना की मांग सरकार से की है उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ विधानसभा क्षेत्र एक प्रमुख कृषि प्रधान इलाका है, जहां बड़ी संख्या में किसान सब्जी, फल एवं अन्य फसलों का उत्पादन करते हैं। लेकिन क्षेत्र में कृषि मंडी और



समुचित भंडारण सुविधा के अभाव में किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।


विधायक मंजु कुमारी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जमुआ विधानसभा क्षेत्र में कृषि मंडी तथा उच्च क्षमता वाले आधुनिक कोल्ड स्टोरेज की स्थापना की जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके और उन्हें अपनी फसलों के सुरक्षित भंडारण की सुविधा भी उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए यह कदम बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि जमुआ के किसानों के अधिकार और हितों की आवाज वह सदन में लगातार उठाती रहेंगी।

# अलविदा जुम्मा पर अदा की गई विशेष नमाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** रमजान के पवित्र महीने में आज अलविदा जुम्मा के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की और देश में अमन-चैन, भाईचारे व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी इस अवसर पर झामुमो महानगर उपाध्यक्ष नौशाद अहमद चांद ने कहा कि अलविदा जुम्मा मुसलमानों के लिए बेहद खास और महत्वपूर्ण दिन होता है।

रमजान के आखिरी अशरे में 23, 25, 27 और 29वीं रातों को विशेष रूप से इबादत की जाती है, जिसे बड़ी फजीलत वाली रातें माना जाता है।उन्होंने कहा कि इन दिनों में मुस्लिम



समुदाय के लोग रातभर इबादत करते हैं और अल्लाह से रहमत, बरकत और मगफिरत की दुआ मांगते हैं। आज अलविदा जुम्मा की नमाज अदा कर लोगों ने अपने मुल्क हिंदुस्तान की तरक्की, शांति और भाईचारे के लिए भी दुआएं कीं इस मौके पर लोगों में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। रमजान के अंतिम दिनों में इबादत और दुआओं का सिलसिला जारी है।

# समाहरणालय परिसर में पोस्ट ऑफिस का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** समाहरणालय परिसर में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नए पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने विधिवत फीता काटकर डाकघर का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी तथा डाक विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।इस नई सुविधा के शुरू होने से समाहरणालय में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों और यहां आने वाले आम नागरिकों को डाक सेवाओं का लाभ एक ही परिसर में मिल सकेगा उद्घाटन के दौरान उपायुक्त ने कहा कि डाकघर केवल पत्रों के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं है,





बल्कि यह लोगों को कई प्रकार की वित्तीय और सरकारी सेवाएं भी उपलब्ध कराता है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी डाक विभाग अपनी विश्वसनीय सेवाओं के कारण आम जनता के बीच मजबूत स्थान बनाए हुए है उपायुक्त ने कहा कि समाहरणालय परिसर में पोस्ट ऑफिस खुलने से सरकारी कार्यों में भी सुविधा होगी और कर्मचारियों को डाक संबंधी कार्यों के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया कि पोस्ट ऑफिस के माध्यम से स्पीड पोस्ट रजिस्ट्री मनी ऑर्डर बचत खाता डाक जीवन बीमा सुकन्या समृद्धि योजना सहित कई महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इससे कर्मचारियों के साथ-साथ समाहरणालय आने वाले लोगों को भी एक ही स्थान पर कई सेवाएं मिल सकेंगी उन्होंने डाक विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस पोस्ट ऑफिस के माध्यम से लोगों को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो इस दौरान डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग लगातार अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए नए पोस्ट ऑफिस खोले जा रहे हैं। समाहरणालय में पोस्ट ऑफिस की स्थापना से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और लोगों को भी डाक सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने पोस्ट ऑफिस के विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को समय पर और पारदर्शी सेवाएं देना प्रशासन की प्राथमिकता है और पोस्ट ऑफिस में आने वाले हर व्यक्ति को सम्मानजनक व्यवहार तथा बेहतर सेवा मिलनी चाहिए इस मौके पर समाहरणालय के कई पदाधिकारी, डाक विभाग के अधिकारी-कर्मी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# रांची एयरपोर्ट पर आपदाओं से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा मुंडा हवाईअड्डा, रांची में संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए शुक्रवार को विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास तीन दिवसीय सीबीआरएन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत किया गया, जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने एयरपोर्ट से जुड़ी विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर आपदा प्रबंधन की प्रक्रिया का अभ्यास किया।

यह मॉक ड्रिल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल के पास शुरू हुआ। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी संभावित रेडियोलॉजिकल या अन्य सीबीआरएन आपदा की स्थिति में हवाईअड्डा प्रशासन और संबंधित एजेंसियों की तत्परता, समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को परखना और उसे और मजबूत बनाना था।

अभ्यास के दौरान एक काल्पनिक स्थिति तैयार की गई, जिसमें यह दिखाया गया कि एयरपोर्ट परिसर में रेडियोएक्टिव पदार्थ से जुड़ी आपदा की आशंका उत्पन्न हो गई है। इस स्थिति में सुरक्षा एजेंसियों और आपदा प्रबंधन टीमों को तुरंत सक्रिय किया गया। इसके बाद घटनास्थल को सुरक्षित करने, प्रभावित क्षेत्र को घेरने और राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

मॉक ड्रिल में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारी और कर्मचारी, एनडीआरएफ, सीआइएसएफ, एयरलाइंस कंपनियों के प्रतिनिधि, कार्गो विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी टीमों ने मिलकर आपदा की स्थिति में अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं और समन्वय की कार्यप्रणाली का अभ्यास किया। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम ने यह भी दिखाया कि रेडियोएक्टिव या अन्य खतरनाक पदार्थों से जुड़ी स्थिति में किस तरह विशेष सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुए प्रभावित क्षेत्र में प्रवेश किया जाता है और स्थिति को नियंत्रित किया जाता है। साथ ही, संभावित रूप से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया गया।

एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार, इस तरह के मॉक अभ्यास का उद्देश्य केवल आपदा से निपटने की क्षमता को परखना ही नहीं, बल्कि सभी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना भी है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में अलग-अलग विभागों और एजेंसियों का समन्वय बेहद महत्वपूर्ण होता है, इसलिए समय-समय पर ऐसे अभ्यास आयोजित किए जाते हैं।

अधिकारियों का कहना है कि हवाईअड्डे जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को हमेशा उच्च स्तर पर बनाए रखना जरूरी होता है। मॉक ड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि यदि भविष्य में कभी ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो सभी एजेंसियां त्वरित और प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकें। इस अभ्यास के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था, ताकि वे पूरे मॉक ड्रिल की प्रक्रिया को करीब से देख सकें और आम लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचा सकें। अधिकारियों ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए सुरक्षा बलों और संबंधित एजेंसियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## पतेया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंटः सदर मदनपुर ने जीता खिताब



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के पतेया खेल मैदान में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में सदर मदनपुर की टीम ने बलियारी को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बलियारी ने 12 ओवर में आठ विकेट पर 92 रन बनाए। जवाब में सदर मदनपुर की टीम ने 11 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सुमित कुमार ने शानदार 50 रन बनाते हुए मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीता। मुख्य अतिथि प्रफुल्ल कुमार सिंह ने विजेता टीम को शील्ड व 5100 रुपये तथा उपविजेता को शील्ड व 2100 रुपये देकर

# अलविदा जुमे पर छह वर्षीय यासिर अब्बास उर्फ अदनान ने रखा पहला रोजा

## अमन-चैन की मांगी दुआ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पवित्र रमजान माह के अंतिम जुमे अलविदा के मौके पर औरंगाबाद में एक नन्हे रोजेदार ने सबका ध्यान आकर्षित किया। बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक मूल संघ औरंगाबाद के जिला कोषाध्यक्ष कैसर नवाब के छह वर्षीय पुत्र यासिर अब्बास उर्फ अदनान, जो कक्षा 1 के छात्र हैं, ने आज अपना पहला रोजा रखा। इस अवसर पर कैसर नवाब ने कहा कि रमजान इस्लामिक कैलेंडर का पवित्र नौवां महीना होता है, जिसमें मुसलमान 29 से 30 दिनों तक सूर्योदय से सूर्यास्त तक रोजा रखते हैं। इस दौरान लोग नमाज अदा करते हैं, कुरान शरीफ का



पाठ करते हैं तथा जरूरतमंदों को जकात और सदका देकर मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना आत्म-संयम, इबादत और आत्मशुद्धि का समय होता है, जो इंसान को रूहानी तरक्की और अल्लाह से माफी की राह दिखाता है। नन्हे रोजेदार यासिर अब्बास उर्फ अदनान ने भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ अपना पहला रोजा रखा। इस मौके पर बच्चे ने ईश्वर से दुआ करते हुए विश्व में चल रहे युद्ध को जल्द समाप्त होने, देश में अमन-शांति, तरक्की और आपसी भाईचारे की कामना की। परिवार और आसपास के लोगों ने बच्चे के इस संकल्प की सराहना करते हुए उसे आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रमजान के पवित्र माह में छोटे बच्चों द्वारा रोजा रखने की परंपरा समाज में धार्मिक संस्कार और अनुशासन का संदेश भी देती है।

# रांची में 108 एम्बुलेंस के कर्मचारियों का हल्लाबोल, विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की लाइफलाइन कहे जाने वाली 108 एम्बुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने शुक्रवार को रांची के डोरंडा स्थित श्रम भवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। आंदोलनकारी एम्बुलेंसकर्मियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनका लगातार शोषण हो रहा है। उनकी सुध कोई नहीं ले रहा है, उन्होंने जल्द से जल्द उनकी मांगों पर विचार करने की अपील की।

**विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन**

इस बीच प्रदर्शनकारियों ने बेवजह की वेतन कटौती, भ्रष्टाचार और बकाया भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ, झारखंड (सम्बद्ध–भारतीय मजदूर संघ) के नेतृत्व में



108 एम्बुलेंस कर्मचारी श्रम भवन, डोरंडा रांची के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया और प्रदर्शन किया। अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की। संघ के नेताओं ने कहा कि राज्य में 108 एम्बुलेंस सेवा के हजारों कर्मचारी दिन-रात आम जनता की सेवा में लगे रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कई कर्मचारियों के वेतन में मनमाने ढंग से कटौती की जा रही है। लंबे समय से उनका बकाया भुगतान भी नहीं किया गया है। इतना ही नहीं, कर्मचारियों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं जैसे EPF और ESIC भी श्रम विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार सुनिश्चित नहीं की जा रही है।

# रामनवमी में डीजे पर रोक स्वीकार नहीं, हर हाल में बजेगा डीजेः सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** झारखंड में त्योहारों के दौरान डीजे बजाने को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। संभावित प्रतिबंध को लेकर पहले ही विधानसभा में पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी बहस हो चुकी है। इसी बीच धनबाद से भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने राज्य सरकार से डीजे पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग की है। सांसद ने साफ कहा है कि रामनवमी के मौके पर हर हाल में डीजे बजाया जाएगा, डीजे बजाने पर कोई रोक नहीं लगा सकता है।

शुक्रवार को धनबाद स्टेशन पर सांसद दुल्लू महतो पोत्तनूर–धनबाद



अमृत भारत एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान मीडिया बातचीत करते हुए उन्होंने रामनवमी के दौरान डीजे पर संभावित रोक का कड़ा विरोध जताया। सांसद ने कहा कि रामनवमी सनातन धर्म का महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है, जिसे लोग वर्षों से पारंपरिक तरीके से मनाते आ रहे हैं। ऐसे में सरकार को धार्मिक आयोजनों में बेवजह दखल देने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आस्था से जुड़े कार्यक्रमों पर पाबंदी लगाना उचित नहीं है और लोगों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। भाजपा सांसद ने कहा कि सनातन का विरोध करने वालों को सावधान कर देना चाहता हूं, धर्म से कोई भी टकराया है, वह बच नहीं सका है। इतिहास गवाह है जब जब धर्म से अधर्म टकराया है, उसका विनाश हुआ है। सांसद ने कहा कि वो सीएम हेमंत सोरेन से आग्रह करते हैं कि डीजे पर प्रतिबंध मत लगाइए। धर्म से छेड़छाड़ मत करिए और डीजे बजाने दीजिए।

# कलयुगिया बहु ने सास के साथ की मारपीट, लगाई न्याय की गुहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर-ए में शुक्रवार को एक कलयुगिया बहु ने सास के साथ जमकर मारपीट की। बहु से मार खाने के बाद सास रोती-बिलखती थाना आकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता हरदिया सेक्टर-ए निवासी कृष्णा सिंह की पत्नी आशा देवी ने रोती हुई बताई कि उसकी छोटी बहु रानी देवी द्वारा घर व जमीन को जबरन अपने नाम करने को लेकर दवाब बनाते रहती है। उन्होंने कहा कि उनके तीन बेटे संजय,रंजीत और संजीत हैं,जिसमें संजय व रंजीत बाहर रहकर कमाता है एवं छोटा बेटा संजीत ट्रक चलाता है। बीते गुरुवार की रात्रि को छोटा बेटा और बहु आपस में झगड़ा की थी,जब शुक्रवार को छोटा बेटा ट्रक लेकर बाहर निकल गया,तो बहु द्वारा मुझे और मेरी बेटी



को खूब गाली गलौज किया गया। जब बहु को गाली गलौज करने से मना किया गया,तो उसने मेरे टूटे हुए हाथ को ऐंठ दी और सीने में जोर से मारपीट करने लगी। आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद झगड़ा शांत हुआ। पीड़िता सास ने कही कि वह अपने छोटी बहु से अलग रहकर खाना पीना बनाती है,इसके बावजूद जमीन अपने नाम लिखवाने को लेकर अक्सर गाली-गलौज व मारपीट की जाती है। पीड़िता सास ने थाने को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि पीड़िता वृद्ध सास द्वारा लिखित आवेदन मिला है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# पतेया नाईट क्रिकेट टूर्नामिंट के फाइनल में सदर मदनपुर टीम की शानदार जीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के पतेया मैदान में गुरुवार को नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। मुख्य अतिथि बेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह सहित रहे। फाइनल मैच बलियारी व मदनपुर सदर की टीम के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। फाइनल मैच में बलियारी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बलियारी की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में आठ विकेट खोकर 92 रन बनाकर सदर मदनपुर की टीम को 93 रनों का लक्ष्य दिया। जवारी पारी खेलने उतरी सदर मदनपुर की टीम 11 ओवर में ही पांच विकेट खोकर मैच को जीत लिया। इस तरह सदर मदनपुर की टीम ने पांच विकेट से बलियारी को पराजित कर शील्ड पर अपना कब्जा जमाया। वहीं मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को बड़ा शील्ड व 5,1०० रुपये देकर सम्मानित किया। वहीं उप विजेता टीम के खिलाड़ियों




को छोटा शील्ड व 2,100 रुपये देकर सम्मानित किया। वहीं मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सिरिज का पुरस्कार सदर मदनपुर टीम के सुमित कुमार को दिया गया। सुमित ने शानदार 50 रनों की पारी खोली। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि लग के साथ किया हुआ कार्य से अवश्य सफलता मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के क्रिकेट के आयोजन से खिलाड़ियों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा निखरती है। उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को कहा कि खेल में हार जीत लगा रहता है। इससे मायूस होने की जरूरत नहीं है बल्कि अगले खेल के प्रति और भी ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। इस मौके पर कमेटी के सदस्य विकास सिंह, मयंक सिंह, बिट्टु सिंह, दक्ष्य सिंह, शुभम सिंह, निखिल सिंह, दिल्ली जीमखाना के कोच सोनू केएसपी, ग्रामीण रिंटू सिंह, धनंजय सिंह, दामोदर सिंह चंद्रवंशी, विजय सिंह, पंचम सिंह, शिव प्रसाद, रोहित सिंह चंद्रवंशी, अंकित चंद्रवंशी, राजा ठाकुर, सुनील मालाकार, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, चिंटू सिंह, सोनू सिंह, विजय सिंह सहित मौजूद रहे।

## 15 व 16 को होगा मार्च मां जौहरीया शक्ति महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के तेलडीहा में मां जौहरीया शक्ति महोत्सव दो दिवसीय पंद्रह व सोलह मार्च को आयोजन किया जाएगा जिसमें भक्ति भाव से पूजा अर्चना के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आगाज होगी। महोत्सव का आयोजन मां जौहरीया शक्ति महोत्सव समिति तेलडीहा के तत्वावधान में किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। समिति के वरीय कार्यकर्ता विनय कुमार सिंह ने बताया कि 15 मार्च को मां जौहरीया की सुबह 8 बजे से 10 बजे तक इसके बाद 11 बजे सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन होगा। स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति रात्रि में झांकी और जागरण कार्यक्रम की आगाज होगी। 16 मार्च 11 बजे स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति इसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन होगा। रात में झांकी प्रदर्शन व भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं भक्तों और दर्शकों की भीड़ उमड़ की संभावना है। सारी व्यवस्थाएं की किए जा रहे हैं।

# स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल मुहैया कराने एवं स्वच्छता को लेकर की गई बैठक, दिए गए आवश्यक निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल मुहैया एवं स्वच्छता को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोहिया स्वच्छ अभियान के जिला समन्वयक अविनाश कुमार सिन्हा, बीडीओ संजीव झा, बीसीओ सह प्रभारी बीईओ राकेश कुमार व जीविका बीपीएम मनीष कुमार के साथ अन्य लोग मौजूद रहे। बैठक के दौरान स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला समन्वयक ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारन, हरदिया एवं बहादुरपुर में पेयजल की गुणवत्ता व निगरानी के साथ साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही है। इसमें पंचायतीराज, पीएचईडी, ग्रामीण विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहने की बात कही है। बैठक में बताया गया कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें लोगों को स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया जाएगा। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर विभाग की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं जीविका बीपीएम मनीष कुमार ने बताया कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर जीविका की ओर से भी कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें लोगों को स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया जा रहा है।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/4/हावड़ा। ई-निविदा सं.: 301_2025-26, दिनांक 12.03.2026, कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन 2 वर्षों की अवधि के लिए एसएसई/पी.वे/बीएचपी, एसएसई/पी.वे/एसएनटी, एसएसई/पी.वे/आरपीएच के अंतर्गत नियमित आधार पर विभिन्न ट्रैक तथा अन्य रेलवे सामग्रियों की लोडिंग, अनलोडिंग एवं परिवहन सहित वाहन किराए पर लेना। **अनुमानित लागतः** रु. 58,19,342.44; **बयाना राशिः** रु. 1,16,400। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 24 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 06.04.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणीः आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-687/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: X @EasternRailway f @easternrailwayheadquarter


## भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने मो० एकलाख खान को किया सम्मानित

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं ने बिहार प्रदेश महासचिव मो० एकलाख खान को उनके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-माला पहनाकर अभिनंदन किया और उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में एएसपी हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष विशाल कुमार, अमित कुमार, हंसराज कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मो० एकलाख खान लगातार समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद लोगों की आवाज बुलंद करते रहे हैं। उनके सामाजिक सरोकार और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

# छात्रों ने किया राजगीर-पावापुरी सहित ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत इंटर विद्यालय आती के चयनित विद्यार्थियों को शैक्षणिक परिभ्रमण पर ले जाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने राजगीर, पावापुरी, कुंडल पूर और नालंदा सहित कई ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया।

इस परिभ्रमण कार्यक्रम के लिए वैसे विद्यार्थियों का चयन किया गया जो विद्यालय में नियमित रूप से सबसे अधिक उपस्थित रहते हैं, खेल के क्षेत्र में बेहतर उपलब्धि हासिल कर चुके हैं तथा स्काउट एंड गाइड गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस पहल को विद्यालय का एक नवाचार माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य अन्य विद्यार्थियों को भी नियमित उपस्थिति और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार के निर्देशन में शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा के नेतृत्व में कुल 45 विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें परिभ्रमण का अवसर दिया गया। परिभ्रमण दल के साथ भारोत्तोलन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अरविंद कुमार और शिक्षक अनिल किशोर प्रसाद भी मौजूद रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त की और शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को भी करीब से जाना।


**ई-नीलामी के जरिए द. पू. रेलवे की रद्दी सामग्रियों की बिक्री**

सं.: एसईआर/एचक्यू-एसटीओआर0सेल(डीएसपीएल)/1/2025-26-सेल/7 दिनांक: 13.03.2026

**अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम**

| मंडल | अतिरिक्त ई-नीलामी की तारीख |
|---|---|
| आद्रा मंडल | दिनांक 19.03.2026, 25.03.2026 एवं 27.03.2026 |

**वि.द्र.: ई-नीलामी अनुसूची एवं कैटलॉग** के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइटः **www.ireps.gov.in/e-Auction** देखें।

(PR-1304) प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

### बढ़ती महंगाई और गैस किल्लत को लेकर

## विस के बाहर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन शुक्रवार को एलपीजी की किल्लत और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के मुद्दे पर कांग्रेस के मंत्री और विधायकों ने विधानसभा परिसर के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया।इस दौरान महागठबंधन के कई नेता और विधायक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। नेताओं ने महंगाई और ईंधन संकट को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सरकार से समाधान की मांग की।प्रदर्शन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी अलग अंदाज में विधानसभा पहुंचे। वे रिक्शा चलाकर विधानसभा परिसर तक आए, जबकि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की उसी रिक्शा पर बैठी हुई थीं। नेताओं ने इस प्रतीकात्मक तरीके से विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई और ईंधन संकट का असर आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने केंद्र की आलोचना करते हुए कहा कि देश की जनता गंभीर संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि गैस की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है। इसका सीधा प्रभाव आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। उनके अनुसार आज कई घरों में यह चिंता है कि रसोई गैस की व्यवस्था कैसे होगी। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से लोगों की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कमर्शियल गैस पर निर्भर रहने वाले कारोबारियों को भी इस स्थिति से मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। होटल, ढाबा और छोटे व्यवसाय संचालित करने वाले लोग इस संकट से प्रभावित हो रहे हैं। आरोप लगाया कि सरकार अंतर राष्ट्रीय दबाव के सामने झुक गई है और इसका असर जनता पर पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री और कृषि मंत्री ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार असली मुद्दों से ध्यान हटाकर केवल नारों और प्रतीकों की राजनीति कर रही है।

## गैस किल्लत ने बढ़ायी पारंपरिक चूल्हे की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** एलपीजी गैस की कमी के कारण पारंपरिक चूल्हों की मांग तेजी से बढ़ गई है। गैस न मिलने और महंगाई की शिकायतों के बीच लोग चूल्हा खरीदने को मजबूर हैं, जिससे दुकानों पर खरीदारों की भीड़ दिखाई दे रही है। देश में घरेलू एलपीजी गैस की बढ़ती किल्लत का असर अब आम लोगों की दैनिक जिंदगी पर साफ दिखाई देने लगा है।

मुजफ्फरपुर में गैस की उपलब्धता कम होने के कारण लोग वैकल्पिक व्यवस्था की ओर रुख कर रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि पारंपरिक चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है। जिन दुकानों पर पहले सन्नाटा रहता था, वहां अब बड़ी संख्या में लोग चूल्हे खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार चूल्हों के लिए लगातार ऑर्डर आ रहे हैं, जिससे बाजार में रौनक लौट आई है।

मुजफ्फरपुर में खरीदारी करने पहुंची महिला साहिला खातून ने बताया कि पिछले चार-पांच दिनों से घरेलू गैस नहीं मिल रही है। उनके अनुसार शुरूआत में उम्मीद थी कि स्थिति कुछ दिनों में सामान्य हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसी कारण अब वह अपने पति के साथ चूल्हा खरीदने के लिए दुकान पर आई हैं।

उन्होंने बताया कि यहां भी चूल्हे के लिए पहले से एडवांस ऑर्डर करना पड़ रहा है। चूल्हों की कीमत लगभग एक हजार से लेकर दो हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। उनके अनुसार अब घर का कामकाज चलाने के लिए चूल्हा खरीदना जरूरी हो गया है।

चूल्हा खरीदने पहुंची एक अन्य महिला रंजना देवी ने कहा कि उन्हें याद भी नहीं कि आखिरी बार चूल्हा कब जलाया था।

उन्होंने बताया कि वर्तमान स्थिति में गैस के बिना काम चलाना मुश्किल हो गया है, इसलिए चूल्हा खरीदना पड़ रहा है। उनके अनुसार जो गैस मिल भी रही है, उसमें कालाबाजारी की शिकायतें सामने आ रही हैं और



कई जगह अधिक कीमत पर गैस बेची जा रही है। उनका कहना है कि गरीब लोगों के लिए इतनी महंगी गैस खरीदकर घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द स्थिति को सामान्य करेगी ताकि लोगों को फिर से नियमित रूप से गैस उपलब्ध हो सके।

स्थानीय चूल्हा दुकानदार सोनू कुमार के अनुसार घरेलू गैस की आपूर्ति कम होने के कारण चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि पहले जहां चूल्हों की बिक्री सीमित होती थी, वहीं अब बड़ी संख्या में लोग चूल्हे खरीदने के लिए आ रहे हैं। स्थिति यह हो गई है कि चूल्हा बनाने के लिए आवश्यक सामग्री की भी कमी होने लगी है। उनके अनुसार होटल और अन्य दुकानों से भी बड़ी संख्या में ऑर्डर मिल रहे हैं। बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों को काम पर लगाया गया है ताकि ग्राहकों की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

## दुल्हन ने वरमाला से किया इंकार

### बाराती बने बंधक, बैठी पंचायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** कलिगांव में एक शादी के दौरान बड़ी घटना सामने आई। बैंड बाजा और बारात लेकर आए दूल्हे से ठीक वरमाला के समय दुल्हन ने शादी करने से इंकार कर दिया। जानकारी मिलने के बाद दुल्हन वालों ने दूल्हा और उसके परिवार को बंधक बना लिया। दुल्हन वालों का कहना है कि दहेज में दिए गए समान और पैसे वापस किए जाएँ। इस मामले को सुलझाने के लिए गुरुवार को पंचायत भी बुलाई गई। बताया गया कि मोरो थाना क्षेत्र निवासी शिवमंगल राम के बेटे सुरेंद्र कुमार की शादी सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के कलिगांव में होनी थी। शादी के समय यह पता चला कि सुरेंद्र कुमार की यह दूसरी शादी थी। इस बात की जानकारी मिलने पर दुल्हन ने वरमाला के समय शादी से साफ इंकार कर दिया। दूल्हा सुरेंद्र कुमार 11 मार्च को बैंड बाजा और बारात लेकर दुल्हन के घर पहुँचा। हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार द्वार पूजाई की रस्म पूरी हुई और दूल्हे को वरमाला के लिए मंच पर बैठाया गया। दुल्हन को भी वरमाला के लिए बुलाया गया था, लेकिन दूल्हे की दूसरी शादी की जानकारी मिलने के बाद दुल्हन ने शादी से मना कर दिया।

दुल्हन के इंकार के बाद पंडाल में हंगामा मच गया। दुल्हन वालों ने दूल्हा और उसके परिवार के लोगों को बंधक बना लिया। वहीं, उन्होंने शादी में दिए गए दहेज का सामान और पैसा वापस करने की मांग भी कर दी। गुरुवार को इस मामले को सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई। दुल्हन वाले दहेज में दिया गया सारा सामान और पैसे वापस करने पर अड़े हुए हैं। बंधक बने दूल्हा ने कहा कि यह उनकी दूसरी शादी थी और इसके बारे में दुल्हन वालों को जानकारी नहीं थी। वरमाला के समय यह जानकारी सामने आई तो लोगों ने हमें और हमारे परिवार को बंधक बना लिया।

### पुलिस ने दिखायी तत्परता

## बिकने से बची दो नाबालिग छात्राएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र से स्कूल गई दो नाबालिग छात्राओं के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। जिले के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव और वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। मढ़ौरा अनुमंडल की एसडीओ और एसडीपीओ के मार्गदर्शन में बनाई गई इस टीम का नेतृत्व तरैया थाना के थानाध्यक्ष रंजीत कुमार कर रहे थे।

पुलिस को एक नंबर से धमकी भरा संदेश मिला था। उसी नंबर और अन्य तकनीकी सुरागों के आधार पर पुलिस ने छापेमारी शुरू की। समय पर की गई कार्रवाई के कारण बड़ी घटना टल गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अगर थोड़ी भी देरी होती तो दोनों छात्राओं को नेपाल ले जाया जा सकता था।मामले में तरैया थाना में आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई और पुलिस दोनों नाबालिग छात्राओं की तलाश में जुट गई। तकनीकी टीम की मदद से पुलिस को जानकारी मिली कि गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगंज बाजार में स्थित एक ऑर्केस्ट्रा में काम करने वाली नर्तकी के पास दोनों छात्राएं मौजूद हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत छापेमारी की और नर्तकी के साथ दोनों नाबालिग छात्राओं को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी नर्तकी से सख्ती से पूछताछ कर रही है और मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार 11 मार्च को दोनों छात्राएं रोज की तरह स्कूल पढ़ने गई थीं। वे दोपहर करीब एक बजे तक स्कूल में मौजूद थीं, लेकिन मध्यांतर के बाद अचानक गायब हो गईं। शाम तक जब दोनों छात्राएं घर नहीं पहुंचीं तो परिवार वाले चिंतित हो गए और उनकी तलाश शुरू कर दी। जब परिजन स्कूल पहुंचे तो कक्षा में दोनों छात्राओं का स्कूल बैग पड़ा मिला। इससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई।प्राथमिक जांच में सामने आया है कि ऑर्केस्ट्रा की नर्तकी दोनों छात्राओं को डांस सिखाने का लालच देकर अपने साथ ले गई थी। पुलिस को शक है कि उन्हें नेपाल ले जाकर बेचने की योजना बनाई जा रही थी।

## मॉब लिचिंग का शिकार हुआ युवक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां बकरी चोरी के मामूली शक में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

मृतक की पहचान महुआवा पंचायत निवासी मोतीलाल राऊत के रूप में हुई है। घटना के बाद से मृतक के घर में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं गांव के लोगों में भी भारी आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मोतीलाल राऊत पर बकरी चोरी करने का आरोप लगाया गया। इसके बाद कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी पप्पू राय और उसके साथियों ने युवक को लगातार पीटा। मारपीट इतनी ज्यादा थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और लहूलुहान हो गया।

## पोत्तनूर और धनबाद के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित होगा परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कोयम्बत्तूर-सलेम-काटपाडी-विजयवाड़ा-राजमंड्री-विजयनगरम-सम्बलपुर-राउरकेला-रांची-मूरी-बोकारो स्टील सिटी-चन्द्रपूरा के रास्ते पोत्तनूर और अलीपुरद्वार के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है जिममें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिये एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल प्रसाधन, सेफ्टी के लिये फायर डिटेक्शन, टॉक-बैक यूनिट, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित कई उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध हैं । गाडी सं. 16619/16620



पोत्तनूर-धनबाद-पोत्तनूर अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का नियमित परिचालन पोत्तनूर से 21.03.2026 से तथा धनबाद से 23.03.2026 से प्रारंभ किया जा रहा है । यह ट्रेन पोत्तनूर से प्रत्येक शनिवार को तथा धनबाद से प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी । इस ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 08 कोच एवं साधारण श्रेणी के 11 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे । गाड़ी सं. 16619 पोत्तनूर-धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक) 21 मार्च से प्रत्येक शनिवार को पोत्तनूर से 06.15 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए रविवार को 22.15 बजे हटिया, 22.35 बजे रांची, 23.56 बजे मूरी, सोमवार को 01.00 बजे बोकारो स्टील सिटी, 01.51 बजे चन्द्रपुरा, 02.28 बजे कतरागढ़ रुकते हुए 04.00 बजे धनबाद पहुंचेगी । गाड़ी सं. 16620 धनबाद-पोत्तनूर अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)23 मार्च से प्रत्येक सोमवार को धनबाद से 14.00 बजे खुलकर 14.25 बजे कतरासगढ़, 14.58 बजे चन्द्रपुरा, 15.50 बजे बोकारो स्टील सिटी, 16.40 बजे मूरी, 18.00 बजे रांची, 18.25 बजे हटिया सहित विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए बुधवार को 11.20 बजे पोत्तनूर पहुंचेगी। उक्त जानकारी सरस्वती चंद्र, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने विज्ञप्ति जारी कर दी।

## रोजेदारों ने अता की आखिरी जुमे की नमाज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र में पवित्र रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को अकीदत और श्रद्धा के साथ अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर प्रखंड के परशुराम, रहटौली, हबका, पूरा सहित आसपास के गांवों की मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा कर अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी सुबह से ही क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी थी। लोगों ने वुजू कर मस्जिदों में पहुंचकर अल्लाह की इबादत की और रोजा, नमाज व दुआओं के साथ रमजान माह को अलविदा कहा। नमाज के दौरान देश-दुनिया में शांति, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई। परशुराम स्थित समीरा सुन्नी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद मुराद ने बताया कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना होता है। इस महीने की खास अहमियत को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि रमजान हमें सब्र, इंसानियत और जरूरतमंदों की मदद करने का पैगाम देता है। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर भाईचारे का संदेश दिया और आने वाले ईद-उल-फितर के त्योहार की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की।

## भारत-तिब्बत मैत्री संघ की बैठक

### बैठक में दस राज्यों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धर्मशाला।** 8वां अखिल भारतीय तिब्बत समर्थन समूह सम्मेलन धर्मशाला,हिमाचल प्रदेश का दूसरा दिन तिब्बत की आजादी के समर्थन में दर्जनों संगठनों की उपस्थिति में भारत-तिब्बत मैत्री संघ की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन कोर समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने किया। बैठक में बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश, झारखंड आदि 10 राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ आनंद कुमार ने कहा कि अभी तक हम सभी ने करीब 150 जिलों में संगठन का विस्तार किया है,अन्य जिलों और दक्षिण भारत के जिलों में भी संपर्क संगठन बनाने के लिए किया जा रहा है। लद्दाख में चीन घुस गया है,जिससे लद्दाख के लोग दुखी है,चीन से हमारा व्यापारिक संबंध है,चीन का सामान भारत के मार्केट में छाया हुआ है,मोबाइल भी भारत में उसी का ज्यादा मार्केट में है।

उन्होंने ने कहा कि 1965 के बाद कभी भी भारत



सरकार ने तिब्बत की आजादी का पक्ष नहीं लिया। भारत-तिब्बत मैत्री संघ बिहार के अध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी को दुनिया के तिब्बती समुदाय को यह भरोसा दिलाना होगा कि हम सभी आपके साथ है,अपने देश में तिब्बत के बारे में युवाओं को ज्ञान बढ़ाना होगा।

भारत-तिब्बत मैत्री संघ मुजफ्फरपुर बिहार के प्रो अरुण कुमार सिंह ने बताया कि तिब्बत की भाषा को नालंदा बिहार में ही विकसित किया गया है,इसलिए तिब्बत का बिहार से पुराना संबंध है। बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि तिब्बत की आजादी के सभी राजनैतिक दलों को साथ लाना होगा,एक जानकारी के अनुसार भारत में करीब 3500राजनैतिक दल है,तिब्बत की आजादी में ही हिमालय की रक्षा निहित है।

बैठक में भारत तिब्बत मैत्री संघ का राष्ट्रीय सम्मेलन बंगलौर कर्नाटक में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बिहार,उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश झारखंड के अलावा 10राज्यों राज्य सम्मेलन, युवा सम्मेलन,महिला सम्मेलन और अन्य कई कार्यक्रम करने का निर्णय गया।

बैठक में तिब्बत की घोषणा पत्र का ड्राफ्ट को रखा गया,इसको अंतिम रूप से ड्राफ्ट तैयार करने का ज्योत्सना बहन के साथ महिला ग्रुप को दिया गया।

बैठक में राष्ट्रीय किसान नेता ब्रजेश कुमार शर्मा, भारत तिब्बत मैत्री संघ के विकास नारायण उपाध्याय, शशि रंजन, श्याम विनय, मनोज कुमार, ज्योत्सना राय, अरुणिमा सिंह तोमर, जयंत सिंह तोमर, एंटोनी जोसेफ, सचिन, बंसल,जगत सिंह चौहान,डॉ गायत्री खरे,डॉ अजय खरे के अलावा दर्जनों साथी शामिल हुए।

## पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी करते दो धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के डुमरा मोहन पंचायत के बगधरूवा गांव में अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ की कालाबाजारी करने मामले में शिवाजीनगर पुलिस ने बड़ी कारवाई की है है।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किराए के मकान से भारी मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ से जुड़े ड्राम, गैलन बरामद किया। इसी क्रम में एक बिना नंबर की मिनी तेल टंकी बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बगधरूवा गांव में एक किराए के मकान में अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान कामोपुर गांव निवासी प्रिंस कुमार और अजीत कुमार के रूप में हुआ है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। साथ ही मकान मालकिन से भी पूछताछ किया गया। मौके पर शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, एसआई प्रबीन कुमार, मुकेश कुमार सिंह, एएसआई राजेश कुमार, पीटीसी शैलेश कुमार आदि मौजूद थे।

### चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय के निर्देश पर सभी सेविकाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान विभाग के निर्देशानुसार महिला पर्यवेक्षाका के देख-रेख में घर-घर भ्रमण कर 85 वर्ष से ऊपर सभी मतदाताओं को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। साथ ही साथ क्षेत्र के अन्य बुजुर्ग महिला मतदाताओं से मिलकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उक्त जानकारी देते हुए सीडीपीओ प्रियंका ने बताया कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करे, जिसको लेकर विभाग के दिशा निर्देश अनुसार गांव-गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया।

## दो खातों में मिली करोड़ों की संदिग्ध राशि

### पुलिस जुटा रही लेन-देन की पूरी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांका।** बांका में साइबर ठगी से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का सुराग मिला है। जिले के दो अलग-अलग बैंक खातों में करोड़ों रुपये की संदिग्ध राशि आने के बाद साइबर पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

प्रारंभिक जांच में बात सामने आई है कि इन खातों का उपयोग देश के विभिन्न हिस्सों में हो रही साइबर ठगी की रकम जमा करने के लिए किया जा रहा था। मामले के सामने आते ही पुलिस ने संबंधित खातों को चिन्हित कर उनकी लेन-देन की पूरी जानकारी खंगालनी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, एक खाता बंधन बैंक में संचालित हो रहा था। जिसमें एक करोड़ 22 लाख 32 हजार 532 रुपये जमा होने का पता चला है। वहीं दूसरा खाता यूको बैंक में है। जिसमें लगभग 25 लाख रुपये का लेन-देन सामने आया है। दोनों खाते तीन अलग-अलग लोगों के नाम से संचालित किए जा रहे थे। जबकि इन्हीं खातों के माध्यम से बड़ी राशि का ट्रांजेक्शन किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, साइबर अपराधी इन खातों का इस्तेमाल ठगी से प्राप्त रकम को इकट्ठा करने और बाद में उसे अलग-अलग जगहों पर ट्रांसफर करने के लिए कर रहे थे। जांच में संकेत मिला है कि ठग सोशल मीडिया, मोबाइल फोन काल और विभिन्न ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म के माध्यम से लोगों को निवेश, ऑनलाइन ट्रेडिंग और मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर अपने जाल में फंसा रहे थे। लालच में आकर जब लोग पैसे ट्रांसफर करते थे। तो वह राशि इन्हीं खातों में पहुंच जाती थी। साइबर थाना की पुलिस अब इन खातों से जुड़े पूरे ट्रांजेक्शन का ब्योरा जुटा रही है। साथ ही पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि खातों को किसने खुलवाया। जबकि इनके पीछे असली संचालक कौन हैं। साथ ही इस नेटवर्क में कितने लोग शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, कुटीर उद्योग के नाम पर एक फर्म का गठन किया गया था। जिसे तीन दोस्तों की तिकड़ी ने मिलकर रजिस्टर कराया था। इसी फर्म के नाम पर बंधन बैंक और यूको बैंक में खाते भी खोले गए थे। जो तीनों के नाम से संचालित हो रहे थे।

शुरूआत में इन खातों का उपयोग कुटीर उद्योग से जुड़े लेन-देन के लिए किया जा रहा था। लेकिन बाद में इन खातों में साइबर ठगी की रकम आने लगी। देश के विभिन्न राज्यों में हुई ऑनलाइन ठगी की राशि इन खातों में ट्रांसफर की जा रही थी।

जब इसकी जानकारी साइबर क्राइम यूनिट बिहार को मिली कि बांका के दो खातों में संदिग्ध साइबर ट्रांजेक्शन हो रहा है। तो यूनिट ने मामले बांका साइबर थाना को जांच करने को कहा। प्रारंभिक जांच में ठगी की राशि के लेन-देन के संकेत मिलने के बाद पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कर्रवाई शुरू कर दी है।

## छात्र ने की आत्महत्या

**डेहरी आन सोन।** डेहरी नगर थाना क्षेत्र के धनटोलिया मोहल्ले में शुक्रवार को एक मेडिकल के छात्र ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, 19 वर्षीय अंकित शेखर धनटोलिया मोहल्ला निवासी रमन सिंह के मकान में लगभग 3 साल से अपने परिवार के साथ किराए पर रह रहा था। वहीं, आत्महत्या की घटना के बाद मृतक अंकित शेखर की मां मीनाक्षी वर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर पहुंचे नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार ने जिला विधि विज्ञान प्रयोगशाला टीम को घटना की सूचना दी।

जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचे जिला विधि विज्ञान प्रयोगशाला के जिला पदाधिकारी प्रभात कुमार ने मृतक छात्र अंकित शेखर के कमरे में रखे मोबाइल, टैब, किताब आदि सामान की जांच और वीडियो रिकॉर्डिंग की। जांच से पता चला कि छात्र लंबे समय से डिप्रेशन की दवाई का सेवन करता था। बता दें कि मृतक छात्र के पिता अमित कुमार करवनदिया रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत हैं।

## महिला रेलकर्मियों को समारोह आयोजित कर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आज दानापुर मंडल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अंतर्गत मंडल में कार्य करने वाली महिला रेलकर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में मंडल के लेखा, वाणिज्य, परिचालन, विद्युत, इंजीनियरिंग यांत्रिक, मेडिकल, सामान्य प्रशासन, कार्मिक, संकेत एवं दूरसंचार, सुरक्षा, तथा भंडार विभाग में कार्य करने वाली कुल 67 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में 42 महिला रेल कर्मचारियों को उनके बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया तथा 09 महिला कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध, वाक एवं क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत और साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर पूर्व में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियां में 16



महिला रेल कर्मचारियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार एवं अध्यक्षा दानापुर महिला कल्याण संगठन निशी देव के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा, दानापुर महिला कल्याण संगठन के द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया गया, जिसमें उन्होंने सभी महिला रेल कर्मियों को शुभकामना देते हुये रेल सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता का वास होता है। महिलाएं अब हरेक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला रेलकर्मी अपने-अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रही हैं।

तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश दुनिया की प्रगति के साथ-साथ रेलवे की प्रगति में भी महिलाओं का योगदान सराहनीय है। आज के समय में वह भी पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कई क्षेत्रों का नेतृत्व भी उनके हाथों में है। यह सम्मान समारोह मंडल में कार्य करने वाली कुल 956 महिलाएं को समर्पित है। इस सम्मान समारोह में मंडल के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का सफल संचालन वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) राजीव कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारीगण, महिला कल्याण संगठन की सम्मानित सदस्याएं, यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं।

# बिहार के 73 लाख किसानों के बैंक खाते में 1467 करोड़ रूपये की राशि अंतरण : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी किये जाने के अवसर पर कृषि भवन, पटना के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री द्वारा दिसंबर 2025 से मार्च 2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त की राशि असम के गुवाहाटी में ज्योति-विष्णु अंतर्राष्ट्रीय कला केन्द्र, खानापारा से देश के 9.32 करोड़ से अधिक किसानों को लगभग 18,650 करोड़ रूपये की राशि हस्तांतरित की गई। मंत्री ने कहा कि 22वीं किस्त के माध्यम से बिहार के 73.34 लाख से अधिक किसानों को 1467 करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त होगी। इस योजना अंतर्गत अब तक बिहार के कुल 86.36 लाख से अधिक लाभुकों को कुल 30,092.80 करोड़ रूपये राशि 21 किस्तों में भारत सरकार द्वारा दी गयी। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एक केन्द्रीय क्षेत्रक योजना है जिसका मुख्य उद्देश्य देश के सभी पात्र रैय्यत किसान परिवारों को आय में सहायता प्रदान करना है। इस योजना का मूल लक्ष्य फसलों के स्वास्थ्य एवं उचित उपज के लिए किसानों को विभिन्न उपादान क्रय करने हेतु वित्तीय मदद करना है ताकि किसानों के प्रत्याशित कृषि आय को सुनिश्चित किया जा सके। इस योजना का कार्यान्वयन 01.12.2018 से किया जा रहा है तथा इसका लाभ रैय्यत किसान परिवार को दिया जाना है जिनके पास खेती योग्य भूमि है। यहां किसान परिवार से तात्पर्य पति, पत्नी एवं नाबालिग बच्चें से है, यानि परिवार का कर्त्ता/मुखिया ही पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना पर खर्च होने वाली राशि का शत-प्रतिशत वहन केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत रैय्यत किसान परिवार को सहायता राशि के रूप में 6,000 रूपये प्रतिवर्ष प्रत्येक चार माह के अन्तराल (अप्रैल से जुलाई, अगस्त से नवम्बर एवं दिसम्बर से मार्च) पर किसानों के आधार एवं एनपीसीआई से लिंक बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से दिया जाता है।

## नागालैंड का राज्यपाल बनने पर नंदकिशोर यादव को मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष राधेश्याम बंसल के नेतृत्व में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नंद किशोर यादव से मुलाकात कर उन्हें नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मौके पर पर सोसाइटी अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने कहा कि नंदकिशोर यादव ने विधायक, मंत्री और बिहार विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए बिहार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि यादव का लंबा राजनीतिक अनुभव, कुशल नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शी सोच उन्हें एक प्रभावी प्रशासक बनाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नंदकिशोर यादव जैसे अनुभवी और जनहित के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के राज्यपाल बनने से नागालैंड को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा तथा राज्य के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण रूंगटा, गोपाल मोदी, संदीप बंसल, शंकर प्रसाद सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सम्राट चौधरी के कार्यालय से एलपीजी सिलेंडर मंगाने की बात बेबुनियाद और भ्रामक : आप्त सचिव शैलेंद्र ओझा

### मामले की जांच कर सच्चाई सामने लाने और अफवाह फैलाने वालों की होगी पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आप्त सचिव शैलेंद्र कुमार ओझा ने उपमुख्यमंत्री कार्यालय से गैस एजेंसी के गोदाम से एलपीजी सिलेंडर मंगवाने से जुड़े आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही इस तरह की खबरें निराधार हैं।

शैलेंद्र कुमार ओझा ने स्पष्ट कहा कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यालय में एसडीओ का कोई पद नहीं है। ऐसे में यह दावा कि कार्यालय में कार्यरत एसडीओ ने गैस एजेंसी के गोदाम से एलपीजी सिलेंडर मंगवाया या आपूर्ति के लिए दबाव बनाया पूरी तरह झूठी और भ्रामक है। उन्होंने कहा कि बिना तथ्य के इस तरह की खबरें फैलाना गलत है और इससे भ्रम की स्थिति पैदा होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपमुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत किसी भी कर्मी ने किसी भी गैस एजेंसी से एलपीजी सिलेंडर नहीं मंगवाया है। श्री ओझा ने कहा कि सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे आरोपों का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कराई जाएगी ताकि सच्चाई सामने आ सके और अफवाह फैलाने वालों की पहचान हो सके। उपमुख्यमंत्री के आप्त सचिव ने लोगों से अपील की कि वे अपुष्ट और भ्रामक खबरों पर भरोसा न करें तथा किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें।

## पीएम मोदी के आगमन से तेज होगा बंगाल में विकास का महाअभियान : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की धरती शनिवार को विकास और परिवर्तन के नए अध्याय की साक्षी बनने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता दौरे को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। पीएम मोदी हमेशा बंगाल की जनता के हित और विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री करीब 18,680 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे जिसमें 420 किलोमीटर से अधिक लंबाई की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं, जहाजरानी और पोत से जुड़ी कई योजनाएं शामिल हैं। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में आयोजित होने वाली 'परिवर्तन संकल्प सभा' पश्चिम बंगाल की राजनीतिक इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सभा साबित होगी। उन्होंने दावा किया कि इस सभा में कई लाख की संख्या में लोग शामिल होंगे और यह कार्यक्रम बंगाल में राजनीतिक परिवर्तन का मजबूत संदेश देगा।

### दानापुर मंडल में महिला रेल कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

## 67 महिला कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** दानापुर मंडल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अंतर्गत मंडल में कार्य करने वाली महिला रेलकर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में मंडल के लेखा, वाणिज्य, परिचालन, विद्युत, इंजीनियरिंग यांत्रिक, मेडिकल, सामान्य प्रशासन, कार्मिक, संकेत एवं दूरसंचार, सुरक्षा तथा भंडार विभाग में कार्य करने वाली कुल 67 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में 42 महिला रेल कर्मचारियों को उनके बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया तथा 9 महिला कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध, वाक् एवं क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत और साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर पूर्व में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में 16 महिला रेल कर्मचारियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार एवं अध्यक्षा दानापुर महिला कल्याण संगठन निशी देव के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा, दानापुर महिला कल्याण संगठन के द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया गया जिसमें उन्होंने सभी महिला रेल कर्मियों को शुभकामना देते हुये रेल सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता का वास होता है। महिलाएं अब हरेक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला रेलकर्मी अपने-अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रही हैं। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश दुनिया की प्रगति के साथ-साथ रेलवे की प्रगति में भी महिलाओं का योगदान सराहनीय है। आज के समय में वह भी पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कई क्षेत्रों का नेतृत्व भी उनके हाथों में है। यह सम्मान समारोह मंडल में कार्य करने वाली कुल 956 महिलाएं को समर्पित है। इस सम्मान समारोह में मंडल के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।

## सेवा क्षेत्र रोजगार सृजन का प्रमुख स्रोत : उप महानिदेशक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद निगमित सेवा क्षेत्र का जी.डी.पी. में बढ़ते अनुपात को मद्देनजर रखते हुए भारत सरकार ने 'सेवा क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण-2026' पर वार्षिक सर्वेक्षण किया जा रहा है जो 1 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ होगा। इसमें जी.एस.टी.एन. नेटवर्क का उपयोग करते हुए इन उद्यमों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इस सर्वेक्षण के लिए 13मार्च 2026 को कर्पूरी ठाकुर सदन, आशियाना दीघा रोड, पटना-25 में एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उप महानिदेशक श्री साहू ने कहा कि सेवा क्षेत्र रोजगार सृजन का प्रमुख स्रोत है। दूरसंचार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पर्यटन, आई.टी.आदि सेवा क्षेत्र के उद्यम तीव्र विकासोन्मुख है और देश के कुल जी.डी.पी. में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। अतः डेटाबेस में इन उद्यमों का जी.वी.ए., फिक्स्ड कैपिटल, पूंजी निर्माण, श्रम-शक्ति पर आंकड़े संग्रह किये जाएंगे। इस अवसर पर कोलकता से आये हुए पर्यवेक्षक प्रभात भास्कर, निदेशक ने सर्वेक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य संगठित सेवा क्षेत्र का एक व्यापक डाटा बेस तैयार करना है। इससे प्राप्त डाटा सांख्यिकी प्रणाली को मजबूत करेगा और राष्ट्रीय खातों के सटीक संकलन मे मदद करेगा। उप निदेशक श्री परिमल ने शिविर के दौरान तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला और सेवा क्षेत्र के आकड़ों के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों देवेन्द्र कुमार, सुशील कुमार सिंह, जीतेंद्र राय और चन्दन कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया तथा सुधीर कुमार झा, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों द्वारा उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस शिविर में उप क्षेत्रीय कार्यालय, गया के प्रभारी गौरव कुमार, सहायक निदेशक टेक नारायण प्रसाद एवं उप क्षेत्रीय कार्यालय, भागलपुर के प्रभारी रश्मि रंजन और अन्य वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों के अलावे पटना कार्यालय के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अमिताभ पाठक, दिलीप कुमार, कमलेश कु. गुप्ता, डी.एन. प्रसाद, इन्द्रजीत, जितेन्द्र राय, मंजूषा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुमित कुमार, आलोक कुमार पांडेय एवं अन्य कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी भी उपस्थित थे।

## कुशल युवा कार्यक्रम की समस्याओं को लेकर मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' से मुलाकात, समाधान को लेकर सकारात्मक संकेत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना / वैशाली।** युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' जी से केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) से जुड़े केंद्र संचालकों की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधि मंडल ने विशेष रूप से कई महीनों से लंबित भुगतान, केंद्र संचालन में आ रही कठिनाइयों तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। मुलाकात के बाद मंत्री किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत यात्रा पर निकल रहे थे। उसी दौरान मीडिया के प्रतिनिधि भी मौजूद थे, इसलिए उन्होंने कैमरे के सामने विस्तृत टिप्पणी करने से परहेज किया। हालांकि प्रस्थान से ठीक पहले उन्होंने केंद्र संचालकों के प्रतिनिधि समूह से पुनः संक्षिप्त बातचीत की और समस्याओं को सकारात्मक रूप से देखने का भरोसा दिया। मंत्री ने सभी केंद्र संचालकों को शुभकामनाएं भी दीं। इस संबंध में डॉ. आनंद रंजन झा, अध्यक्ष, केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह मुलाकात सकारात्मक साबित होगी और लंबित भुगतान सहित अन्य समस्याओं के समाधान की दिशा में जल्द ही ठोस पहल होगी। केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी ने राज्य सरकार से अपेक्षा जताई है कि कुशल युवा कार्यक्रम से जुड़े केंद्र संचालकों, कर्मचारियों और छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

## काठगोदाम और ठाकुरनगर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** लखनऊ-गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी-कटिहार के रास्ते काठगोदाम और ठाकुरनगर के मध्य एक स्पेशल ट्रेन 05030/05029 का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी सं. 05030 काठगोदाम-ठाकुरनगर स्पेशल 15.03.2026 रविवार को काठगोदाम से 10 बजे खुलकर सोमवार को 02.05 बजे छपरा, 05.15 बजे बरौनी, 08.45 बजे कटिहार सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 20.40 बजे ठाकुरनगर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05029 ठाकुरनगर-काठगोदाम स्पेशल 18.03.2026 बुधवार को ठाकुरनगर से 10.20 बजे खुलकर 22.20 बजे कटिहार, गुरुवार को 01.15 बजे बरौनी एवं 5.15 बजे छपरा सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 23.30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी।

## अपर मंडल रेल प्रबंधक ने किया दानापुर-मोकामा रेल खंड सहित नए रेल पुल का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा राजीव कुमार द्वारा पटना-मोकामा-राजेंद्रपुल रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस रेल खण्ड पर संरक्षा, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का मुआयना किया एवं इसके साथ ही राजेंद्र पुल के समानांतर गंगा नदी पर बन रहे नए पुल एवं संबंधित दोहरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इस कार्य के पूरा हो जाने से सोनपुर मंडल की तरफ से आने एवं जाने के लिए दोहरी रेल लाइन बन जाने पर रेलवे के परिचालन की क्षमता काफी बढ़ जाएगी जिससे गाड़ियों के आने जाने में लगने वाले समय में भी कमी आएगी। रामपुर डुमरा, टाल, हाथीदह लिंक पर बने नए प्लेटफार्मों, स्टेशन भवन और यात्री सुविधाओं के निर्माण के साथ-साथ और राजेंद्र पुल से संबंधित कार्य की भी समीक्षा की गई। इस निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा राजीव कुमार के साथ वरीय मंडल इंजीनियर, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सहित मंडल के संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण में इरकॉन के अधिकारी गण भी उपस्थित थे।

## प्रस्तावित आइपीओ के लिए एनएसई ने पूरी की सहयोगी कंपनियों के चयन की प्रक्रिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**इंदौर।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के लिए मर्चेंट बैंकर, लॉ फर्म और अन्य सहयोगी कंपनियों के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। यह चयन प्रक्रिया एनएसई की आईपीओ समिति द्वारा तय किए गए फ्रेमवर्क और मूल्यांकन पद्धति के अनुसार की गई। पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी तरीके से संपन्न हुई। चयनित 20 मर्चेंट बैंकर्स में कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेस लिमिटेड (पूर्व में आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड), मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, एवेंडस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टैनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड, 360 वन डब्ल्यूएएम लिमिटेड, आनंद राठी एडवाइजर्स लिमिटेड, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड, पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड और इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। चयनित आठ लॉ फर्म्स में सिरिल अमरचंद मंगलदास, खेतान एंड कंपनी, लैथम एंड वॉटकिन्स एलएलपी, सिडली ऑस्टिन सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड, एजेडबी एंड पार्टनर्स, एस एंड आर एसोसिएट्स, शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी और ट्राइलिगल शामिल हैं।

## आइएचएम हाजीपुर ने किया विशाल पर्यटक जागरुकता अभियान के साथ स्वच्छता अभियान का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हाजीपुर ने आज अपने टूरिस्ट अवेयरनेस प्रोग्राम के सफल ग्रैंड फिनाले का आयोजन करते हुए स्वच्छता और जागरूकता से जुड़े प्रभावशाली कार्यक्रमों का संचालन किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत आयोजित किया गया। अंतिम चरण में छात्रों और शिक्षकों की टीमों ने बिहार के तीन प्रमुख स्थलों–पटना के गांधी घाट, सोनपुर के हरिहरनाथ मंदिर और वैशाली के अशोक स्तंभ पर एक साथ अभियान चलाकर सतत पर्यटन और राष्ट्रीय गौरव का संदेश मजबूत किया। दिन भर की गतिविधियों में कलात्मक अभिव्यक्ति और प्रत्यक्ष कार्य का सुंदर समन्वय देखने को मिला। पेशेवर कलाकारों की टीमों ने आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जिन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इन नाटकों के माध्यम से कचरा प्रबंधन और विरासत स्थलों के संरक्षण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से समझाया गया। प्रस्तुतियों के बाद आईएचएम की टीमों ने इन ऐतिहासिक स्थलों के आसपास व्यापक सफाई अभियान चलाया और परिसर को साफ-सुथरा बनाने का कार्य किया। इन स्थलों का दृश्य छात्रों के रंग-बिरंगे बैनर और पोस्टरों से भी सजीव हो उठा, जो खुले वातावरण में शिक्षा का माध्यम बने और वहां मौजूद सैकड़ों पर्यटकों और श्रद्धालुओं को जागरूक करते रहे। धन्यवाद स्वरूप और अभियान की याद दिलाने के लिए पर्यटकों को पर्यावरण-अनुकूल उपहार भी वितरित किए गए। कई पर्यटक तो छात्रों के साथ स्वयं सफाई अभियान में शामिल हो गए जिससे पूरे कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी का उत्साह देखने को मिला। आज के इस आयोजन के साथ आईएचएम हाजीपुर के लिए यह अभियान एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालान मामलों का निपटारा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में लंबित ट्रैफिक चालानों के निपटारे के लिए 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष व्यवस्था की गई है। इस संबंध में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने सूचना जारी कर आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने ट्रैफिक चालान का निपटारा कराने की अपील की है। जारी सूचना के अनुसार पटना उच्च न्यायालय के स्तर से 11 मार्च 2026 को पारित आदेश को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत 14 मार्च को बिहार के सभी व्यवहार न्यायालयों और अनुमंडल न्यायालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालानों के मामलों का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। प्राधिकरण ने आम जनता से अपील की है कि जिन लोगों के ट्रैफिक चालान लंबित हैं, वे संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों का त्वरित निपटारा करा सकते हैं। इससे लोगों को लंबित मामलों से राहत मिलेगी और न्यायिक प्रक्रिया भी सरल व त्वरित होगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाता है जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## राज्यस्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला में कृषि यंत्रों का प्रदर्शन

### मेला में 15 हजार से अधिक किसानों एवं आमजनों ने किया भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गांधी मैदान, पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला (एग्रो बिहार, 2026) का आज दूसरा दिन है। इस मेला में किसानों को कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, उनके बारे में तकनीकी जानकारी तथा उन्हें कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ एक ही साथ मिल रहा है। यह मेला 12-15 मार्च, 2026 तक कृषि विभाग, बिहार द्वारा सीआईआई के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। इस मेला में कृषि यंत्रों के निर्माताओं एवं विक्रेताओं की व्यावसायिक बैठक तथा यंत्र निर्माताओं एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर के वरीय वैज्ञानिक भी मौजूद थे। साथ ही कृषि विभाग के सेवानिवृत पदाधिकारियों द्वारा भी अपना अनुभव साझा किया गया। इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर - इस मेला में बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर का प्रदर्शन किया गया है। इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर की कार्य प्रणाली, उपयोगिता एवं पर्यावरण के अनुकूल विशेषताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इस मेला में कक्षा 08 एवं 09 बच्चों के लिए आयोजित मॉडल प्रदर्शनी के विजेताओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। डिजिटल एग्रीकल्चर, इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम एज एग्रो टूरिजम एवं डेमोंट्रेशन ऑफ जीआईटैग प्रोडक्ट ऑफ बिहार विद इट्स ऑरिजीन एण्ड डिस्क्रिप्शन विषय पर मॉडल का प्रदर्शन बच्चों के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में रविन्द्र बालिका प्लस टू विद्यालय, राजेन्द्र नगर के छात्रा को प्रथम पुरस्कार, डॉनबासको एकेडमी, पटना को द्वितीय पुरस्कार एवं राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना के छात्र को तृतीय पुरस्कार दिया गया। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3000 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 2000 रूपये के साथ-साथ मोमेंटो तथा प्रमाण-पत्र दिया गया। साथ ही अन्य सभी प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को प्रतिभागी प्रमाण-पत्र दिया गया।

आज इस मेला में पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, पू. चम्पारण, प. चम्पारण, सारण, सिवान एवं गोपालगंज जिले के 2725 किसानों ने भाग लिया। आज तक इस प्रदर्शनी-सह-मेला में राज्य के 15 हजार से अधिक किसान/आगन्तुक आये। इस मेले में किसी तरह का प्रवेश शुल्क नहीं है। कोई भी किसान/व्यक्ति स्वेच्छा से इस प्रदर्शनी/मेला में भाग ले सकते हैं।

## एलपीजी की दिक्कत, अब एक फोन पर होगा समाधान

### नियंत्रण कक्ष सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा कार्यरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य में प्राकृतिक गैस (एलपीजी) से संबंधित समस्याओं को तुरंत दूर करने के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण ने पटना में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक कार्यरत रहेगा। इस अवधि के दौरान राज्य के उपभोक्ता एलपीजी की उपलब्धता, वितरण अथवा उससे संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के संबंध में इस विभागीय नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। आमलोग अपनी समस्याओं एवं कठिनाइयों से नियंत्रण कक्ष को टेलीफोन नंबर-0612-2233050 पर अवगत करा सकते हैं, ताकि विभाग द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि एलपीजी से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में अनावश्यक भ्रमित होने के बजाय विभाग द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें जिससे समस्याओं का शीघ्र निदान सुनिश्चित किया जा सके।

## संपादकीय

# बालेंद्र शाह की जीत से नेपाल की राजनीति में नया अध्याय शुरु

नेपाल में हुए चुनाव के नतीजे आने के बाद देश की राजनीतिक तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। नई पीढ़ी के अगुआ बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने कई दिग्गजों और पुरानी पार्टियों को भारी शिकस्त दी है। अगर सब कुछ उम्मीद के अनुरूप हुआ और बालेंद्र शाह को ही नेता चुना गया, तो नेपाल के संसदीय इतिहास में वे सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री होंगे। अब तक वहां जितने भी प्रधानमंत्री बने हैं, वे कभी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके।माना जा रहा है कि दो-तिहाई सीटों पर जीत के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल कर चुकी आरएसपी के नेतृत्व में बनने वाली सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। देश में पिछले दिनों हुए चुनावों में नागरिकों और विशेषकर युवा वर्ग ने इस पार्टी पर जिस तरह भरोसा किया है, उसके मद्देनजर नेपाल में भावी सरकार के सामने जन आकांक्षाओं को पूरा करने की बड़ी चुनौती होगी। वहीं नई सरकार को घरेलू समस्याओं से निपटने के साथ देश के आर्थिक विकास में आए ठहराव को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उसे पड़ोसी देशों खासकर भारत से संबंध बेहतर बनाने के भी प्रयास करने होंगे। पुरानी सरकार के कामकाज के जिस तरीके के खिलाफ वहां युवा वर्ग के भीतर व्यापक आक्रोश पैदा हुआ, उसे बदलना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक होगा। नेपाल के लोगों का मानना है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता बालेंद्र शाह के भीतर देश की राजनीति और नीतियों को बदल सकने की क्षमता है। दरअसल, शाह को महापौर के अपने कार्यकाल में जमीनी स्तर पर सुधार के कई कार्यों के लिए जाना जाता है। चुनावी नतीजों के बाद अब उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करने के साथ व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव करेंगे। नई सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती रोजगार सृजन की भी होगी। नेपाल में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है और बड़ी संख्या में वहां के युवा वर्षों से काम के लिए पलायन करते रहे हैं। बहरहाल, नेपाल में छह महीने पहले व्यवस्था में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर नई पीढ़ी के व्यापक आंदोलन से उभरे बालेंद्र शाह और उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सबकी उम्मीदों पर कितना खरा उतरेंगे, देश को किस तरह की वैकल्पिक राजनीति देंगे, यह देखने की बात होगी। नेपाल ने अपना नेता चुन लिया है। चुनाव परिणामों से साफ है कि बालेन शाह जनता की पहली पसंद हैं। मतलब ये कि बालेन शाह नेपाल के नए प्रधानमंत्री होंगे। बालेन शाह ने चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोटों के भारी अंतर से हराया। सितंबर में युवाओं के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के बाद ओली की निर्वाचित सरकार के पतन के बाद नेपाल में यह पहला चुनाव था। नेपाल भारत का एक महत्वपूर्ण पड़ोसी देश है। आइए जानते हैं कि बालेन शाह की जीत का नई दिल्ली पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**तंबाकू और निकोटीन की लत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से करीब 70 लाख लोग सीधे धूम्रपान करने वाले होते हैं जबकि लगभग 12 लाख लोग ऐसे होते है, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते लेकिन दूसरों के धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि धूम्रपान केवल करने वाले व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके आसपास रहने वाले परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि दुनिया के कई देशों में धूम्रपान करने वालों की संख्या में कमी आई है लेकिन इसके बावजूद चिंता का विषय यह है कि युवाओं और किशोरों में तंबाकू के उपयोग की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।**

# धूम्रपान मुक्त पीढ़ी ही है स्वस्थ भविष्य की बुनियाद

**(योगेश कुमार गोयल )**

वैश्विक रिपोर्टों के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 3.7 करोड़ बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। ई-सिगरेट और अन्य नए निकोटीन उत्पादों ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए इन उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है लेकिन दुर्भाग्य से धूम्रपान और तंबाकू की लत इस अमूल्य धन को तेजी से नष्ट कर रही है। हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान की आदत छोड़ने के लिए प्रेरित करना और समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष यह दिवस 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह एक ऐसा अवसर है, जब लोग अपने जीवन में एक नई शुरुआत कर सकते हैं और धूम्रपान मुक्त जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। हर वर्ष इस दिन एक विशेष थीम के साथ लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। इस वर्ष का संदेश है 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है।' इसका अर्थ स्पष्ट है कि यदि कोई व्यक्ति केवल एक दिन भी धूम्रपान से दूरी बना ले तो वह आगे चलकर इसे पूरी तरह छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठा सकता है।

तंबाकू और निकोटीन की लत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से करीब 70 लाख लोग सीधे धूम्रपान करने वाले होते हैं जबकि लगभग 12 लाख लोग ऐसे होते है, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते लेकिन दूसरों के धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि धूम्रपान केवल करने वाले व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके आसपास रहने वाले परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि दुनिया के कई देशों में धूम्रपान करने वालों की संख्या में कमी आई है लेकिन इसके बावजूद चिंता का विषय यह है कि युवाओं और किशोरों में तंबाकू के उपयोग की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।

वैश्विक रिपोर्टों के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 3.7 करोड़ बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। ई-सिगरेट और अन्य नए निकोटीन उत्पादों ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए इन उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है। विज्ञापन प्रतिबंधों के बावजूद सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रचार किया जाता है। इस कारण किशोरों में तंबाकू की लत तेजी से फैल रही है, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। तंबाकू के दुष्प्रभाव केवल कैंसर तक सीमित नहीं हैं। यह शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है और दुनिया में होने वाली फेफड़ों के कैंसर से लगभग 85 प्रतिशत मौतें धूम्रपान के कारण होती हैं। इसके अलावा तंबाकू हृदय रोग, स्ट्रोक, दमा, ब्रोंकाइटिस और कई अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म देता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, पेट, लीवर और आंतों के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है।



तंबाकू की समस्या भारत में भी काफी गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमें अधिकांश पुरुष हैं लेकिन महिलाओं में भी इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। भारत में तंबाकू सेवन के कई रूप प्रचलित हैं, जैसे खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा और सुपारी के साथ तंबाकू का सेवन। इन उत्पादों की आसान उपलब्धता और कम कीमत के कारण लोग जल्दी इसकी लत के शिकार हो जाते हैं। विभिन्न शोधों में यह भी सामने आया है कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों का इलाज बहुत महंगा होता है। यदि तंबाकू के उपयोग को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका आर्थिक बोझ बहुत अधिक बढ़ सकता है। मुंह के कैंसर के मामलों में भारत पहले से ही दुनिया के कई देशों से आगे है और इसका मुख्य कारण तंबाकू तथा गुटखे का व्यापक उपयोग है।

धूम्रपान केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देता है। तंबाकू की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे निर्भर बना देती है। कई युवाओं में यह लत अवसाद, चिंता और आत्मविश्वास की कमी जैसी मानसिक समस्याओं को भी जन्म देती है। जब किशोरावस्था में यह आदत लग जाती है तो उसे छोड़ना बेहद कठिन हो जाता है और इसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ता है। धूम्रपान के खतरों को देखते हुए समाज में व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। सरकारों ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई कानून बनाए हैं, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाया है और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी संदेश भी अनिवार्य किए हैं। इसके बावजूद केवल कानून से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता और व्यक्तिगत संकल्प दोनों जरूरी हैं। पत्रकारिता के अपने लंबे अनुभव के दौरान मैंने नशे के दुष्प्रभावों पर व्यापक अध्ययन किया है। वर्ष 1993 में मेरी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' प्रकाशित हुई थी, जिसमें तंबाकू और अन्य नशों से होने वाले भयानक परिणामों का विस्तार से उल्लेख किया गया था। उस समय भी यह चेतावनी दी गई थी कि यदि समाज ने समय रहते नशे के खिलाफ जागरूकता नहीं बढ़ाई तो इसके दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतने पड़ेंगे। आज तीन दशक बाद भी यह चिंता उतनी ही प्रासंगिक दिखाई देती है।

बहरहाल, नो स्मोकिंग डे हमें याद दिलाता है कि जीवन का हर पल अमूल्य है और इसे किसी भी तरह की लत के कारण बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान छोड़ना कठिन अवश्य है लेकिन असंभव नहीं। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले और परिवार तथा समाज का सहयोग मिले तो वह आसानी से इस लत से मुक्त हो सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वयं भी धूम्रपान से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें। आखिरकार, एक स्वस्थ समाज की शुरुआत स्वस्थ व्यक्तियों से ही होती है। यदि हम तंबाकू से दूरी बनाकर जीवन को अपनाएं तो न केवल अपना स्वास्थ्य सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकते हैं। इसलिए इस नो स्मोकिंग डे पर संकल्प लें कि तंबाकू का साथ छोड़कर हर सांस को कीमती बनाएंगे और जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं तथा वर्ष 1993 में नशे के दुष्प्रभावों पर पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' लिख चुके हैं)

# दान का पात्र कौन

**( अक्षय शुक्ला)**

80 के दशक में कमल हासन की एक साइलेंट फिल्म आई थी पुष्पक। फिल्म का एक सीन है, जिसमें भिखारी की मौत के बाद उसे उठाने आई निगम की टीम पास रखे बोरे को झाड़ती है तो उसमें से सैकड़ों नोट हवा में उड़ने लगते हैं, जिन्हें लूटने की होड़ मच जाती है। खैर, यह तो रही फिल्म की बात फिलांथ्रपी की रिपोर्ट 'हाउ इंडिया गिव्स' के मुताबिक हर दस में से सात भारतीय किसी न किसी रूप में दान करते हैं, लेकिन सबसे अधिक धर्मस्थलों को। दूसरा बड़ा हिस्सा भिखारियों की झोली में जाता है। सामाजिक सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं को सबसे कम दान मिलता है। जबकि विदेश में ऐसे एनजीओ को



**कमाई के इन आंकड़ों से आप समझ सकते हैं कि देश में हर जगह इतने भिखारी क्यों दिखाई देते हैं। हों भी क्यों न, इस ताज़ा रिपोर्ट को ही देख लीजिए, जो कहती है कि भारत में लोग धर्मस्थलों के बाद सबसे ज्यादा पैसे भिखारियों को देते हैं।**

लेकिन इस तरह के पैसे वाले भिखारियों की खबरें भी कम नहीं। अभी कुछ समय पहले इंदौर के करोड़पति भिखारी ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। तीन मकानों का मालिक यह शख्स शॉफर ड्रिवन कार में भीख मांगने जाता था। तीन ऑटो किराए पर दिए हुए थे। यही नहीं, वह ब्याज पर कर्ज़ भी देता था। इससे पहले करोड़ों की संपत्ति वाले मुंबई के एक अमीर भिखारी की खबर भी आई थी। मकानों के अलावा उसकी कई दुकानें थीं, जिनसे अच्छा खासा किराया आता था।

कमाई के इन आंकड़ों से आप समझ सकते हैं कि देश में हर जगह इतने भिखारी क्यों दिखाई देते हैं। हों भी क्यों न, इस ताज़ा रिपोर्ट को ही देख लीजिए, जो कहती है कि भारत में लोग धर्मस्थलों के बाद सबसे ज्यादा पैसे भिखारियों को देते हैं। अशोका यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सोशल इम्पैक्ट एंड सबसे अधिक डोनेशन मिलता है।

जब भिखारियों पर यह देश इतने पैसे लुटाएगा तो हर गली में उनका दिखना स्वाभाविक है। लेकिन बहुत से लोग जानते ही नहीं कि सड़क पर फटेहाल बैठे दीन-हीन दिखने वाले शख्स पर दया दिखाकर आप उसकी मदद नहीं कर रहे, बल्कि इस दलदल में और गहरा धकेल रहे हैं। दिन भर मिलने वाला सारा पैसा इनकी जेब में नहीं जाता बल्कि कोई और बटोरकर ले जाता है। कितनी रिपोर्ट में आ चुका है कि एक पूरा सिंडिकेट है, जो बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों का इस्तेमाल इस धंधे के लिए करते हैं।

इसका सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू है जानबूझकर विकलांग बनाना या नवजातों को चुराकर उनका भीख मांगने में इस्तेमाल क्योंकि इन पर लोग अधिक दया दिखाते हैं।

## यूरोप का हुआ बुरा हाल

# रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देश अब मास्को से मांग रहे गैस और तेल

**हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। ईरान से जुड़े तनाव और संभावित आपूर्ति बाधा की आशंका के कारण तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गईं। सप्ताह की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत प्रति बैरल सौ डॉलर से ऊपर पहुंच गई। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के बाद कीमतों में कुछ गिरावट आई, फिर भी युद्ध से पहले की तुलना में तेल करीब सत्ताइस प्रतिशत महंगा बना हुआ है।**

**(नीरज कुमार दुबे)**

हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है।

जो यूरोप कल तक रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा रहा था और उससे गैस तथा तेल खरीदने वाले देशों पर पेनल्टी लगाने की मांग करते हुए यूक्रेन के साथ खड़ा नजर आ रहा था, वही यूरोप अब मध्य पूर्व में संकट गहराते ही फिर से रूस की ओर देखने लगा है। दरअसल अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष तथा फारस की खाड़ी में तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में ऊर्जा संकट से जूझता यूरोप रूस से गैस और तेल की संभावित आपूर्ति को लेकर नई चर्चा कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति और ऊर्जा बाजार दोनों में रूस को अप्रत्याशित लाभ की स्थिति में ला खडा किया है।



हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। ईरान से जुड़े तनाव और संभावित आपूर्ति बाधा की आशंका के कारण तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गईं। सप्ताह की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत प्रति बैरल सौ डॉलर से ऊपर पहुंच गई। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के बाद कीमतों में कुछ गिरावट आई, फिर भी युद्ध से पहले की तुलना में तेल करीब सत्ताइस प्रतिशत महंगा बना हुआ है।

ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्थिति का सबसे बड़ा आर्थिक लाभ रूस को मिल सकता है। रूस पहले से ही दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातकों में शामिल है।




यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने उस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन अब ऊर्जा बाजार में उथल पुथल के कारण इन प्रतिबंधों का प्रभाव कम होता दिखाई दे रहा है। ऊंची कीमतों के कारण रूस को अपने तेल निर्यात से अधिक राजस्व मिलने की संभावना है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है।

अमेरिका ने भारत को भी कथित रूप से अस्थायी छूट देते हुए रूसी कच्चा तेल खरीदने की अनुमति दी है। इस निर्णय के बाद रूस के तेल निर्यात में तेजी आई है। पहले जहां रूसी तेल लगभग पचास डॉलर प्रति बैरल के आसपास बिक रहा था, वहीं अब इसकी कीमत करीब नब्बे डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। इससे रूस को राजस्व में भारी बढ़ोतरी मिल रही है।

ऊर्जा बाजार के आंकड़े बताते हैं कि समुद्र में टैंकरों पर जमा रूसी तेल का भंडार भी तेजी से कम हो रहा है, जिससे स्पष्ट है कि खरीदार देशों तक आपूर्ति तेजी से पहुंच रही है। फरवरी के अंत तक जहां टैंकरों में लगभग एक सौ बत्तीस मिलियन बैरल रूसी तेल जमा था, वहीं अब यह घटकर करीब एक सौ अठारह मिलियन बैरल रह गया है। इसका अर्थ है कि वैश्विक बाजार में रूसी तेल की मांग फिर बढ़ने लगी है।

यदि मध्य पूर्व में संघर्ष लंबा चलता है और खाड़ी क्षेत्र से तेल निर्यात बाधित होता है तो रूस को अरबों डॉलर का अतिरिक्त राजस्व मिल सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊंची कीमतों और आपूर्ति संकट के चलते रूस को आय में कई अरब डॉलर का अतिरिक्त लाभ हो सकता है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी संकेत दिया है कि यदि यूरोपीय देश राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर दीर्घकालिक सहयोग चाहते हैं तो रूस उन्हें फिर से तेल और गैस आपूर्ति करने को तैयार है। पुतिन का कहना है कि रूस ने कभी यूरोप के साथ ऊर्जा सहयोग से इंकार नहीं किया, लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप ने स्वयं रूसी ऊर्जा पर निर्भरता कम करने का निर्णय लिया था।

हम आपको बता दें कि यूक्रेन युद्ध से पहले यूरोप अपनी गैस जरूरतों का चालीस प्रतिशत से अधिक हिस्सा रूस से खरीदता था। लेकिन प्रतिबंधों और वैकल्पिक स्रोतों की खोज के कारण यह हिस्सा घटकर वर्ष 2025 तक लगभग तेरह प्रतिशत रह गया। यूरोपीय संघ ने समुद्री मार्ग से आने वाले रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था और कई पाइपलाइन मार्ग भी बंद हो गए थे।

हालांकि मौजूदा संकट में स्थिति बदलती दिखाई दे रही है। यूरोप ने अभी तक रूसी तरल प्राकृतिक गैस पर पूर्ण प्रतिबंध लागू नहीं किया है और प्रस्तावित योजना के अनुसार इसे 2027 तक धीरे धीरे समाप्त किया जाना है। इस कारण यूरोप के कुछ देश आपूर्ति संकट की स्थिति में फिर से रूसी गैस खरीदने पर विचार कर सकते हैं।

फिर भी रूस की क्षमता पूरी तरह असीमित नहीं है। वर्षों से लगे प्रतिबंधों और यूक्रेन से हुए हमलों के कारण उसकी ऊर्जा अवसंरचना के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा जहाजरानी और बीमा से जुड़ी बाधाएं भी रूसी निर्यात को सीमित करती हैं। वैसे रूस का अधिकांश तेल फिलहाल भारत और चीन जैसे सीमित खरीदारों को ही जा रहा है।

इसके बावजूद मौजूदा वैश्विक परिस्थिति का सामरिक महत्व बहुत बड़ा है। मध्य पूर्व में युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा आपूर्ति पर नियंत्रण अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण हथियार बना हुआ है। रूस के पास विशाल तेल और गैस भंडार हैं और संकट के समय यह उसे आर्थिक और कूटनीतिक दोनों तरह का प्रभाव प्रदान करते हैं।

दूसरी ओर यूरोप के सामने भी एक कठिन विकल्प खड़ा हो गया है। यदि मध्य पूर्व से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है तो उसे अपने पुराने ऊर्जा स्रोत यानी रूस की ओर फिर से देखना पड़ सकता है। इस प्रकार मध्य पूर्व का युद्ध केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा संतुलन और भू राजनीतिक शक्ति समीकरण को भी नए सिरे से आकार दे रहा है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# डिजिटल माध्यमों से बढ़ते मानव व्यापार विषय पर समन्वय बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** समाजसेवी संस्था भूमिका विहार की ओर से बिहार पुलिस मुख्यालय पटना के अपराध अनुसंधान विभाग एवं कमजोर वर्ग प्रभाग के निदेर्शानुसार होटल जेएमडी इंटरनेशनल सभागार में शुक्रवार को सीमांचल के सीमावर्ती इलाकों में डिजिटल माध्यमों से बढ़ते मानव व्यापार विषय पर एक महत्वपूर्ण पूर्णिया प्रमंडल स्तरीय समन्वय बैठक चन्द्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना के साथ संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। भूमिका विहार सीमांचल क्षेत्र में वर्ष 1996 से सक्रिय एक सामाजिक संस्था है। जो बाल अधिकार संरक्षण, मानव व्यापार की रोकथाम, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा पीड़ितों के पुनर्वास के क्षेत्र में कार्यरत है।







इस बैठक में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें सीमांचल क्षेत्र के कटिहार, अररिया, पूर्णिया एवं किशनगंज जिलों से बिहार पुलिस के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। विशेष रूप से बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी सीडब्ल्यूपीओ तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई एसजेपीयू के प्रतिनिधियों के साथ-साथ बाल संरक्षण से जुड़े अन्य हितधारकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में डॉ० पीएम नायर पूर्व महानिदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल एनडीआरएफ तथा पूर्व निदेशक नेशनल रिसर्च ऑन ह्यूमन ट्रैफिकिंग, इंडिया और चेयर प्रोफेसर, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थानटीआईएसएस, मधुकर अमिताभ उप महानिरीक्षक पुलिस सेक्टर मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, पूर्णिया, संजीव कुमार कमांडेंट, सेक्टर मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, पूर्णिया; प्रो० राणा सिंह झ निदेशक चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना, कमलेश सिंह देव सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएलएसए, डॉ० जितेन्द्र नारायण सिंह सिविल सर्जन, रवि शंकर तिवारी सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, सद्दाम हुसैन पुलिस उपाधीक्षक यातायात, कटिहार सहित कई गणमान्य अतिथि एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता डॉ० पीएम नायर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मानव व्यापार का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और अब डिजिटल माध्यम इसके नए रास्ते बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिहार में वर्ष 2022 में मानव व्यापार के 260 मामले दर्ज हुए, जबकि वर्ष 2023 में 132 मामलों में 510 पीड़ितों की पहचान हुई, जिनमें 353 बच्चे थे। इंटरनेट, सोशल मीडिया और फर्जी ऑनलाइन नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से तस्कर युवाओं को अपने जाल में फँसा रहे हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए पुलिस, प्रशासन और समाज के बीच मजबूत समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

डॉ. राणा सिंह ने कहा कि मानव व्यापार के पीछे गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और जागरूकता की कमी जैसे सामाजिक कारण प्रमुख हैं। तस्कर इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाकर बच्चों और युवाओं को बेहतर जीवन और रोजगार का लालच देकर अपने जाल में फँसाते हैं। कमलेश सिंह देव ने कहा कि मानव व्यापार एक गंभीर अपराध है और इसके विरुद्ध भारत में कई सख्त कानून मौजूद हैं, जैसे बाल श्रम निषेध अधिनियम और बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम। इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से पीड़ितों को न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सकता है। मधुकर अमिताभ ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में मानव व्यापार एक गंभीर सुरक्षा चुनौती बनता जा रहा है और डिजिटल माध्यमों के कारण तस्करी के तरीके और जटिल हो गए हैं। इसलिए सीमा सुरक्षा बल, पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच मजबूत समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सद्दाम हुसैन ने कहा कि मानव व्यापार एक संगठित अपराध के रूप में सामने आ रहा है और इसमें परिवहन मार्ग, बस स्टैंड तथा रेलवे स्टेशन जैसी जगहें महत्वपूर्ण कड़ियाँ बन जाती हैं। ऐसे में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, सतर्क निगरानी और समय पर कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है ताकि इस अपराध पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

बैठक के दौरान प्रतिभागियों ने डिजिटल माध्यमों से बढ़ते मानव व्यापार की पहचान, जोखिमग्रस्त बच्चों की सुरक्षा, बचाव-संरक्षण-पुनर्वास तंत्र को मजबूत करने तथा पुलिस एवं नागरिक समाज संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम के अंत में भूमिका विहार की निदेशिका शिल्पी सिंह ने सभी मुख्य अतिथियों, पुलिस विभाग के अधिकारियों, प्रतिभागियों तथा सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मानव व्यापार जैसी गंभीर समस्या से निपटने के लिए सभी विभागों के अधिकारीयों और समाज के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं जैसा की हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संबोधन किया जाता है की सबका साथ सबका विकास और इस प्रकार की समन्वय बैठकें इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी क्योंकि जब न्यायिक व्यवस्था सहज होगी।

# एचआईवी एड्स एसटीआई एवं ब्लड सेफ्टी पर कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निदेर्शानुसार जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई के की ओर से सम्पूर्ण सुरक्षा के अंतर्गत आठ ब्लॉक के सीएचओ के साथ एचआईवी एड्स एसटीआई एवं ब्लड सेफ्टी पर कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का दूसरा चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गैर संचारी रोग प्राधिकारी डॉक्टर रामरेखा सुमन, डीपीएम डेफ्कू शौनिक प्रकाश, पटना से आए एचआईवी-एड्स प्रोग्राम के बरनवाल ने बताया। एचआईवी कैसे होता है,इससे कैसे बचा जा सकता है,इसके लक्षण क्या होता है। कटिहार में विभाग द्वारा कितने सेंटर है। और कौन कौन सी सुविधा उपलब्ध है। डॉ. आर. सुमन ने कहा कि पंचायत स्तर पर कोई भी बीमार व्यक्ति आपके पास आता है, सही लक्षण पकड़ कर ही सही इलाज संभव है। सरकार के द्वारा एचआईवी संक्रमित को कौन कौन सी योजना दि जा रही है, खासकर एड्स शताब्दी योजना एवं परवरिश योजना के बारे मे विस्तृत रूप से बताया। डीआईएस डॉ




तकनीकी विशेषज्ञ अजय वर्णवाल, डीआईएस डॉ मिथिलेश ठाकुर, ब्लड सेन्टर के बैद्यनाथ, महिला परामर्शी डॉ. आभा कुमारी ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस कार्यशाला में बारसोई,मनिहारी, मनसाही, बलरामपुर आदि ब्लॉक के सीएचओ सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में एचआईवी-एड्स, एसटीआई एवं ब्लड डोनेशन के बारे में सम्पूर्ण जानकारी हो। इसलिए सीएचओ को कार्यशाला में शामिल किया गया। इस कार्यशाला का संचालन डीपीएम शौनिक प्रकाश के द्वारा किया गया। एचआईवी, एसटीआई के बारे में विस्तृत रूप से बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति से आए टेक्निकल ऑफीसर अजय कुमार मिथिलेश ठाकुर के द्वारा बताया गया सभी गर्भवती महिलाओं का एच आई वी, सिफलिश का जांच करे और सस्पेक्टेड आने पर नजदीकी आईसीटीसी सेंटर पर कंफर्मेशन के लिए रेफर करे, ब्लड सेफ्टी के बारे में ब्लड सेंटर के बैद्यनाथ के द्वारा सम्पूर्ण जानकारी दी गई, सीएचओ अपने ब्लॉक में ब्लड स्टोरेज सेंटर खुलवाने में सहयोग करे, ब्लड डोनेशन कैंप लगवाने के लिए जागरूक करे आदि के बारे मे विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम का समापन में डॉ आभा कुमारी के द्वारा सबका धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभाकर लाल दास, राम निरेखण दुबे, रवि शंकर झा, परवेज जफर अशरफी का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित ट्रैक्टर खाई में पलटा, चालक सहित दो घायल

**कुरसेला/कटिहार (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र के पत्थर टोला रेलवे बांध के समीप एक अनियंत्रित ट्रैक्टर का इंजन खाई में पलट गया। जिससे उस पर सवार चालक सहित दो लोग घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर रेलवे के कार्य में लगा हुआ था और पत्थर टोला गांव से रेलवे पुल की ओर लौट रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर का इंजन सड़क किनारे खाई में पलट गया। घटना में ट्रैक्टर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा अचानक वाहन के अनियंत्रित होने के कारण हुआ। बाद में ट्रैक्टर को गड्ढे से बाहर निकाला गया।



### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**कटिहार कोर्ट (नबिटासं)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर शनिवार को कटिहार व्यवहार न्यायालय परिसर में विशेष राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में समझौते के आधार पर सुलह योग्य मामलों का त्वरित निपटारा किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने जिले के आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोक अदालत ऐसा मंच है जहां सिर्फ आपसी समझौते के आधार पर वर्षों से लंबित मुकदमों का तत्काल समाधान संभव है। जो पूरी तरह से निःशुल्क है।उन्होंने कहा कि इस तरह का अवसर बार-बार नहीं मिलता, इसलिए अधिक से अधिक लोग लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने मामलों का निपटारा कराएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश सिंह देउ ने जानकारी देते हुए बताया कि मामलों के निष्पादन के लिए कुल 15 बेंचों का गठन किया गया है। इनमें एक बेंच बारसोई अनुमंडल न्यायालय तथा एक बेंच रेलवे न्यायालय में भी स्थापित की गई है।लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा क्लेम, बिजली, राजस्व सहित अन्य सुलह योग्य मामलों का समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। इससे लोगों को त्वरित न्याय मिलने के साथ समय और धन दोनों की बचत होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस मेगा लोक अदालत का लाभ उठाएं और लंबित मामलों को आपसी सहमति से समाप्त करवा ले।



### तीन पीड़ित परिवारों को मिली आर्थिक सहायता

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** सिलाव प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिलाव द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत त्वरित संज्ञान लेते हुए मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत तीन पीड़ित परिवारों को 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बढ़ाकर पंचायत, सिलाव निवासी प्रबिला देवी के पति पंकज कुमार की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इसके उपरांत उन्हें मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं सरिता देवी, पति स्व. मनोज कुमार, विस्थापित बढ़ाकर, सिलाव को भी उनके पति की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के बाद योजना के तहत 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई। इसके अलावा इंदु देवी, घोस्टावा को उनके पुत्र की पानी में डूबने से हुई अकस्मात मृत्यु के बाद मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 20 हजार रुपये का सहायता चेक प्रदान किया गया। प्रखंड प्रशासन ने कहा कि पीड़ित परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है।



# जिले में नहीं है गैस सिलेंडर की कमी : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** गैस सिलेंडर की कमी होने की खबर से जिले के उपभोक्ताओं की चिंता काफी बढी दिखती है। खबरों को लेकर लोग अपने घरों में गैस भरा सिलेंडर स्टॉक कर लेने की फिराक में रहते हैं।इसलिए लोग रोज एजेंसी का चक्कर लगाते देखे जाते हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से लोगों को आश्वस्त किया जा रहा है कि जिले में गैस का पर्याप्त भंडार है। इसको लेकर जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने पत्रकारों को बताया है कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति भी सामान्य ढंग से हो रही है।उन्होंने बताया कि जमाखोरी एवं कालाबाजारी को रोकने के लिए 16 छापेमारी दल का गठन किया गया है तो वहीं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिया गया।



उन्होंने आमजनों से अपील किया है कि जिले में गैस को लेकर घबराने की जरुरत नहीं है।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी, सदर एसडीएम प्रदुम्न सिंह यादव, डीपीआरओ अभिषेक रंजन आदि मौजूद रहे।

# अलविदा जुमा की नमाज अदा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** प्रखंड के सभी पंचायत के जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस मौके पर समाजसेवी मो. नजिम ने कहा कि मुस्लिम भाइयों का सबसे बड़ा पर्व रमजान का माह होता हैं। इस पर्व में लगातार 30 दिन तक मुस्लिम भाई दिन भर रोजा में रहते हैं शाम में इफ्तारी करते हैं एवं सुबह के चार बजे भोजन करते हैं। दिन भर रोजा में रहते हैं और शाम में सूरज ढलने के बाद इफ्तारी करते हैं। यह पर्व करने से मुस्लिम भाइयों को कई तरह की बीमारियों से छुटकारा मिलता हैं।



इसलिए सभी मुस्लिम भाई हर वर्ष रमजान के माह में रोजा अवश्य करें, शुक्रवार को अपने जामा मस्जिद में उपस्थित होकर अलविदा जुमा की नमाज अदा किए एवं आपसी भाईचारे का पैगाम दिए। इस अवसर पर समाजसेवी मोहम्मद नजिम, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद हैदर, मोहम्मद आलमगीर, मोहम्मद अंसारुल हक, मोहम्मद तारिक, मो. अनीसुर रहमान, मोहम्मद अफरोज सहित रोजेदार उपस्थित रहे ।

# बुनियाद केंद्र में सीएससी केंद्र का विधिवत उद्घाटन

## दिव्यांग जनों को मिलेगा सीधा लाभ, आवेदन मुफ्त में होंगे ऑनलाइन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार) ।** शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियाद केंद्र में सीएससी केंद्र का प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, बुनियाद केंद्र मैनेजर डॉ. अजय कुमार एव प्रखंड कृषि पदाधिकारी पवन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता कटकर विधिवत केंद्र का उद्घाटन किया।

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा बुनियाद केंद्र मे दिव्यांगजनों के लिए यह सुविधा दी गई है। दिव्यांग जन अपना प्रमाण पत्र एवं पेंशन के लिए ऑनलाइन मुफ्त में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा दिव्यांगों केलिए अनेक योजनाएं चलाएं जा रहे हैं। सीएससी केंद्र के माध्यम से जानकारी एवं ऑनलाइन का सुविधा ले सकते है।



# खेत के सामने से हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के कजरा संथाली गांव से राघोपुर बंगाली टोला जाने वाली मुख्य सड़क में लती बहियार के पास दिलीप यादव के खेत के सामने से हीरो ग्लैमर मोटरसाईकिल बीआर 39 क्यू 3085 चोरी होने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस बाबत पीड़ित दीप नारायण मंडल पिता स्व. गुरूदेव मंडल सा भेड़ मारा ने मनसाही थाना में ग्लैमर मोटरसाइकिल चोरी होने का आवेदन देकर अज्ञात चोर पर कार्रवाई करने की मांग की हैं। इस मौके पर पीड़ित दीप नारायण मंडल ने बताया कि 12 मार्च को करीब 1:30 बजे दिन में कजरा संथाली राघोपुर मुख्य सड़क में लती बहियार के पास दिलीप यादव के खेत के सामने हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल खड़ा कर वंदना देवी पति ओमप्रकाश मंडल के खेत में करेला के खेत में झांक एवं बास का खूंटा गाड़ रहे थे।



इसी दरमियान दिन के लगभग 1:30 बजे के आसपास एक अपाची मोटरसाइकिल से तीन व्यक्ति आया और मेरा हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल जिसका नंबर बीआर 39 क्यू 3085 को लेकर भाग गया हम खेत में काम कर रहे अन्य मजदूर खेत से हो हल्ला कर रुकने को कहे और खेत से दौड़कर उसका पीछा किए। मोटर साइकिल चोर मोटर साइकिल लेकर कजरा संथाली होते हुए कजरा ब्लॉक की ओर भाग गए। मोटरसाइकिल के डिक्की में जमीन का खतियान एवं राशन कार्ड,आधार कार्ड एवं गाड़ी का सभी कागजात था। उन्होंने बताया कि मेरी गाड़ी से कोई अनहोनी घटना अज्ञात चोर कर सकता हैं इसको लेकर मैं मनसाही थाना में आवेदन देकर मोटरसाइकिल बरामदगी की गुहार लगाए हैं।

# कोरम के अभाव में 31 मार्च को होनेवाला चैम्बर का चुनाव रद्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कटिहार की सत्र 2026-28 के लिए नई कार्यसमिति का गठन के लिए नये पदाधिकारियों और सदस्यों का 31 मार्च 2026 को होनेवाला आम चुनाव कोरम के अभाव में रद्द कर दिया गया है। अब यह चुनाव 13 अप्रैल को होगा। चुनाव पदाधिकारी निर्मल डालमिया और सह चुनाव पदाधिकारी जगदीश प्रसाद साह एवं इन्द्रजीत सिन्हा ने संयुक्त रूप से बताया कि नौ मार्च को मनोनयन पत्रों की संवीक्षा के दौरान संज्ञान में आया कि चैम्बर की नियमावली की कंडिका-10 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि आम चुनाव में चैम्बर के आम सदस्यों द्वारा 11 ग्यारह पदाधिकारी एवं 12 बारह कार्यसमिति सदस्यों का सीधा निर्वाचन होगा।अनुक्षेत्रों से निर्वाचित कार्यसमिति सदस्य इसके अतिरिक्त होंगे। 11 पदाधिकारियों के लिए 18 उम्मीदवारों ने अपना मनोनयन पत्र दाखिल किया। संवीक्षा के दौरान 02 उम्मीदवारों का मनोनयन पत्र रद्द किया गया। कुल 16 उम्मीदवारों का मनोनयन पत्र सही पाया गया। कार्यसमिति सदस्यों के 12 पदों के लिए मात्र 08 उम्मीदवारों के मनोनयन पत्र प्राप्त हुए। आम चुनाव के लिए 12 कार्यसमिति सदस्यों का कोरम पूरा नहीं होने से तीन सदस्यीय चुनाव पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया को रद्द करते हुए चुनाव की नई तिथि की घोषणा की गई है।

# अलविदा जुम्मा को लेकर जिले में दिखी चहल-पहल

## यातायात सुगम बनाने में मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रही पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** माह--ए-रमजान के आखिरी जुम्मा को लेकर जिले में खासी चहल पहल देखी गई। अकीकदमंदों ने जुम्मे की नवाज अता कर अपने परिवार, समाज, देश और दुनिया में अमन-चैन और आपसी भाईचारा बने रहने की दुआ की।नमाज के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी काफी सख्त रही। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीणों क्षेत्रों के मस्जिदों के बाहर सुबह से हीं पुलिस की तैनाती रहने से अकीदतमंदों को अपने इबादत में कोई परेशानी नहीं हुई।



जुम्मे को लेकर शहर में भीड़ मद्देनजर और यातायात को सुगम बनाये रखने को लेकर भी सुनियोजित तरीके से पुलिसिंग व्यवस्था की गई थी। अंजुमन इस्लामिया मस्जिद सहित अन्य बड़ी मस्जिदों की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिये जाने से शहर में जाम की स्थिति पैदा नहीं हुई। ट्रैफिक पुलिस ने अपनी सक्रियता से यातायात व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित रही।वरीय अधिकारियों को भी निगरानी करते देखा गया । मस्जिदों के प्रवेश द्वारों और आसपास के चौराहों पर पुलिस की पैनी नजर रही। शांति समिति के सदस्य भी शांति-व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग किया।

# विवाहिता की विषपान से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार) ।** कदवा थाना क्षेत्र के भोगांव पंचायत के कांताडीह गांव में एक महिला हसीरा बीबी (34) ने विषपान कर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीण ने कदवा पुलिस को दी। पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया।

वहीं ग्रामीण नाम नहीं छापने की शर्त पर दबी जुबान से आत्महत्या का कारण बीते 7 वर्ष से महिला को बाल बच्चा नहीं होना बता रहे हैं। मृतका का सात वर्ष पूर्व शादी हुई थी। अब तक महिला को कोई संतान नहीं प्राप्त हो पाया था। अपर थानाध्यक्ष प्रहलाद कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारण का खुलासा हो पाएगा।

# भाजपा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार) ।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत शुक्रवार को बरारी मुख्यालय मंडल का प्रशिक्षण वर्ग गुरुबाजार स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विक्की कुमार साह ने की।कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकताओं को संगठन की कार्यशैली, विचारधारा तथा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

पहले सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री निखिल कुमार चौधरी ने विकास के सैद्धांतिक अधिष्ठान विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया। इस सत्र के वर्गाधिकारी पंचानंद झा रहे। दूसरे सत्र में पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी ने संगठन की कार्य पद्धति पर प्रशिक्षण दिया। सत्र के वर्गाधिकारी जगन्नाथ तिवारी रहे। तीसरे सत्र में जिला महामंत्री सौरभ मालाकार ने संगठन विस्तार और कार्यकताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस सत्र के वर्गाधिकारी गौरीशंकर चौधरी रहे।चौथे सत्र में जिला महामंत्री गोविंद अधिकारी ने सोशल मीडिया, एआई एवं नमो एप के उपयोग को लेकर कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया। सत्र के वर्गाधिकारी महेश चौधरी रहे। पांचवें सत्र में बूथ प्रबंधन और ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम को प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। जबकि छठे सत्र में जिला महामंत्री रामनाथ पांडेय ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। इस सत्र के वर्गाधिकारी रविंद्र यादव रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय, विधानसभा प्रभारी शंभूनाथ चौधरी, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमन कुमार, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण अजय भारद्वाज, सेमापुर मंडल अध्यक्ष संतोष भगत, समेली मंडल अध्यक्ष कुमोद मंडल, जय प्रकाश यादव, जेपी यादव, राजीव भारती, अंकित अग्रवाल, मुख्यालय मंडल महामंत्री गुड्डू गुप्ता, कमल किशोर पंडित, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश साह, हेमंत चौहान, अंकित चौहान, मनोज गुप्ता, राजकुमार पंडित, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्चना सिंह, रानी देवी, सिंकू कुमारी, श्यामा देवी, सरिता कौर, अनीता कुमारी, पूजा कुमारी, रिंकू देवी, महेंद्र चौधरी, अमरजीत सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय झा, अंकित चौहान, ऋषि कुमार मौजूद रहे ।



● क्यों अनिल अंबानी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं

## अनिल अंबानी की कंपनियों पर ईडी का नया एक्शन, 581 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी कुर्क



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि 581.65 करोड़ रुपये की ये संपत्तियां अनिल अंबानी की रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) से जुड़ी जांच के तहत कुर्क की गयी हैं। अनिल अंबानी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ अपनी जांच के तहत 581 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि 11 मार्च को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत गोवा, केरल, कर्नाटक, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में भूखंडों को कुर्क करने का अंतरिम आदेश जारी किया गया। ईडी ने कहा कि 581.65 करोड़ रुपये की ये संपत्तियां रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) से जुड़ी जांच के तहत कुर्क की गयी हैं। ईडी के मुताबिक यह कुर्की छह मार्च को रिलायंस पावर लिमिटेड के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चलाये गये मामले में तलाशी अभियान के बाद की गयी है। ईडी ने इससे पहले भी अनिल अंबानी के रिलायंस समूह की संपत्तियों को कुर्क किया था। ईडी के मुताबिक रिलायंस अनिल अंबानी समूह की कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य कुल 16,310 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। बता दें कि यह जांच सीबीआई द्वारा रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है। यह प्राथमिकी यस बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शिकायतों पर दर्ज की गयी थी। बता दें कि अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस होम फाइनेंस शेयर बाजार में लिस्ट है। यह शेयर गुरुवार को 5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2.58 रुपये पर बंद हुआ। इस दौरान शेयर में यह अपर सर्किट लगा।

### क्या हैं ईडी के आरोप

ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि दोनों कंपनियों ने कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों से धन जुटाया था और इस धन में से 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में परिवर्तित हो गई। एजेंसी ने कहा कि रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड द्वारा जुटाए गए रकम को रिलायंस समूह की विभिन्न कंपनियों, जैसे रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, रिलायंस पावर लिमिटेड, रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, रिलायंस कैपिटल लिमिटेड आदि में पहुंचाया गया। आरोप है कि रिलायंस अनिल अंबानी समूह द्वारा नियंत्रित और प्रबंधित बड़ी संख्या में फर्जी (नकली) संस्थाओं के माध्यम से धनराशि ईधर से ऊधर की गयी थी। आरोप के मुताबिक इन फर्जी संस्थाओं की वित्तीय स्थिति नगण्य थी और इनका कोई व्यावसायिक संचालन नहीं था।

# अमेरिकी अरबपतियों पर युद्ध की मार, एक ही दिन में करीब 35 अरब डॉलर का झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध के चलते टॉप-10 अरबपतियों को एक ही दिन करीब 35 अरब डॉलर का झटका लगा है। एलन मस्क की संपत्ति में कुल 9.20 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर भारत के सबसे रईस शख्स मुकेश अंबानी और दूसरे सबसे अमीर गौतम अडानी की दौलत में इजाफा हुआ ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध के चलते टॉप-10 अरबपतियों को एक ही दिन करीब 35 अरब डॉलर का झटका लगा है। अमेरिकी शेयर मार्केट में गुरुवार को भूचाल आया। इससे डॉऊ जोंस 739 अंक टूट गया। एसएंडपी में 1.52 प्रतिशत और नैस्डैक कंपोजिट 1.78 प्रतिशत लुढ़क गया। इसका असर अरबपतियों की दौलत पर देखने को मिला। गुरुवार को दौलत गंवाने वाले टॉप-10 अरबपतियों की बात करें तो इस लिस्ट में दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति एलन मस्क पहले नंबर पर हैं।



इनकी संपत्ति में कुल 9.20 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक एलन मस्क का नेटवर्थ 660 अरब डॉलर रह गया है। वहीं दूसरे सबसे रईस को लैरी पेज को 4.11 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। इनका नेटवर्थ अब 261 अरब डॉलर रह गया है। सर्गी ब्रिन की दौलत 3.80 अरब डॉलर घटकर 243 अरब डॉलर रह गई है। चौथे नंबर के अरबपति जेफ बेजोस को 2.83 अरब डॉलर का झटका लगा है। अब इनके पास केवल 234 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। मार्क जुकरबर्ग ने 5.74 अरब डॉलर गंवाया है। इनका नेटवर्थ अब 226 अरब डॉलर रह गया है। इनका नेटवर्थ अब 159 अरब डॉलर हो गया है। ये वॉरेन बफेट को पछाड़कर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। 10वें स्थान पर वॉरेन बफेट हैं। इन्हें भी 579 मिलियन डॉलर की चपत लगी है। इनका नेटवर्थ 147 अरब डॉलर है। भारत के शेयर मार्केट में भी गुरुवार को गिरावट की आंधी चली, लेकिन भारत के सबसे रईस शख्स मुकेश अंबानी और दूसरे सबसे अमीर गौतम अडानी की दौलत में इजाफा हुआ। क्योंकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर और अडानी ग्रुप के कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए। मुकेश अंबानी को 64.5 मिलियन डॉलर का फायदा हुआ और वह 92.4 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के 18वें सबसे रईस हैं। अडानी की भी संपत्ति में गुरुवार को 1.84 अरब डॉलर की उछाल रही और उनके पास अब 77.8 अरब डॉलर की संपत्ति है। अडानी इस उछाल के बावजूद टॉप-20 में एंट्री नहीं पा सके। क्योंकि, 20वें नंबर पर जो अरबपति काबिज है, उसकी संपत्ति इनसे अधिक 80.1 अरब डॉलर है।

### बर्नार्ड अर्नाल्ट ने भी 2.39 अरब डॉलर गंवाए

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में छठे नंबर पर काबिज लैरी एलिसन की दौलत में गुरुवार को 4.58 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई। एलिसन के पास अब कुल संपत्ति 210 अरब डॉलर की रह गई है। वहीं, फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट ने भी 2.39 अरब डॉलर गंवाए हैं। इनका नेटवर्थ घटकर 162 अरब रह गया है। अर्नाल्ट दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं। 8वें नंबर पर काबिज जेनसेन हुआंग को भी 2.30 अरब डॉलर का झटका लगा है। इनका नेटवर्थ अब 152 अरब डॉलर रह गया है। जिम वॉल्टन टॉप-10 अरबपतियों में से एक मात्र ऐसे शख्स हैं, जिनके नेटवर्थ में गुरुवार को 1.58 अरब डॉलर का इजाफा हुआ।

## 25 प्रतिशत तक एलपीजी गैस की करें बचत, संकट के बीच ग्राहकों के लिए जानना जरूरी

### तेज आंच रखने से खाना जल्दी नहीं पकता, सिर्फ गैस ज्यादा खर्च होती है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने ग्राहकों को सलाह दी है कि उबाल आते ही आंच धीमी करें ताकि एलपीजी की भारी बचत हो सके। कंपनी ने कहा कि उबाल के बाद तेज आंच रखने से खाना जल्दी नहीं पकता, सिर्फ गैस ज्यादा खर्च होती है। धीमी आंच अपनाकर 25 प्रतिशत तक एलपीजी बचाएं, बिना अतिरिक्त समय गंवाए।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण एलपीजी सिलेंडर को लेकर संकट बढ़ने लगा है। सरकार की ओर से लगातार यह कहा जा रहा है कि सिलेंडर पर किसी तरह का संकट नहीं है। हालांकि, घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने एलपीजी गैस बचत के आसान टिप्स साझा किए हैं। आइए डिटेल जान लेते हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने ग्राहकों को सलाह दी है कि उबाल आते ही आंच धीमी करें ताकि एलपीजी की भारी बचत हो सके। कंपनी ने कहा कि उबाल के बाद तेज आंच रखने से खाना जल्दी नहीं पकता, सिर्फ गैस ज्यादा खर्च होती है। धीमी आंच अपनाकर 25 प्रतिशत तक एलपीजी बचाएं, बिना अतिरिक्त समय गंवाए। कंपनी के मुताबिक एलपीजी बचत के लिए आप अपने प्रेशर कुकर का भरपूर उपयोग करें। इससे खाना पकाने का समय कम होता है और एलपीजी की काफी बचत होती है। सेपरेटर का उपयोग करके आप चावल, दाल और सब्जियां एक साथ पका सकते हैं, जिससे आपकी रसोई अधिक



कुशल और ऊर्जा-कुशल बनेगी। इंडियन ऑयल के ये टिप्स इसलिए अहम हैं क्योंकि वर्तमान में मध्य पूर्व में तनाव के कारण वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे भारत में घरेलू और कॉमर्शियल गैस की कमी की आशंका बढ़ गई है। होटल-रेस्तरां जैसे कॉमर्शियल सेक्टर में दिक्कतें आ रही हैं। एलपीजी संकट पर सरकार ने सदन में पूरी बात बताई है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल और केरोसिन की कोई कमी नहीं है, एलपीजी उत्पादन में 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और सरकार की प्राथमिकता है कि देश में करोड़ों परिवारों की रसोई में खाना पकाने के लिए गैस की कमी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर अफवाह नहीं फैलाई जानी चाहिए। उन्होंने देश में एलपीजी सिलेंडर की कमी से निपटने के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए कहा, ''पिछले पांच दिन में एलपीजी उत्पादन 28 प्रतिशत बढ़ा है। सर्वोच्च प्राथमिकता है कि भारत के 33 करोड़ परिवारों, खासकर गरीबों और वंचितों की रसोई को (एलपीजी की) किसी कमी का सामना नहीं करना पड़े।'' पुरी ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर के मांग प्रबंधन उपाय के तौर पर शहरों में 25 दिन के न्यूनतम अंतराल पर बुकिंग की जा सकती है, वहीं ग्रामीण तथा दुर्गम क्षेत्रों में 45 दिन के बाद सिलेंडर की बुकिंग की जा सकती है। पुरी ने कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग से डिलीवरी का मानक समय ढाई दिन बना हुआ है जो बदला नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों में निर्बाध आपूर्ति प्राथमिकता के साथ की जा रही है।

### 59 प्रतिशत से ज्यादा टूट गया टाटा एलेक्सी का शेयर, 1 पर 1 फ्री शेयर बांट चुकी है कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा एलेक्सी के शेयर अपने रिकॉर्ड हाई से 59 प्रतिशत से ज्यादा टूट गए हैं।




टाटा एलेक्सी के शेयर 17 अगस्त 2022 को 10,760.40 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 12 मार्च 2026 को 4327.50 रुपये पर बंद हुए हैं। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा एलेक्सी के शेयर पिछले कुछ समय से दबाव में हैं। टाटा एलेक्सी के शेयर पिछले 6 महीने में 24 पर्सेंट से अधिक लुढ़क गए हैं। इस साल अब तक टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयर 17 पर्सेंट टूट गए हैं। टाटा एलेक्सी के शेयर गुरुवार 12 मार्च को भी गिरावट के साथ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 4327.50 रुपये पर बंद हुए हैं। टाटा एलेक्सी के शेयरों में अपने अब तक के उच्चतम स्तर (ऑल टाइम हाई लेवल) से 59 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। टाटा एलेक्सी अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर का तोहफा भी दे चुकी है। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा एलेक्सी के शेयर अपने रिकॉर्ड हाई से 59 पर्सेंट से ज्यादा टूट गए हैं। टाटा एलेक्सी के शेयर 17 अगस्त 2022 को 10,760.40 रुपये के लेवल पर थे। कंपनी के शेयर 12 मार्च 2026 को 4327.50 रुपये पर बंद हुए हैं।

## न्यू लेबर कोड में ईपीएफओ के नियमों में होगा बड़ा बदलाव, सरकार ने संसद में दी यह जानकारी

### ईपीएफ पर ब्याज दर तय करती है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि नई लेबर कोड व्यवस्था लागू होने के बाद भी फिलहाल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की मौजूदा व्यवस्था में कोई बड़ा बदलाव करने की योजना नहीं है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि नई लेबर कोड व्यवस्था लागू होने के बाद भी फिलहाल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की मौजूदा व्यवस्था में कोई बड़ा बदलाव करने की योजना नहीं है। राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद भी मौजूदा स्कीम कुछ समय तक पहले की तरह ही जारी रहेगी।

दरअसल, राज्यसभा सांसद सन्दोश कुमार पी ने सरकार से पूछा था कि क्या जमा राशि पर मिलने वाली ब्याज दर बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है और क्या नई लेबर कोड के तहत स्कीम में कोई बदलाव होगा। इस पर सरकार ने बताया कि ईपीएफओ पर ब्याज दर तय करने का प्रावधान कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 में पहले से तय है और उसी के अनुसार यह निर्णय लिया जाता है। सरकार के अनुसार, ईपीएफ जमा पर ब्याज दर तय करने का अंतिम फैसला केंद्र सरकार करती है, लेकिन यह निर्णय केंद्रीय न्यासी बोर्ड से




सलाह लेने के बाद लिया जाता है। इस बोर्ड में सरकार, कर्मचारियों और नियोक्ताओं के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। ब्याज दर तय करते समय यह भी देखा जाता है कि के निवेश से होने वाली कमाई और फंड की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी रहे और ब्याज खाते में किसी तरह की कमी या ओवरड्रॉ न हो। नई श्रम सुधार व्यवस्था के तहत लागू होने वाला सामाजिक सुरक्षा पर संहिता, 2020 भी सिस्टम की मूल संरचना को बरकरार रखता है। सरकार ने बताया कि जब यह कोड लागू होगा, तब भी मौजूदा स्कीम एक साल तक या तब तक जारी रहेगी जब तक कि वह नए कानून से टकराव में नहीं आती। यानी शुरुआत में कर्मचारियों को से जुड़े नियमों में अचानक कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा और नई व्यवस्था धीरे-धीरे लागू की जाएगी। दरअसल, सामाजिक सुरक्षा पर संहिता, 2020 देश के चार बड़े लेबर कोड में से एक है, जिसका उद्देश्य अलग-अलग सामाजिक सुरक्षा कानूनों को एक साथ लाकर व्यवस्था को आसान बनाना है। इस कोड के तहत कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 और मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 जैसे कई पुराने कानूनों को एक ढांचे में लाया गया है। नई व्यवस्था का एक बड़ा मकसद सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाना भी है। साथ ही पहली बार गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए भी अलग-अलग सामाजिक सुरक्षा योजनाएं बनाने का रास्ता खुलता है।

### एडोब के सीईओ शांतनु नारायण 18 साल बाद देंगे इस्तीफा, शेयरों में आया भूचाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फोटोशॉप जैसी क्रिएटिव सॉफ्टवेयर देने वाली कंपनी एडोब इंक के शेयरों में गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद 7 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट तब आई, जब कंपनी ने घोषणा की कि उसके सीईओ शांतनु नारायण 18 साल बाद पद छोड़ देंगे। एडोब के शेयर अब तीन साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं और इस साल अब तक इनमें 23 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। एडोब के बयान के अनुसार, हालांकि, नारायण तब तक सीईओ पद पर बने रहेंगे जब तक उनका उत्तराधिकारी नियुक्त नहीं हो जाता। उसके बाद भी वे कंपनी के बोर्ड में चेयरमैन के रूप में बने रहेंगे। यह बदलाव ऐसे समय में हो रहा है, जब एआई के दौर में कंपनी की विकास क्षमता को लेकर संदेह के बादल छाए हुए हैं। फोटोशॉप और अन्य क्रिएटिव प्रोडक्ट्स बनाने वाली एडोब उन सास कंपनियों में शामिल है जो एआई स्टार्टअप्स की लहर के बीच नए ग्राहक जोड़ने में संघर्ष कर रही हैं। एडोब ने अपनी विशाल मार्केट शेयर को बनाए रखने के लिए अपने क्रिएटिव और मार्केटिंग सॉफ्टवेयर में एआई टूल्स को शामिल किया है। कंपनी ने अपने खुद के एआई मॉडल भी पेश किए हैं, जो बिना कॉपीराइट जोखिम के इमेजरी बनाने में सक्षम हैं। नारायण के लगभग दो दशक लंबे सीईओ कार्यकाल के दौरान एडोब का सालान रेवेन्यू लगभग छह गुना बढ़कर 24 अरब डॉलर हो गया है। 2007 के अंत में पद संभालने के बाद से कर्मचारियों की संख्या भी 7,000 से बढ़कर लगभग 30,000 हो गई है। नारायण को सॉफ्टवेयर में पहले सफल बिजनेस मॉडल ट्रांजिशन में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम देने का श्रेय दिया जाता है, जहां ग्राहकों ने पर्सनल एप्लिकेशन खरीदने के बजाय प्रोडक्ट के लिए सब्सक्रिप्शन लेना शुरू किया।

● सीधा और निर्बाध प्रसंस्करण (एसटीपी) तंत्र शुरू करने का सुझाव दिया

## सेबी का निवेशक की मृत्यु के बाद वारिसों को सिक्योरिटीज के ट्रांसफर की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेबी के एडवाइजरी के अनुसार नियामक ने सरलीकृत दस्तावेजीकरण के लिए मौद्रिक सीमा में संशोधन करने और छोटे दावों के लिए सीधा और निर्बाध प्रसंस्करण (एसटीपी) तंत्र शुरू करने का सुझाव दिया है ताकि कागजी कार्रवाई कम हो सके और दावों के निपटान में तेजी आए। बाजार नियामक सेबी ने निवेशक की मृत्यु के बाद वारिसों को सिक्योरिटीज के ट्रांसफर की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव किया। इस पहल से नॉमिनी व्यक्ति और कानूनी वारिस वित्तीय संपत्तियों पर आसानी से क्लेम कर सकेंगे। सेबी के एडवाइजरी के अनुसार नियामक ने सरलीकृत दस्तावेजीकरण के लिए मौद्रिक सीमा में संशोधन करने और छोटे दावों के लिए सीधा और निर्बाध प्रसंस्करण (एसटीपी) तंत्र शुरू करने का सुझाव दिया है ताकि कागजी कार्रवाई कम हो सके और दावों के निपटान में तेजी आए। सेबी ने कहा कि सरलीकृत दस्तावेजीकरण के लिए मौजूदा सीमाएं बहुत पहले तय की गई थीं और सिक्योरिटीज की भारी वृद्धि और संपत्तियों की बढ़ी हुई कीमतों को देखते हुए




मौजूदा सीमाओं की समीक्षा करने की तत्काल आवश्यकता है। प्रस्तावित ढांचे के तहत एक सत्यापन योग्य मृत्यु प्रमाण पत्र में मूल प्रमाण पत्र, नामांकित व्यक्ति द्वारा सत्यापित प्रति, नोटरी या राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रति या क्यूआर कोड वाला प्रमाण पत्र शामिल हो सकता है। कानूनी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र तहसीलदार के पद से नीचे के राजस्व अधिकारी द्वारा जारी नहीं होना चाहिए। सेबी ने मौद्रिक सीमा में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। एसटीपी के तहत बहुत छोटे क्लेम के लिए लिमिट फिजिकल सिक्योरिटीज के लिए 10,000 रुपये और डीमैट सिक्योरिटीज के लिए 30,000 रुपये होगी। सरलीकृत दस्तावेजीकरण की सीमा फिजिकल होल्डिंग के लिए बढ़ाकर 10 लाख रुपये और डीमैट होल्डिंग के लिए 30 लाख रुपये की जाएगी। जहां नामांकन मौजूद है, वहां प्रक्रिया आसान होगी। नामांकित व्यक्ति को हस्तांतरण अनुरोध फॉर्म, डीमैट खाते की ताजा ग्राहक मास्टर सूची (सीएमएल), मृत्यु प्रमाण पत्र और एक वैध पहचान प्रमाण जमा करना होगा। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के लिए एक नए नियामकीय ढांचे पर विचार किया जा रहा है। इससे एआईएफ योजनाओं की पेशकश में तेजी आ सकती है। पेश किया जा सकेगा, जिससे नियामक मंजूरी में लगने वाला समय कम होगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित प्रणाली के तहत, कुछ विशिष्ट एआईएफ योजनाएं जांच-परख प्रमाणन के लिए मर्चेंट बैंकर पर निर्भर हो सकती हैं, जबकि केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिए योजनाओं को लाकर, एआईएफ प्रबंधक खुलासा संबंधी जांच-परख सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा।

## आईपीओ के इश्यू प्राइस पर चली कैंची, क्लोजिंग डेट में बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल टेंशन के कारण शेयर बाजार में हाहाकार मचा हुआ है। इस माहौल में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मार्केट भी ठंडा पड़ा है। ऐसे में कंपनियां या तो आईपीओ लॉन्च करने की योजना को आगे बढ़ा रही हैं या फिर अधिक आकर्षित बना रही हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक दिलचस्पी दिखा सकें। ऐसा ही एक आईपीओ एचआर और टोल प्लाजा प्रबंधन सेवाएं देने वाली कंपनी इनोविजन लिमिटेड का है। कंपनी ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की अंतिम तारीख 17 मार्च तक बढ़ा दी है। पिछले कार्यक्रम के अनुसार आईपीओ 10 मार्च को खुलकर 12 मार्च को बंद होने वाला था। निवेशकों की ओर से सुस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद कंपनी ने इश्यू के लिए कीमत के दायरे में भी कटौती की है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक, कंपनी ने अब इश्यू प्राइस को घटाकर 494-519 रुपये प्रति शेयर कर दिया है, जो पहले 521-548 रुपये प्रति शेयर था। बता दें कि बोली के लिए कीमत का नया दायरा 13 मार्च से प्रभावी होगा। इश्यू के पहले तीन दिन के दौरान निवेशकों की भागीदारी काफी कम रही।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के मुताबिक, तीसरे दिन तक आईपीओ को कुल मिलाकर केवल 32 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व हिस्सा 99 प्रतिशत भरा जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 36 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला। केवल 28 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला। कंपनी का प्रस्तावित आईपीओ 255 करोड़ रुपये के नए इश्यू और प्रवर्तकों द्वारा 68 करोड़ रुपये के 12.38 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। पश्चिम एशिया में संकट के कारण कच्चे तेल के दाम में तेजी का असर घरेलू शेयर बाजार पर पड़ना जारी है। स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 829 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 228 अंक के नुकसान में रहा।

### एक्सईडी आईपीओ ने बदली तारीख

इससे पहले, वरिष्ठ पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनी एक्सईडी एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पहले तय की गई छह मार्च की तारीख से बदलकर 16 मार्च कर दिया है। अब कंपनी का 10 से 10.5 डॉलर प्रति शेयर के इश्यू प्राइस वाला यह आईपीओ 16 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा।

# पटरी पर पहुंचा गजराज, कई ट्रेनों का परिचालन हुई बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले कलुंगा-कांसबहाल रेल खंड पर हाथियों की बढ़ती सक्रियता ने रेलवे प्रशासन और यात्रियों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। बुधवार की रात रेलवे ट्रैक के आसपास और पटरियों के बीच हाथियों के झुंड के पहुंचने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे ने बड़ा कदम उठाया।

यात्रियों और वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए करीब एक घंटे तक इस खंड पर ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा। रेलवे से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात 08:15 बजे से 09:28 बजे तक ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोक दिया गया। वन विभाग से ट्रैक पर हाथियों के गुजरने की पुख्ता सूचना मिलने के बाद प्रशासन ने यह फैसला लिया। इस दौरान अप, डाउन और थर्ड रेल लाइन के कई किलोमीटर पोल संख्या (426 से 428 के बीच) पर हाथियों का मूवमेंट देखा गया।

रेलवे ने बुधवार रात 08:15 बजे से गुरुवार सुबह 07:00 बजे तक के लिए इस खंड पर 40 किलोमीटर प्रतिघंटा का स्पीड रिस्ट्रिक्शन (गति सीमा) लागू कर दिया है। सभी लोको पायलटों को निर्देश दिया गया है कि वे इस क्षेत्र से गुजरते समय लगातार हॉर्न बजाएं और ट्रेन की गति धीमी रखें ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



## धनबाद में रोजगार मेला 18 को

**धनबाद।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से शनिवार को दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। कुमारधुबी नियोजनालय परिसर में सुबह 10 से शाम चार बजे तक मेला आयोजित होगा। 16 नियोजक कंपनियां भाग लेंगी, जहां 780 पुरुष व 304 महिलाओं समेत कुल 1084 पदों पर बहाली होगी। 18 साल के युवा से लेकर 55 वर्ष के अधेड़ तक आवेदन भर सकेंगे। नॉन मैट्रिक से पीजी और तकनीकी डिग्री धारकों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। स्थानीय स्तर पर कुमारधुबी, रामकनाली, चिरकुंडा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, बंगाल के आसनसोल व एमपीएल निरसा के अलावे बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई और गुजरात व हरियाणा में काम कर सकेंगे। मेले में भाग लेने के लिए शैक्षणिक प्रमाणपत्र के साथ आधार व किसी भी नियोजनालय का निबंधन कार्ड लाना जरूरी होगा। शिक्षक, बीमा सखी, ऑपरेटर समेत अन्य पदों पर नियुक्ति के लिए टेगा मैकनली मिनरल्स लि., कल्याणेश्वरी कोक प्रा. लि., अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर, एलआइसी आदि कंपनियां है।

# डिजिटल अरेस्ट कर लाखों की ठगी करने में तीन धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सीआइडी के अधीन संचालित साइबर अपराध थाने की पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगी के एक मामले में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के घाटशिला व कदमा से तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में भेज दिया है।

उनपर गढ़वा के एक सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सक को डिजिटल अरेस्त कर 38 लाख 62 हजार 982 रुपये की साइबर ठगी का आरोप है। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है, उनमें पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला निवासी रोहित कुमार जैन, कदमा निवासी संजीव कुमार मिश्रा व लोकेश महतो शामिल हैं। उनके पास से इस कांड से संबंधित मोबाइल व अन्य सामग्री की बरामदगी की गई है।

शिकायतकर्ता सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सक ने 27 फरवरी को साइबर अपराध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर साइबर अपराधियों ने फंसाने की धमकी दी, डराया व धमकाया तथा उनसे विभिन्न बैंक खाताओं में 38 लाख 62 हजार 982 रुपये स्थानांतरण करवा लिया। साइबर अपराध थाने की पुलिस ने मोबाइल विश्लेषण, बैंक खाते के विश्लेषण आदि के माध्यम से साइबर अपराधियों का पता लगाया और उन तक पहुंची।

साइबर अपराधियों के अन्य सहयोगियों की तलाश जारी है। इसमें अन्य लाभार्थी, हैंडलर व बैंक म्यूल खातों की पहचान की जा रही है, जिनके खाते में उक्त राशि हस्तांतरित की गई है।

पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन या वीडियो काल पर पैसे की मांग नहीं करती है और न हीं किसी को डिजिटल अरेस्ट करती है।

## अधेड़ लापता

नगरनौसा(नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड के कछियावां पंचायत अंतर्गत अकैड़ गांव निवासी राजू कुमार नौ मार्च से घर से लापता हैं।इस सम्बंध में लापता व्यक्ति की पत्नी कंचन देवी ने चंडी थाना में पति के गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है। अपने आवेदन में पीड़िता ने कहा कि मेरे पति राजू कुमार उम्र 41 बर्ष पिता रामचंद्र महतो,रंग गेरुआ,कद पांच फीट पांच इंच जो मानसिक रूप से कमजोर है जो 9 मार्च को संध्या 7बजे घर मे किसी को बिना कुछ बोले निकल गए।जो अभी तक बापस नहीं आये हैं।

# प्रसिद्ध कैट कोचिंग आईआईएम वाला का रांची में उद्घाटन जल्द




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कैट प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाला प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान आईआईएम वाला अब रांची में अपना नया ब्रांच शुरू करने जा रहा है।

भारत के प्रसिद्ध मैनेजमैंट कॉलेज आईआईएम काशीपुर से प्रबंधन का कोर्स कर चुके एवं विख्यात शिक्षाविद् डॉ सुनील कुमार सिंह के द्वारा संचालित इस संस्थान का नया शाखा 16 मार्च 2026 को लालपुर स्थित आर एस टॉवर में एक भव्य समारोह के साथ उद्घाटित किया जाएगा।

इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के विधायक सीपी सिंह तथा डुमरी, गिरिडीह के विधायक जयराम महतो उपस्थित रहेंगे।

आईआईएम वाला देशभर में CAT, CLAT, IPMAT, CUET तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी के लिए जाना जाता है।

रांची में ब्रांच शुरू करने के सवाल पर आईआईएम के निदेशक डॉ सुनील ने बताया कि उनका जन्मस्थल झारखंड है और उनकी वर्षों कि ख्वाहिश थी की अपने जन्मभूमि के लिए शिक्षा और खेल के क्षेत्र में कुछ विशेष करें।

डॉ सुनील खुद भी एक पेशेवर क्रिकेटर रह चुके हैं। आईआईएम वाला के रांची ब्रांच शुरू होने से झारखंड के विद्यार्थियों को अपने ही शहर में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा। संस्थान की ओर से रांची के विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षा प्रेमियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को इस उद्घाटन समारोह में सादर आमंत्रित किया गया है।

## इशान किशन पहुंचे दादी घर

**नवादा।** गुजरात के अहमदाबाद में बीते आठ मार्च को टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम का अभिन्न हिस्सा रहे बेहतरीन बल्लेबाज ईशान किशन नवादा पहुंचे।जिला मुख्यालय के पुरानी जेल रोड स्थित सावित्री सेवा सदन में उनकी दादी डॉ. सावित्री शर्मा का निवास है। विश्व विजेता बनी टीम इंडिया के धुरंधर बल्लेबाज ईशान किशन के नवादा पहुंचने की खबर जिलेवासियों को लगी, तो उनकी दादी के घर पर क्रिकेटप्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग उनकी एक झलक पाने को उत्सुक दिखे। शाम ढलने के बाद ईशान किशन अपनी दादी के घर पहुंचे। ढोल-नगाड़ों के बीच उनका भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान ईशान के दादा उन्हें देखकर भावुक हो गए। उनके चहेते क्रिकेट खिलाड़ी फूल-माला फेंकते नजर आएं। दादी के घर पहुंचे ईशान किशन ने घर की बाल्कनी से क्रिकेटप्रेमियों का अभिनंदन स्वीकार किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। टी-20 वर्ल्ड कप, 2026 में ईशान किशन टीम इंडिया के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले क्रिकेटर रहें।

# स्कूल में सब्जी काटने एवं आलू छीलने को मजबूर हैं छात्र

**वीडियो वायरल**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** शिक्षा का ऐसा दंश कि सीधे बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल रहा है। सिलदिलिया कला पीएम श्री स्तरोन्नत पल्स टू उच्च विद्यालय में बच्चे किताब छोड़कर सब्जी काटने और आलू छीलने को मजबूर हैं।

यह केवल एनुअल फंक्शन के लिए ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा का नियम बन चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि इस विद्यालय में पढ़ाई केवल नाटकीय दिखावा है, और वास्तविकता में बच्चों का शोषण और मजदूरी हो रही है।

इंटरनेट मीडिया में वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि बच्चे रसोई में बैठकर आलू छीलते और सब्जी काटते हैं। बच्चों ने बताया कि प्रधानाध्यापक रविशंकर दास उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर करते हैं। विरोध करने पर भविष्य बर्बाद करने और स्कूल से नाम हटाने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि रसोई में कर्मचारी होते हुए भी बच्चों से काम कराना अपराध और बच्चों के अधिकारों का खुला उल्लंघन है।सिलदिलिया कला गांव के मृत्युंजय सिंह, लक्ष्मी सिंह, सविता देवी, वकील सिंह, अमित कुमार, इन्द्रनाथ सिंह, प्रेमनाथ सिंह, विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ सिंह आदि बताते हैं कि मध्याह्न भोजन केवल कागजों में पूरा दिखता है। वास्तविक रूप से नहीं बनता।

सालों से एनुअल फंक्शन के नाम पर सरकारी राशि की बंदरबांट और बच्चों से निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की जाती है। अगर इसकी उच्चस्तरीय जांच हुई तो लाखों रुपए का सिस्टमेटिक घोटाला उजागर होगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा स्थगित

**22 मार्च की जगह अब 14 अप्रैल को होगी परीक्षा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के अंतर्गत 22 मार्च को होनेवाली लिखित परीक्षा अपरिहार्य कारण बताते हुए स्थगित कर दी है।

अब यह परीक्षा 14 अप्रैल को आठ जिलों रांची, रामगढ़, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, बोकरो, धनबाद, देवघर तथा दुमका में अवस्थित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। आयोग ने शुक्रवार को इस संबंध में सूचना प्रकाशित कर दी। बताया जाता है कि सरहुल के कारण 22 मार्च को होनेवाली परीक्षा स्थगित की गई है।

इधर, आयोग ने झारखंड एएनएम प्रतियोगिता परीक्षा-2025 को लेकर भी सूचना प्रकाशित की है। इसके तहत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) के कुल 3,181 पदों (बैकलाग सहित) पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 18 और 19 मार्च को किया जाएगा। यह परीक्षा रांची स्थित विभिन्न सीबीटी (कंप्यूटर आधारित टेस्ट) परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी।

आयोग के अनुसार, अभ्यर्थियों को उनकी परीक्षा तिथि की जानकारी पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल पर मेल/एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जाएगी। अभ्यर्थी 14 मार्च से अपना प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। आयोग की ओर से अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र की एक अतिरिक्त प्रति और दो पासपोर्ट साइज फोटो अपने साथ अवश्य लेकर आएं।

# खून की कमी से जूझ रहा ब्लड बैंक

**बूंद-बूंद खून के लिए भटक रहे मरीजों के परिजन**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में खून की भारी किल्लत हो गई है। स्थिति ऐसी बन गई है कि जरूरतमंद मरीजों को समय पर खून नहीं मिल पा रहा है और उन्हें कई-कई घंटे या फिर कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है।

जिले में हर महीने लगभग 600 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है, लेकिन रक्तदान की धीमी प्रक्रिया और ब्लड बैंक को अब तक लाइसेंस नहीं मिलने के कारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। लोहरदगा ब्लड बैंक को अभी तक स्थायी लाइसेंस नहीं मिल पाया है। इसके कारण यहां एकत्रित किए गए रक्त की जांच स्थानीय स्तर पर नहीं हो पाती।

रक्तदान के बाद ब्लड को जांच के लिए रांची भेजना पड़ता है, जिससे पूरी प्रक्रिया में दो से तीन दिन का समय लग जाता है। पहले रक्तदान कर ब्लड बैंक में यूनिट जमा किए जाते हैं, उसके बाद कर्मचारियों द्वारा उसे रांची सदर अस्पताल ले जाया जाता है, जहां से आगे जांच के लिए रिम्स भेजा जाता है। जांच पूरी होने के बाद उतनी ही मात्रा में रक्त वापस उपलब्ध कराया जाता है।

समस्या तब और बढ़ जाती है, जब रक्तदान करने वालों की संख्या कम होती है।

कई बार दो से तीन यूनिट ही रक्तदान होता है, ऐसे में उसे जांच के लिए भेजना व्यावहारिक रूप से मुश्किल हो जाता है। ऐसे मामलों में ब्लड बैंक के कर्मचारी कुछ दिनों तक और यूनिट जमा होने का इंतजार करते हैं, उसके बाद ही जांच के लिए रक्त रांची ले जाया जाता है।

इस वजह से मरीजों को समय पर खून नहीं मिल पाता और परेशानी बढ़ जाती है। यही नहीं थैलेसिमिया मरीजों को सबसे पहले खून देने का निर्देश है।




प्रसव और दूसरे मामलों में समय से खून नहीं मिल पा रहा है।

रक्तदान शिविरों का आयोजन भी लगभग ठप पड़ गया है। जिले में रक्तदान के क्षेत्र में काम करने वाली कई सामाजिक संस्थाएं हैं, जिनमें इमरजेंसी केयर, जय श्री राम समिति, मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसाइटी, आदिवासी समिति, रेड क्रास सोसाइटी, भारतीय जनता पार्टी और युवा कांग्रेस सहित कई संगठन शामिल हैं। इसके बावजूद हाल के दिनों में रक्तदान की गतिविधियां काफी धीमी पड़ गई हैं।

# कंटेनर पलटने से छह गाड़ियां में टकरायी

**एक की गयी जान, लगा जाम**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित संघरी घाटी में शुक्रवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। घाटी के खतरनाक मोड़ पर एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके बाद पीछे आ रहे आधा दर्जन हाईवा ट्रक आपस में टकरा गए।दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर के अचानक पलटते ही पीछे से आ रहे भारी वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। देखते ही देखते सड़क पर अफरातफरी मच गई। हादसे में कई वाहनों को भारी क्षति पहुंची है और चालक व सहचालकों में दहशत फैल गई। दुर्घटना के बाद चतराझडोभी मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सदर व विशिष्ट नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया।

पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने और यातायात बहाल करने का प्रयास शुरू कर दिया है। जाम हटाने के लिए क्रेन की मदद से पलटे कंटेनर और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि संघरी घाटी का यह क्षेत्र काफी खतरनाक है और यहां पहले भी कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने प्रशासन से घाटी क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

# देवघर पुलिस को मिली नये वाहनों की सौगात

**अपराध पर लगेगा लगाम**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** देवघर में पुलिसिंग को और बेहतर किया जा सकेगा। गश्ती व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा सकेगा। ये संभव इस कारण हो पाएगा क्योंकि मुख्यालय की ओर से देवघर जिला को 28 चार चक्का और 39 दो चक्का वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है।

एसपी सौरभ ने बताया कि इन वाहनों का उपयोग बेहतर पुलिसिंग व गश्ती व्यवस्था को दुरुस्त करने में किया जाएगा। जानकारी हो कि जिले के कई थानों में वाहनों की कमी के कारण पुलिस को गश्ती करने में परेशानी होती है। कई जगह वाहन हैं भी वह काफी पुराने व कंडम हालत में हैं। किसी का टायर खराब हो गया है तो किसी का बैटरी। किसी गाड़ी की बॉडी सड़ चुकी है तो किसी में ठीक से ब्रेक नहीं लगता। किसी का सीट उखड़ गया है तो किसी का दरवाजा सही से बंद नहीं होगा।

ऐसे में हर वक्त गश्ती के दौरान पुलिस वालों को हादसे का डर सताता रहता था। इसके बावजूद पुलिस अब तक उपलब्ध संसाधनों के भरोसे ही पुलिस गश्ती कर रही थी। ऐसे में नए वाहन पुलिस के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। काफी दिनों से यहां वाहनों की कमी थी और कई बार डिमांड भी किया गया था।

वहीं, नए वाहनों के आने से पुराने वाहनों के रखरखाव में हो रही खर्च में भी कमी आएगी, जिस कारण राजस्व की बचत होगी। एसपी ने बताया कि ये आंकलन किया जा रहा है कि किसी थाना क्षेत्र में




समस्या ज्यादा है। कहां की गाड़ी ज्यादा खराब है।

क्षेत्र, अपराध व गश्ती व्यवस्था के मद्देनजर कहां दो पहिया और कहां चार पहिया वाहन की जरूरत है। जरूरत के मुताबिक थाना क्षेत्र में वाहनों को उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, वाहन उपलब्ध कराने के बाद विभिन्न थाना क्षेत्र में गश्ती व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में पहल किया जाएगा।

इन वाहनों के आने से जिले में गश्ती व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही विधिवत संचालित करने में मदद मिलेगी। जानकारी हो कि राज्य में सभी जिलों को नया चार चक्का व दो चक्का वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## 447 आंगनबाड़ी केंद्र भवन हीन

**चाईबासा** । पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित योजनाओं की जमीनी हकीकत जानना और बुनियादी ढांचे में सुधार लाना था।

बैठक के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जिले में कुल 2333 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें से 447 केंद्र वर्तमान में किराए के भवनों में चल रहे हैं। उपायुक्त ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए निमार्णाधीन भवनों की प्रगति का जायजा लिया।

डीसी चंदन कुमार ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि जिले के सभी 2333 केंद्रों की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। इसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और समर कार्यक्रम की प्रगति की भी परियोजना वार समीक्षा की।

# जदयू में शामिल होने के बाद पैतृक गांव पहुंचे निशांत

**गांव की मिट्टी को किया प्रणाम, शूटिंग रेंज में युवाओं से मिले**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** निशांत कुमार के जनता दल (यूनाइटेड) की सदस्यता लेने के बाद उनकी राजनीतिक सक्रियता लगातार बढ़ती दिख रही है। इसी क्रम में वे अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा पहुंचे, जहां उन्होंने गांव का भ्रमण किया और परिजनों की स्मृतियों को नमन करते हुए अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत का संकेत दिया।

गांव पहुंचने पर निशांत ने सबसे पहले ग्राम देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने दादा की स्मृति में बने वैद्य रामलखन सिंह स्मृति वाटिका में पहुंचकर मां और दादा-दादी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

गांव की मिट्टी को प्रणाम करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे नीतीश कुमार के कार्यों और आदर्शों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

गांव भ्रमण के दौरान निशांत विधायक सह निशानेबाज चेतन आनंद के साथ इनडोर शूटिंग रेंज भी पहुंचे। वहां प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से मुलाकात की, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और एयर राइफल से निशाना भी लगाया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करने और खेल में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उनको अपने बीच पाकर युवा उत्साहित दिखे।

इसके बाद निशांत अपने ननिहाल सेवदह पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग गलियों और घरों की छतों पर नजर आए। यहां वे करीब आधे घंटे तक स्वजनों और ग्रामीणों से मिले और उनका आशीर्वाद लिया।

निशांत के आगमन को लेकर कार्यकताओं ने भव्य तैयारी की थी। उनके काफिले के साथ कई विधायक और पार्टी नेता भी कल्याण बिगहा पहुंचे थे।

इस दौरान कुछ कार्यकताओं ने निशांत से मुख्यमंत्री बनने का आग्रह करते हुए नारे भी लगाए।

## आरोण्यक घोष बने राष्ट्रीय रैपिड शतरंज चैंपियन



**रांची (एजेंसी)।** शतरंज के फटाफट फॉर्मेट रैपिड और ब्लिट्ज की राष्ट्रीय चैंपियनशिप इस समय रांची की बिरला विश्वविद्यालय में खेले जा रहे है और पहले दो के 11 राउंड के रैपिड मुक़ाबले के बाद देश को नया रैपिड चैंपियन रेलवे के अरोण्यक घोष के तौर पर मिला है . उन्होंने सर्वाधिक 9.5 अंक बनाते हुए खिताब अपने नाम किया ,2541 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 8 जीत और 3 ड्रा के साथ अपराजित रहते हुए खिताब अपने नाम किया इस दौरान सातवे से नौवे राउंड के दौरान प्रतियोगिता के शीर्ष तीन वरीय खिलाड़ी अभिमन्यु पौराणिक , मुरली कार्तिकेयन और मित्रभा गुहा पर उनकी जीत नें उनके लिए खिताब की राह आसान बना दी और अंतिम दोनों राउंड उन्होंने सम्हलकर खेलते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। 9 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर तमिलनाडु के मुरली कार्तिकेयन दूसरे और हरि माधवन तीसरे स्थान पर रहे । देश भर से कुल 11 ग्रैंड मास्टर्स समेत कुल 219 खिलाड़ियों नें इसमें प्रतिभागिता की जिसमें कुल 55 टाइटल खिलाड़ी थे ।

## युवाराज से पावर हिटिंग सीख रहे ऋषभ पंत

### आईपीएल से पहले स्टांस बदला, पिछले सीजन में 269 रन ही बना सके थे



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल के पिछले सीजन में खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ पंत अब युवराज सिंह से पावर हिटिंग की ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम में एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें पंत मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में युवराज की निगरानी में बड़े-बड़े शॉर्ट खेलने की प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस वीडियो में युवराज सिंह उनकी तकनीक को ध्यान से देख रहे हैं। इतना ही नहीं, वे उन्हें बल्लेबाजी से जुड़े सुझाव भी देते नजर आ रहे हैं। पंत के लिए आईपीएल का पिछला सीजन काफी खराब रहा था। वे एक शतकीय पारी के बावजूद महज 269 रन ही बना सके थे।



**लेफ्टी बॉलर्स के खिलाफ स्टांस बदला-** इस ट्रेनिंग सेशन में पंत ने ओपन स्टांस लिया यानी कि वे बाएं हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ थोड़े खुले पैरों के साथ बैटिंग करते दिखे। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस बदलाव से उन्हें ऑफ-साइड में बड़े शॉट खेलने और बेहतर एंगल कवर करने में मदद मिलेगी। पंत चोट से वापसी कर रहे हैं। वे 11 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से ठीक पहले चोटिल हो गए थे। ट्रेनिंग सेशन के दौरान थ्रोडाउनर की बॉल पंत की दाहिनी पसलियों पर लगी थी। वे इस सीरीज से बाहर हो गए थे। उन्होंने पिछला इंटरनेशनल मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में 22 से 26 नवंबर 2025 को खेला था।

### युवाओं के मेंटर बन चुके हैं युवराज

युवराज सिंह पिछले कुछ वर्षों में युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन मेंटर साबित हुए हैं। उन्होंने शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह जैसे खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी है। इन खिलाड़ियों ने युवराज के साथ अभ्यास के बाद टी-20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। पंत से पहले खराब फॉर्म से गुजर रहे संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से मदद ली थी। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 96 रनों से फाइनल मैच जीतने के बाद कहा था कि सचिन ने उनकी फॉर्म वापसी में काफी मदद की थी।

● कुलदीप यादव की शादी में रिंकू सिंह-युजवेंद्र चहल मसूरी पहुंचे

# बोले- भाई की शादी, फुल डांस होगा

## शाम को संगीत और कॉकटेल पार्टी आयोजित

**मसूरी (एजेंसी)।** कुलदीप यादव की शादी को लेकर मसूरी में समारोह शुरू हो चुके हैं। सुबह 11 बजे से हल्दी की रस्म शुरू हुई, जो दोपहर करीब दो बजे के बाद खत्म हुई। इसके बाद मेहमानों ने खास दावत का आनंद लिया, जिसमें एक थाली की कीमत 20 हजार रुपए से ज्यादा है।

हल्दी के बाद समारोह में डांस और मस्ती का दौर शुरू हो गया। इससे पहले ही क्रिकेट और मनोरंजन जगत की कई हस्तियां मसूरी पहुंच चुकी थीं। इसके अलावा रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, कैलाश खेर और बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर भी समारोह में शामिल होने के लिए मसूरी पहुंचे हैं।

क्रिकेटर रिंकू सिंह अपनी मंगेतर प्रिया सरोज के साथ नजर आए। वहीं, युजवेंद्र चहल ने कहा कि भाई की शादी है, फुल डांस होगा। भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी दिलीप भी समारोह में शामिल होने के लिए मसूरी पहुंच चुके हैं। वहीं, शाम तक तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को शादी समारोह में सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा और भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के भी शामिल होने की उम्मीद है।

**बचपन की दोस्त से शादी कर रहे कुलदीप-** मसूरी में होने वाली इस शादी को लेकर होटल और आसपास के इलाकों में खास तैयारियां की गई हैं। अभी होटल में कुलदीप यादव के दोस्त मस्ती और डांस कर रहे हैं। कुलदीप अपनी मंगेतर और बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। यह रॉयल वेडिंग उत्तराखंड के मसूरी स्थित आलीशान आईटीसी सेवॉय होटल में हो रही है। शादी के कार्यक्रम 12 मार्च से शुरू हुए थे, जो 14 मार्च तक चलेंगे। डिजिटल इन्विटेशन कार्ड में मेहंदी, हल्दी, संगीत, कॉकटेल और शादी के मुख्य कार्यक्रम की पूरी जानकारी साझा की गई है। कुलदीप 12 मार्च को देहरादून पहुंचे थे, जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद वह कार से मसूरी पहुंचे। होटल के एंट्री गेट पर कुलदीप यादव नाचते और जश्न मनाते हुए नजर आए।



### हल्दी रस्म हुई

### संगीत और कॉकटेल

13 मार्च को सुबह 11 बजे होटल के बीयर गार्डन में हल्दी की रस्म हुई। इसके बाद शाम 6 बजे सेंट्रल लॉन में ग्रैंड संगीत और कॉकटेल पार्टी आयोजित थी।




● **कुलवंश के नाम से ट्रेंड करेगी शादी-** डिजिटल इन्विटेशन कार्ड की शुरुआत भगवान गणेश की वंदना से की गई है। कार्ड को रॉयल और मॉडर्न लुक दिया गया है, जिसमें कुलदीप यादव और वंशिका सिंह के एनिमेटेड अवतार भी नजर आते हैं। कपल ने अपनी शादी के लिए कुलवंश चुना है। यह हैशटैग कुलदीप के नाम के 'कुल' और वंशिका के नाम के 'वंश' को मिलाकर बनाया गया है। माना जा रहा है कि शादी से जुड़े फोटो और वीडियो इसी हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किए जाएंगे।

# ज्वेरेव पहली बार इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में

● एटीपी मास्टर्स के सभी 9 इवेंट्स में आखिरी-4 खेलने वाले पांचवें खिलाड़ी बने

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** ज्वेरेव ने कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को इंडियन वेल्स मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से हराया।

इस जीत के साथ ज्वेरेव एटीपी मास्टर्स-1000 के सभी नौ टूर्नामेंट में सेमीफाइनल खेलने वाले सिर्फ पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच, रोजर फेडरर और एंडी मरे यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

### बिग फोर के क्लब में शामिल

इस उपलब्धि के साथ ज्वेरेव बिग फोर यानी रोजर फेडरर, राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और एंडी मरे के चुनिंदा खिलाड़ी क्लब में शामिल हो गए हैं। ज्वेरेव ने कहा,इतिहास में ऐसा करने वाले सिर्फ पांच खिलाड़ियों में शामिल होना मेरे लिए बहुत खास है। यह ऐसी उपलब्धि है जिस पर मुझे गर्व है।



**मास्टर्स खिताब जीत चुके हैं-** ज्वेरेव अब तक नौ में से पांच मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीत चुके हैं। हालांकि, वह अभी तक कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं, जबकि तीन बार फाइनल तक पहुंच चुके हैं।

**सेमीफाइनल में सिनर से मुकाबला-** सेमीफाइनल में ज्वेरेव का मुकाबला इटली के वर्ल्ड नंबर-2 जेनिक सिनर से होगा। सिनर के खिलाफ ज्वेरेव का रिकॉर्ड थोड़ा कमजोर रहा है और वह लगातार पांच मैच हार चुके हैं।

सिनर ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन को सिर्फ 66 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया। सिनर अभी तक इंडियन वेल्स का खिताब नहीं जीत पाए हैं और इस साल अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। इससे पहले वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल और कतर ओपन के क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो गए थे।

### क्या है एटीपी मास्टर्स 1000 का 'सेट'

टेनिस में ग्रैंड स्लैम के बाद मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट सबसे प्रतिष्ठित माने जाते हैं। एक साल में कुल 9 ऐसे टूर्नामेंट होते हैं-इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे कार्लो, मैड्रिड, रोम, कनाडा, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस। इन सभी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचना किसी खिलाड़ी की निरंतरता और उच्च स्तर के प्रदर्शन को दर्शाता है। ज्वेरेव ने इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर अपना यह 'सेट' पूरा कर लिया है।

## अल्काराज लगातार पांचवीं बार इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया और गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लगातार पांचवें इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचे। टॉप सीड खिलाड़ी ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवंबर में पेरिस में हराया था।




अल्काराज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में नॉरी के बारे में कहा, मुझे उनके स्टाइल से बहुत दिक्कत होती है। हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके (हैवी) टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिंग है। और फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट मिल रहा है। मैंने अच्छा खेला। मैंने सॉलिड खेला। जब भी हो सका, मैंने एग्रेसिव खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं।

अल्काराज और नॉरी ने पूरे मैच में मोमेंटम बदला, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने ज़्यादातर अपना पलड़ा भारी रखा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्व ब्रेक के साथ खत्म हुआ। इसके बाद नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम जीतकर जवाब दिया। 22 साल के खिलाड़ी ने 10 ब्रेक के मौके बनाए, जिनमें से चार को भुनाया। तेज बेसलाइन हिटिंग, हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिक्स दिखाते हुए, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक घंटे 33 मिनट में जीत हासिल की।


● अबरार अहमद पर काव्या मारन ने 2.34 करोड़ की बोली लगाई, द हंड्रेड लीग में खेलेंगे, खरीदने पर बढ़ा विवाद

# भारतीय फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स ने पाक क्रिकेटर को खरीदा



**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स ने गुरुवार को पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद पर बोली लगाई। सनराइजर्स की सीईओ काव्या मारन ने खुद उन्हें 1.90 लाख पाउंड (करीब 2.34 करोड़ रुपए) में खरीदा। इसी के साथ अबरार 21 जुलाई से शुरू हो रही द हंड्रेड लीग में किसी भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी से जुड़ने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गए। अबरार को खरीदने पर सोशल मीडिया पर काव्या मारन की आलोचना की जा रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने 2009 के बाद से किसी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को साइन नहीं किया है। चेन्नई की मीडिया कंपनी सन ग्रुप ने पिछले साल नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स में पहले 49 प्रतिशत हिस्सेदारी ईसीबी से और बाकी 51 प्रतिशत यॉर्कशायर काउंटी क्लब से करीब 10 करोड़ पाउंड में खरीदी थी। इसके बाद टीम का नाम बदलकर सनराइजर्स लीड्स रखा गया। सन ग्रुप आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद और एसए 20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप की भी मालिक है, लेकिन इन टीमों में अभी कोई पाकिस्तानी खिलाड़ी नहीं है।

**उस्तान तारिक 1.72 करोड़ रुपए में बिके-** इस नीलामी में बिकने वाले दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक रहे, जिन्हें बर्मिंघम फीनिक्स ने 1.40 लाख पाउंड (लगभग 1.72 करोड़ रुपए) में खरीदा। हालांकि, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर सैम अयूब अनसोल्ड रहे।



### बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान पर विवाद हुआ था

आईपीएल की फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (आईपीएल) ने 16 दिसंबर 2025 को अबू धाबी में आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं के कारण भारत में इसका विरोध होने लगा। इस पर बीसीसीआई के कहने पर केकेआर ने रहमान को रिलीज कर दिया है। इससे नाराज बांग्लादेशी सरकार ने अपने देश में आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगा दी थी। इतना ही नहीं, बांग्लादेश ने भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार कर दिया था। ऐसे में आईसीसी ने बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से ही बाहर कर दिया गया था। बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टी-20 वर्ल्ड कप में शामिल किया गया था।

### पाकिस्तान ने भारत से मैच का बॉयकॉट किया था

पाकिस्तानी सरकार ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत से मैच का बॉयकॉट कर दिया था। हालांकि, श्रीलंकाई राष्ट्रपति के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तानी सरकार ने भारत से मैच के लिए मंजूरी दी थी। कोलंबो में 15 फरवरी को खेले गए इस मैच में भारतीय टीम ने 61 रनों के अंतर से जीता था। पाकिस्तान के खिलाफ ईशान किशन ने फिफ्टी लगाई थी।

# ट्रम्प बोले- ईरानी टीम का अमेरिका न आना ही बेहतर

### हालांकि हम उनका स्वागत करेंगे, ईरानी मंत्री बोल चुके-फीफा वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरानी फुटबॉल टीम को अपनी जान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वर्ल्ड कप के लिए अमेरिका नहीं आना ही बेहतर होगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ईरानी टीम का स्वागत है।

अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको मिलकर 2026 फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून को मैक्सिको सिटी से होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 19 जुलाई को न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेला जाएगा।

**ईरानी खेल मंत्री ने कहा था कि खेलना मुश्किल-** वहीं, एक दिन पहले ईरान के खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने कहा कि देश की फुटबॉल टीम 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले सकती। उनका कहना है कि अमेरिकी-इजराइली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या के बाद बने हालात में टीम का टूर्नामेंट में भाग लेना संभव नहीं है। इससे पहले फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने बताया था कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि ईरान की राष्ट्रीय टीम को 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप खेलने के लिए अमेरिका आने की अनुमति दी जाएगी।

**टिकटों की डिमांड सबसे ज्यादा, खिलाड़ियों को मिलेगा स्टार ट्रीटमेंट-** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने बताया कि वर्ल्ड कप के टिकटों की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने फैन्स और खिलाड़ियों को भरोसा दिलाते हुए लिखा,संयुक्त राज्य अमेरिका फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। टिकटों की बिक्री आसमान छू रही है। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे महान और सुरक्षित आयोजन होगा।

● बीसीसीआई ने प्रैक्टिस सेशन की गाइडलाइन जारी की, 2 प्रैक्टिस मैच खेल सकेंगी

# अब नेट्स शेयर नहीं कर सकेंगी आईपीएल टीमें

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने आईपीएल टीमों के प्रैक्टिस सेशन को लेकर



नई गाइडलाइन जारी की हैं। इसके अनुसार कोई भी टीम उस नेट या पिच पर प्रैक्टिस नहीं कर सकेगी, जिस पर दूसरी टीम पहले अभ्यास कर चुकी हो। हर टीम को अभ्यास के लिए अलग और नए नेट उपलब्ध कराए जाएंगे।

अगर दो टीमें अलग-अलग समय पर अभ्यास करती हैं तो भी पहली टीम के इस्तेमाल किए नेट दूसरी टीम को नहीं दिए जाएंगे। अगर कोई टीम जल्दी अभ्यास खत्म कर देती है, इस स्थिति में भी दूसरी टीम उसकी रेंज-हिटिंग पिच का उपयोग नहीं कर पाएगी।

आईपीएल की शुरुआत 28 मार्च से होगी। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जाएगा। बीसीसीआई ने एक दिन पहले 11 मार्च को आईपीएल 2026 का शेड्यूल जारी किया है।

### प्रैक्टिस गाइडलाइन

**1. हर टीम 2 प्रैक्टिस मैच ही खेल सकेगी-** फ्लडलाइट में प्रैक्टिस मैच की अवधि अधिकतम साढ़े तीन घंटे होगी। हर टीम को बीसीसीआई की परमिशन के बाद ज्यादा से ज्यादा 2 प्रैक्टिस मैच खेलने की अनुमति होगी। हालांकि, ये मुकाबले मुख्य पिच पर नहीं खेले जाएंगे, बल्कि साइड विकेट पर आयोजित किए जाएंगे।

**2. मैच से 4 दिन पहले तक मेन पिच पर प्रैक्टिस या ट्रेनिंग नहीं-** किसी फ्रेंचाइजी के पहले घरेलू मैच से 4 दिन पहले तक मुख्य पिच पर कोई अभ्यास सत्र या प्रैक्टिस मैच नहीं होगा, ताकि पिच को सीजन के लिए तैयार किया जा सके। प्रैक्टिस सेशन के समय तय करने में होम टीम को प्राथमिकता दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में छह साल की बच्ची से पिता कर रहा था अश्लील हरकत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुराड़ी इलाके में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। छह साल की बच्ची के साथ उसका पिता ही अश्लील हरकत कर रहा था। इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जाने पर बच्ची से पूछताछ में डॉक्टर को इस बात की जानकारी मिली, जिसके बाद अस्पताल से ही पुलिस को घटना के बारे में सूचना दे दी गई। पुलिस ने बच्ची मां की शिकायत पर पिता के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो की धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित बच्ची परिवार के साथ बुराड़ी इलाके में रहती है और पास के एक निजी स्कूल में एलकेजी में पढ़ती है। कुछ दिन पहले बच्ची ने पहले अपनी मां को आपबीती बताते हुए पिता द्वारा अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था, जिसके मां ने उसे पिता से दूर रहने के लिए कहा था। इस बीच छह मार्च को बच्ची को परेशानी आने पर उसकी मां उसे लेकर चाचा नेहरू अस्पताल पहुंची। डॉक्टर द्वारा पूछताछ में बच्ची ने पिता पर गंदी हरकत करने की बात कही, जिसके बाद भेज खुल गया। अस्पताल से तुरंत पुलिस को इस मामले की सूचना दे दी गई।

### एशरमैन सिंड्रोम से पीड़ित 2 महिलाओं ने दिया स्वस्थ बच्चों को जन्म

**नई दिल्ली।** प्रजनन उपचार के क्षेत्र में सर गंगाराम अस्पताल के विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। अस्पताल के विशेषज्ञों ने गंभीर एशरमैन सिंड्रोम से पीड़ित दो महिलाओं का नाल से प्राप्त मेसेनकाइमल स्टेम सेल की मदद से सफल उपचार कर उन्हें मां बनने में मदद की। उपचार के बाद दोनों महिलाओं ने दो स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। यह उपचार अस्पताल के आईवीएफ एवं मानव प्रजनन केंद्र द्वारा चल रहे एक परीक्षण के तहत किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार एशरमैन सिंड्रोम एक ऐसी स्थिति है, जिसमें महिला के गर्भाशय के अंदर घाव बन जाते हैं। इसके कारण गर्भाशय सिकुड़ जाता है और महिला के लिए गर्भधारण करना कठिन हो जाता है। यह समस्या अधिकतर गर्भपात के बाद की सफाई, संक्रमण या सर्जरी के कारण हो सकती है। सर गंगाराम अस्पताल एवं मानव प्रजनन केंद्र की निदेशक डॉ. आभा मजूमदार ने बताया कि इस उपचार में महिला की नाल से प्राप्त मेसेनकाइमल स्टेम सेल को गर्भाशय की भीतरी परत के नीचे इंजेक्शन के रूप में दिया गया। इससे गर्भाशय की क्षतिग्रस्त परत के दोबारा बनने में मदद मिली और गर्भधारण संभव हो सका। डॉ. आभा मजूमदार के अनुसार यह तकनीक भविष्य में उन महिलाओं के लिए मातृत्व की नई उम्मीद बन सकती है, जिन्हें एशरमैन सिंड्रोम या गर्भाशय की अंदरूनी परत से जुड़ी गंभीर समस्याओं के कारण गर्भधारण में कठिनाई होती है।

### कालाबाजारी पर नकेल, रेस्तरां और गैस एजेंसियों की होगी कड़ी निगरानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में रसोई गैस (एलपीजी) की कालाबाजारी और अवैध भंडारण रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। संजीव कुमार द्वारा गुरुवार को जारी नए सर्कुलर के अनुसार, अब घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग और अवैध जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। एलपीजी बुकिंग और वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं: वे अपने अधीन आने वाले खाद्य सुरक्षा अधिकारियों (एफएसओ) को सभी गैस एजेंसियों, गोदामों और रिफिलिंग केंद्रों की नियमित निगरानी करने के लिए तैनात करें। व्यावसायिक केंद्रों, विशेष रूप से बड़े रेस्तरां और भोजनालयों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के अवैध उपयोग की जांच के लिए अधिकारियों को बार-बार औचक निरीक्षण करने को कहा गया है। इस अभियान की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को रोजाना की कार्यवाही की रिपोर्ट फ्यूल ब्रांच (मुख्यालय) को सौंपनी होगी।

# दिल्ली में एलपीजी संकटः 70% रेस्तरां प्रभावित, शादियों और फूड डिलीवरी पर भी असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** व्यावसायिक ईंधन की आपूर्ति प्रभावित होने से दिल्ली के 70 प्रतिशत रेस्तरां का संचालन प्रभावित है। दिल्ली में 50 हजार से अधिक रेस्तरां, बार, पब है। रेस्तरां संचालन के जानकारों के अनुसार, इसमें से 70 प्रतिशत का कामकाज एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने से प्रभावित है। उनमें से दो से ढाई हजार रेस्तरां ऐसे हैं, जो सिलिंडर की उपलब्धता के अनुसार, कभी खुल तो कभी बंद हो रहे हैं। जबकि, दो हजार से अधिक ने या तो दोपहर या रात्रि में ही रसोई का संचालन सीमित किया हुआ है। जबकि, बार संचालक रात्रि सेवा को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। इसी तरह, अधिक समय में पकने वाले व्यंजनों को अपने मेन्यू से हटा दिया है। साथ ही व्यंजनों की दरें बढ़ा दी है। नेशनल रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह के अनुसार,व्यावसायिक सिलेंडरों की अनुपलब्धता के चलते रेस्तरां संचालक काफी मुश्किल में हैं। किसी प्रकार सिलिंडर का जुगाड़ कर उसे चलाने की कोशिश में है। लेकिन हालात में सुधार नहीं आ रहा है। उधर, व्यावसायिक ईंधन की कमी के चलते शादी समेत अन्य समारोह को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। क्योंकि, कैटरर्स नई बुकिंग लेने से मना करने लगे हैं। पहले से बुकिंग के लिए लकड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा है। कैटरर्स प्रवीण कश्यप के अनुसार, इस वक्त स्थिति काफी विषम है। सिलिंडर की अनुपलब्धता है। इसलिए या तो इसे आयोजक पक्ष मुहैया कराए तब तो ठीक है। अन्यथा नई बुकिंग नहीं ले रहे हैं। चांदनी चौक के व्यापारी श्रीभगवान बंसल ने बताया कि इसके चलते अब शादियों की तिथि आगे रखने पर वर-वधु पक्ष द्वारा जोर दिया जा रहा है। वैसे, दो-तीन से जारी इस संकट का असर रेस्तरां कर्मचारियों के भविष्य पर नहीं पड़ा है, लेकिन आगे क्या होगा, इसे लेकर वह चिंतित हैं। एक कर्मचारी राजेश ने कहा कि रेस्तरां का काम




काफी सीमित हो गया है। ऐसे में उन्हें वेतन मिलेगा कि नहीं, उसे लेकर अनिश्चित हैं।

**60 प्रतिशत से अधिक घटी फूड डिलीवरी:** इस बीच, फूड डिलीवरी के मामलों में 60 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। रेस्तरां, ढाबे, क्लाउड कीचन समेत व्यंजनों के अन्य आउटलेट्स ने व्यावसायिक सिलिंडरों की किल्लत के चलते बुकिंग में काफी कमी की है। ऐसे में एक ओर जहां लोगों को समय पर पसंदीदा व्यंजन नहीं मिल पा रहा है। फूड डिलीवरी ऑनलाइन प्लेटफार्म कंपनियों की आय में जबरदस्त गिरावट आई है। वहीं, उससे जुड़े गिग वर्कर की आय में भारी कमी आई है। गिग एंड प्लेटफार्म सर्विस वर्कर्स यूनियन (जीआइपीएसडब्ल्यूयू) ने इस मामले में श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से हस्तक्षेप की मांग करते हुए हर गिग वर्कर को 10 हजार रुपये आपात सहायता मुहैया कराने की मांग की है।

**चाय-समोसे के लिए भी भटक रहे लोग**

स्थिति यह कि बृहस्पितवार को कई इलाकों में चाय व नाश्ते की दुकानें भी बंद करनी पड़ी है। ऐसे में लोगों को वापस निराश लौटना पड़ा और दूसरे दुकान की तलाश में भटकते दिखे। आइटीओ, बाराखंभा, निर्माण भवन समेत अन्य जगह यह तस्वीर देखने को मिली।

**इंडक्शन चूल्हों की मांग 100 प्रतिशत तक बढ़ी:** किल्लत से बचने के लिए उद्योग के साथ ही आम उपभोक्ताओं में इंडक्शन चूल्हों तथा उससे संबंधित बर्तनों की मांग में बढ़ोत्तरी हुई है। बाजार से जुड़े लोगों के अनुसार, इंडक्शन की मांग तथा पूछताछ में 100 प्रतिशत का इजाफा हो चुका है। होटल, रेस्तरां से लेकर घरेलू इंडक्शन की मांग हो रही है। इसी तरह, करोलबाग, राजेंद्र नगर दिल्ली के कई इलाकों में स्थित पीजी में कैंटीन भी एलपीजी की अनुपलब्धता के चलते बंद होने लगे हैं। जबकि, बाहर भी रेस्तरां में स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में यहां रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र तथा नौकरीपेशा युवा चाय, नाश्ते के साथ भोजन के लिए परेशान होने लगे हैं।

# दिल्ली- एनसीआर वालों को बढ़ती गर्मी से मिलेगी राहत

## बारिश की फुहारों से गिरेगा तापमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में असामान्य गर्मी का दौर जारी है और तापमान लगातार 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को इसमें राहत मिल सकती है। रविवार को कुछ इलाकों में हल्की बारिश की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार से रविवार के बीच पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली सहित एनसीआर में आंशिक बादल छाने के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। इसके चलते तापमान में थोड़ी गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल अगले दो दिनों तक हल्की गर्मी बनी रह सकती है, लेकिन 15 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर मौसम का मिजाज बदल सकता है। इस बीच 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच अधिकतम तापमान दर्ज किया जा सकता है। इस बीच गुरुवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 3.1 डिग्री अधिक है। शुक्रवार को दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। गुरुवार की अपेक्षा शुक्रवार को भी तापमान में कमी दर्ज की जा सकती है। 33 से 35 और न्यूनतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दूसरी तरफ पिछले छह दिनों से दिल्ली की हवा लगातार ''खराब'' श्रेणी में बनी हुई है।



# अब ये अतिक्रमण भी हटाएंगे तो दिल्ली में सफाई कौन करेगा...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में सफाई व्यवस्था की खराब स्थिति किसी से छिपी नहीं है। जगह-जगह कूड़े के ढेर और गंदगी की वजह से जनता परेशान है, वहीं एमसीडी सफाई विभाग में कार्यरत अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने की शक्ति देने का प्रस्ताव शुक्रवार को होने वाली सदन की बैठक में आ रहा है। इसका विरोध न केवल जन स्वास्थ्य विभाग में हो रहा है बल्कि विशेषज्ञ भी इसका विरोध कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में सफाई व्यवस्था इतनी ही सुधरी होती तो एमसीडी को स्वच्छ सर्वेक्षण में पहला स्थान मिल जाता लेकिन शीर्ष 10 में भी एमसीडी नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में पहले सफाई निरीक्षको को अतिक्रमण हटाने की शक्ति देने की बजाय पहले सफाई व्यवस्था को ठीक कराना चाहिए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 50 हजार से अधिक सफाई कर्मचारी हैं। साथ ही 12 जोन में निजी एजेंसियों के माध्यम से कूड़ा उठाने का कार्य होता है। बावजूद दिल्ली की सफाई व्यवस्था सवाल उठते हैं। क्योंकि न कूड़ा भी समय से उठता है और न ही सफाई पर्याप्त होती है। दिल्ली नगर निगम की बात करें तो फिलहाल सफाई विभाग में 47668 पद स्वीकृत हैं, साथ ही 18659 से ज्यादा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के पद स्वीकृत है। इसमें 330 स्वच्छता निरीक्षक और 970 सहायक स्वच्छता निरीक्षक हैं। जिनके पास दिल्ली की सफाई व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी है, लेकिन अक्सर शिकायत आती है कि एक सफाई निरीक्षक तय कार्यक्षेत्र में भी पूरी तरह नहीं जा पाता है तो ऐसे में सफाई से अतिरिक्त कार्य होने पर स्वच्छता की व्यवस्था कैसे सुधरेगी। एमसीडी सदन में आ

# गर्मियों के लिए एनडीएमसी ने बनाया एक्शन प्लान, दिल्ली में बढ़ेंगे वाटर एटीएम और पानी के टैंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में गर्मियों के मद्देनजर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने एक्शन प्लान 2026 लागू कर दिया है। जिसके तहत 37 मौजूदा वाटर एटीएम एनडीएमसी ने सुचारु कर दिए हैं। वहीं, गर्मी बढ़ने पर होने वाली पानी किल्लत को देखते हुए टैंकरों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें 12 टैंकर खरीदने की प्रक्रिया शुरू हुई है तो वहीं 10 टैंकर किराये पर लगाए जाएंगे। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने बताया कि इस बार चूंकि फरवरी के अंतिम सप्ताह से ही गर्मी बढ़नी शुरू हो गई थी। इसलिए हमने अप्रैल में जो कार्य करते थे उसे मार्च में कर लिया है। साथ ही पूर्व की तैयारी के मद्देनजर समर एक्शन प्लान 2026 को लागू कर दिया है। उन्होंने बताया कि एनडीएमसी दिल्ली जल बोर्ड से पानी लेकर अपने नागरिकों को सप्लाई करता है। चंद्रावल,



वजीराबाद और सोनिया विहार के साथ ही हैदरपुर से एनडीएमसी को 125 मिलीयन लीटर प्रतिदिन पानी मिलता है। जबकि 2.08 एमएलडी ट्यूबवेल से प्राप्त होता है। चहल ने बताया कि जल प्रबंधन को और मजबूत बनाने के लिए आरके आश्रम में नया 10 लाख लीटर भंडारण की क्षमता वाला जल नियंत्रण कक्ष बनाया जा रहा है। साथ ही आने वाले दिनों में विनय मार्ग समेत कुछ इलाकों में 24 घंटे जलापूर्ति की व्यवस्था भी हम शुरू करने जा हैं। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान में एनडीएमसी क्षेत्र में 37 वाटर एटीएम कार्यरत हैं। इनमें से 17 भुगतान आधारित हैं और बाकी मुफ्त पानी उपलब्ध कराते हैं। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए वाटर एटीएम योजना का विस्तार कर रहा है। इसके तहत जेजे क्लस्टर क्षेत्रों के करीब 50 नए वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। चहल ने बताया अगामी दिनों में एनडीएमसी के नवयुग स्कूलों के बाहर भी यह एटीएम लगाए जाएंगे ताकि अभिभावकों, छात्रों और आगंतुकों को निश्शुल्क और सुरक्षित पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। साथ ही लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। एनडीएमसी की पानी की मांग बढ़ रही है क्योंकि बीते कुछ वर्षों में एनडीएमसी इलाके में नई इमारतों का निर्माण हुआ है।

# ईरान का दावा- इराक में मार गिराया अमेरिकी रिफ्यूलिंग विमान, अमेरिका ने नकारा

**बगदाद, एजेंसी।** ईरान के सरकारी मीडिया ने ईरान के सैन्य केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता का हवाला देते हुए दावा किया है कि पश्चिमी इराक में सक्रिय विद्रोही गुटों ने अमेरिका के एक सैन्य विमान को मिसाइल से मार गिराया है। यह विमान एक रिफ्यूलिंग विमान था। प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना में विमान में सवार सभी छह सैनिकों की मौत हो गई है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क विभाग ने एक बयान जारी किया है। इस बयान में कहा गया कि रेजिस्टेंस फ्रंट के एयर डिफेंस सिस्टम ने बोइंग च्रष्ट-135 स्ट्रैटोटैंकर को उस समय निशाना बनाया, जब वह एक लड़ाकू विमान में ईंधन भर रहा था। दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने विमान के गिरने की बात तो मानी है, लेकिन किसी भी तरह



के हमले से साफ इनकार किया है। अमेरिकी सेना ने एक प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान उनका एक बोइंग च्रष्ट-135 विमान इराक के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी कि यह घटना मित्र देश के हवाई क्षेत्र में हुई। इस अभियान में दो विमान शामिल थे। इनमें से एक विमान पश्चिमी इराक में गिर गया, जबकि दूसरा विमान सुरक्षित उतरने में कामयाब रहा। अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया कि यह हादसा किसी दुश्मन की गोलीबारी की वजह से नहीं हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मौके पर बचाव कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे स्थिति साफ होगी, और जानकारी दी जाएगी। सेना ने सैनिकों के परिवारों की निजता का सम्मान करने और धैर्य बनाए रखने की अपील की है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरान के साथ चल रहे हालातों पर अपनी बात रखी। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ स्थिति बहुत तेजी से बदल रही है। उन्होंने अमेरिकी सेना की ताकत की जमकर तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि हमारी सेना जैसी दुनिया में कोई दूसरी ताकत नहीं है। ट्रंप ने संकेत दिया कि उनकी सरकार अब वे कदम उठा रही है, जो दशकों पहले उठाए जाने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि उनके पहले कार्यकाल में सेना को मजबूत करने के लिए जो काम किए गए, उसी का नतीजा है कि आज अमेरिकी सेना इतनी मजबूती से काम कर रही है। सेना पर इतनी निर्भरता बढ़ेगी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हालातों को देखते हुए मजबूत सेना बहुत जरूरी हो गई है।

# ब्रिटेनः मेटा-यूट्यूब पर बच्चों से दूरी बनाने का दबाव, ऑस्ट्रेलिया में कानून के बाद संस्थाओं ने चेताया

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के मीडिया और गोपनीयता नियामकों ने प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को अपनी सेवाओं से दूर रखने के लिए और अधिक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने चेताया कि कंपनियां अपने ही न्यूनतम आयु नियमों को लागू करने में विफल रही हैं। इन सोशल मीडिया कंपनियों में मेटा, टिकटॉक, स्नैप और यूट्यूब शामिल हैं, जिनकी बहुतायत सामग्री में अश्लीलता देखी जा रही है। ऑस्ट्रेलिया में सख्त कानून लागू होने के बाद यह मांग जोर पकड़ ली है। ब्रिटेन सरकार 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ऐसे प्लेटफॉर्मों से प्रतिबंधित करने पर विचार कर रही है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा उठाए गए कदमों के बाद ब्रिटेन में गोपनीयता नियामक ऑफकॉम और सूचना आयुक्त कार्यालय ने कहा कि वे एल्गोरिथम फीड्स को लेकर चिंतित हैं जो बच्चों को हानिकारक या व्यसनकारी सामग्री के संपर्क में लाते हैं। आईसीओ ने इन प्लेटफार्मों को खुला पत्र जारी कर उनसे 13 वर्ष से कम आयु के लोगों को सेवाओं तक पहुंचने से रोकने के लिए आधुनिक, व्यवहार्य आयु-सुनिश्चितता उपकरणों को अपनाने का आह्वान किया है। ब्रिटेन के ऑनलाइन सुरक्षा अधिनियम के नवीनतम कार्यान्वयन चरण में ऑफकॉम ने मेटा के स्वामित्व वाली फेसबुक और इंस्टाग्राम और साथ ही रोब्लॉक्स, स्नैपचैट, बाइटडांस के टिकटॉक और अल्फाबेट के यूट्यूब को 30 अप्रैल तक यह दिखाने को कहा है कि वे आयु जांच को कैसे सख्त करेंगे। उसने अजनबियों को बच्चों से संपर्क करने से रोकने और फीड को सुरक्षित बनाने तथा नाबालिगों पर नए उत्पादों का परीक्षण बंद करने संबंधी उपाय बनाने के निर्देश दिए हैं।

### युद्ध का पर्यावरण पर बड़ा असरः इस्राइल-गाजा संघर्ष से 3.3 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन, जलवायु संकट का सच

**इजराइल-गाजा, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी इस्राइल-गाजा संघर्ष का असर केवल इंसानों और अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। इस युद्ध का पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है। एक नए अध्ययन में सामने आया है कि इस संघर्ष से अब तक लगभग 3.3 करोड़ मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन हो चुका है। अध्ययन के अनुसार यह मात्रा इतनी बड़ी है कि इसे जॉर्डन के पूरे साल के कार्बन उत्सर्जन के बराबर माना जा सकता है। इतना ही नहीं, यह लगभग 76 लाख कारों से एक साल में निकलने वाले धुएं के बराबर है। इसके अलावा यह उतनी कार्बन मात्रा के बराबर है जितनी 3.31 करोड़ एकड़ जंगल एक साल में अवशोषित कर सकते हैं। इस विषय पर एक विस्तृत अध्ययन वैज्ञानिक जर्नल वन अर्थ में प्रकाशित हुआ है। इस शोध को लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी और क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के शोधकर्ताओं ने मिलकर तैयार किया है। शोध में युद्ध से जुड़े विभिन्न स्रोतों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। अध्ययन के अनुसार केवल सक्रिय सैन्य अभियानों से ही 13 लाख मीट्रिक टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ है। इसमें तोपखाने, रॉकेट, मिसाइल और अन्य सैन्य उपकरणों के इस्तेमाल से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसें शामिल हैं।

# ईरान की आग लगाने की धमकी से दहला तेल बाजार

## ट्रंप भी हो गए सतर्क, सभी देशों को रूसी तेल खरीद पर दी अस्थायी ढील

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया इन दिनों बारूद के ढेर पर खड़ा है। पिछले दो हफ्तों से जारी भीषण सैन्य टकराव ने पूरी दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा को हिला कर रख दिया है। हालात तब और भड़क उठे जब ईरान ने खुलेआम चेतावनी दे डाली कि उसके ऊर्जा ठिकानों पर हमला हुआ तो वह पूरे क्षेत्र के तेल और गैस ढांचे को आग के हवाले कर देगा। इस धमकी ने वैश्विक तेल बाजार में हड़कंप मचा दिया है और सप्लाई ठप पड़ने का डर और गहरा गया। इसी बढ़ते संकट के बीच अब अमेरिका ने अचानक रुख बदलते हुए दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी मंजूरी देने का फैसला किया है। अमेरिकी



वित्त मंत्रालय ने नोटिस जारी कर जानकारी दी कि 12 मार्च को सुबह 12.01 बजे या उससे पहले जहाजों पर लादे गए रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित लेनदेन की अनुमति दी गई है, और यह आदेश 11 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। यह फैसला उस समय आया है जब बीते 14 दिनों से अमेरिका और इस्राइल का ईरान पर जारी भीषण हमला और जवाबी कार्रवाई के रूप में ईरान की ओर से इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर की जा रही बमबारी ने पूरे पश्चिम एशिया में तनाव को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है, जिसके चलते दुनियाभर में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं।

अमेरिका के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि यह कदम वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने और तेल की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने के लिए उठाया गया है। इसका बड़ा कारण यह भी है कि फिलहाल अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के जल्द खत्म होने के संकेत भी नहीं मिल रहे हैं, इसलिए तेल आपूर्ति को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

बता दें कि इससे पहले अमेरिका भारत को भी इसी तरह की छूट दे चुका है। 5 मार्च को अमेरिका ने भारत को 30 दिनों की विशेष अनुमति दी थी, जिसके तहत भारत रूस से तेल खरीद सकता है। ट्रंप प्रशासन ने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया था ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की सप्लाई बनी रहे और कीमतों पर दबाव कम हो।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए तेजी से फैसले ले रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान से पैदा हो रहे खतरे और अस्थिरता से भी निपटने की कोशिश कर रहा है। बेसेंट ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अनुमति सिर्फ उस रूसी तेल पर लागू होगी जो पहले से जहाजों में लोड होकर समुद्र में जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह फैसला सीमित समय के लिए है और इससे रूस को बड़ा आर्थिक फायदा नहीं होगा, क्योंकि रूस को ऊर्जा से होने वाली ज्यादातर कमाई तेल के उत्पादन के समय लगने वाले टैक्स से मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप सरकार की ऊर्जा नीतियों के कारण अमेरिका में तेल और गैस का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे अमेरिकी नागरिकों के लिए ईंधन की कीमतें कम रखने में मदद मिली है।अमेरिकी सरकार का कहना है कि फिलहाल तेल की कीमतों में जो बढ़ोतरी हुई है वह अस्थायी है और लंबे समय में इसका फायदा अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मिलेगा। संघर्ष के बीच ईरानी सेना के केंद्रीय ऑपरेशन कमांड खातम अल-अंबिया के प्रवक्ता ने कहा अगर ईरान के ऊर्जा ठिकानों या बंदरगाहों पर हमला हुआ तो हम पूरे क्षेत्र के तेल और गैस ढांचे को आग लगा देंगे।

# प्लंबर-जल सहिया महत्वपूर्ण कड़ी, जल जीवन मिशन की बुनियाद : उपायुक्त

## लक्ष्य बड़ा है सबको शुद्ध पानी मुहैया कराना है





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जल महोत्सव के अंतर्गत विश्व प्लंबर दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्लंबरों, जल सहियाओं तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों/ कर्मियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाले प्लंबरों को उपायुक्त, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) तथा पीएचईडी चास के कार्यपालक अभियंता राम प्रवेश राम द्वारा साल ओढ़ाकर, पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे समेत अन्य उपस्थित थे।

**प्लंबर और जल सहिया जल जीवन मिशन की कड़ीः उपायुक्त**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि प्लंबर और जल सहिया जल जीवन मिशन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इनके समर्पण और मेहनत के बिना हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा नहीं होता है, बल्कि हर काम का अपना महत्व होता है। हमारा लक्ष्य बड़ा है - जिले के प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना। उन्होंने कहा कि जो लोग अच्छा काम करते हैं, उन्हें कभी-कभी ताने भी सुनने पड़ते हैं, लेकिन इससे निराश होने की जरूरत नहीं है। जो लोग समाज के प्रति समर्पित होते हैं, वही स्वाभाविक रूप से समाज के सच्चे नेतृत्वकर्ता (नेचूरल लिडर) बनते हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिले में महिला महोत्सव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है और इस अभियान में जल सहियाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जल सहिया के रूप में महिलाएं गांवों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही हैं। महिलाएं कमजोर नहीं बल्कि सशक्त हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**योजनाओं के सफल संचालन में प्लंबरों की भूमिका अहम - डीडीसी**

मौके पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने अपने संबोधन में कहा कि जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के सफल संचालन में प्लंबरों की भूमिका अत्यंत अहम है। गांवों में पाइपलाइन, नल-जल कनेक्शन तथा जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखने में प्लंबरों की तकनीकी दक्षता और मेहनत बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्लंबरों को समय-समय पर प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित हो सके। उन्होंने सभी प्लंबरों से अपील की कि वे जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए जल जीवन मिशन को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

**तकनीकी दक्षता से मजबूत होगी जलापूर्ति व्यवस्था - ई.ई.**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (पीएचईडी) चास के कार्यपालक अभियंता (ई.ई.) राम प्रवेश राम ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में बड़ी संख्या में नल-जल योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं की सफलता काफी हद तक प्लंबरों की तकनीकी दक्षता और तत्परता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पाइपलाइन में खराबी आती है या जलापूर्ति में समस्या होती है, तो प्लंबर ही सबसे पहले मौके पर पहुंचकर उसे ठीक करते हैं। इसलिए उनका कार्य बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी प्लंबरों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से योजनाओं का निरीक्षण करते रहें और किसी भी तकनीकी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्लंबर सम्मानित**

कार्यक्रम के दौरान बेहतर कार्य करने वाले कई प्लंबरों को उपायुक्त, उप विकास आयुक्त तथा कार्यपालक अभियंता द्वारा साल ओढ़ाकर, पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी को जल संरक्षण तथा स्वच्छ पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी/कर्मी, सहायक अभियंता/कनीय अभियंता, जल सहिया तथा बड़ी संख्या में प्लंबर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यूनिसेफ के प्रतिनिधि घनश्याम साह ने किया।

# कम समय में सरलता से संपन्न होगी लोन डिसबर्समेंट की प्रक्रिया : उपायुक्त



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नए व्यवसाय स्थापित करके स्व-रोजगार के अवसर पैदा करने, असंगठित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को वित्तीय, तकनीकी तथा व्यावसायिक सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), मुद्रा लोन सहित अन्य माइक्रो लोन के सरलता से डिसबर्समेंट के लिए "स्मार्ट लोन समाधान" का प्रयोग किया जाएगा। इसको लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज नगर आयुक्त, अनुमंडल दंडाधिकारी, जिला उद्योग केंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक, विभिन्न बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक तथा "स्मार्ट लोन समाधान" के प्रतिनिधि के साथ बैठक कर पूरी योजना का विस्तार पूर्वक अध्ययन किया। उपायुक्त ने कहा कि इसके शुरू होने से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से लोन के लिए आवेदनों की प्राप्ति, सक्रूटनी, स्वीकृति एवं डिसबर्समेंट की प्रक्रिया कम समय में सरलता से संपन्न होगी। जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। एआई द्वारा प्रथम चरण की स्क्रुटनी के बाद आवेदन के अस्वीकृत होने की संभावना कम होगी। बैंक अधिकारियों के लिए भी समय की बचत होगी। वहीं "स्मार्ट लोन समाधान" के प्रतिनिधि ने बताया कि आवेदक को फॉर्म भरने से पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस खुद आवेदक से बात करेगा। एआई द्वारा डोक्युमेंट मांगे जाएंगे। एआई उसका सत्यापन करेगा। आवेदक के सिबिल स्कोर की जांच करेगा। पूर्व में ली गई लोन की जानकारी लेगा। यदि आवेदक पत्नी के नाम से लोन लेगा तो उनके पति के डोक्युमेंट मांगेगा। आवेदक के कोटेशन की जांच करेगा। फेस वेरिफिकेशन करेगा। व्यवसायिक स्थल का लाइव जियो टैग विडियो बनाएगा। बताया कि एआई द्वारा प्रथम चरण की स्क्रुटनी पूरी करने तथा सभी 74 फिल्ड में डाटा भरने के बाद सारे फॉर्म प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) को भेजे जाएंगे। बीपीएम से फॉर्म क्लस्टर में जाएगा। तत्पश्चात सभी औपचारिकताएं सही पाए जाने पर बैंक जाएगा। बैंक जाने से पहले ही योग्य आवेदन स्वीकृत या अयोग्य आवेदन अस्वीकृत हो जाएंगे। इसके अलावा सॉफ्टवेयर के माध्यम से पुराने आवेदनों का डिजिटाइजेशन, एआई वीडियो केवाईसी, जन समस्या समाधान के अलावा अन्य सेवा प्रदान की जाएगी। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद, एलडीएम अमित कुमार, बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सहित अन्य बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों में उपायुक्त ने की सुनवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 35 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया।



जनता दरबार में शिक्षा विभाग, सामान्य शाखा, चास अंचल, आपूर्ति, राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण भगत, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### चंदनकियारी के पांच सरकारी स्कूलों की बदलेगी सूरत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के चंदनकियारी प्रखंड में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल की गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची द्वारा स्वीकृत 5 विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण कार्य का आज औपचारिक रूप से विधायक उमाकांत रजक के पुत्र मुकेश कांत रजक ने विधिवत शिलान्यास किया। इस योजना से क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन मध्य विद्यालय दामुडीह के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिलान्यास समारोह के दौरान वक्ताओं ने शिक्षा की गुणवत्ता और स्कूलों की स्थिति सुधारने पर जोर दिया। आपको बता दें कि दामुडीह मध्य विद्यालय से शुरू हुआ यह अभियान चंदनकियारी के अन्य चिन्हित स्कूलों तक पहुँचेगा। ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि स्कूलों के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में सुधार आएगा।



### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा बोकारो पहुंचीं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला भ्रमण के क्रम में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा शुक्रवार को बोकारो पहुंचीं। इस अवसर पर बोकारो परिसदन में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने उन्हें पौधा भेंट कर स्वागत किया।



**परिसदन सभागार में हुई मामले की सुनवाई**

इसके उपरांत सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने बोकारो परिसदन स्थित सभागार में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सुकुरमनी देवी एवं अन्य से संबंधित मामले की सुनवाई की। उन्होंने मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। सदस्य ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रकरण से जुड़े तथ्यों की गंभीरता से जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रभावित पक्ष को न्याय मिल सके।

**बैठक में कई अधिकारी रहे उपस्थित**

इस अवसर पर उपायुक्त, उप विकास आयुक्त के साथ अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो सहित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के निदेशक वाई. पी. यादव, निदेशक पी. के. दास, सहायक निदेशक राहुल यादव, विधि सलाहकार सोनल राज, वरिष्ठ अन्वेषक शुभाशीष रसिक सोरेन, परामर्शी प्रेम कुमार मुंडा तथा परामर्शी कुशेश्वर साहू सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ऐतिहासिक एवं यादगार होगी 15 मार्च को रांची में आयोजित क्षत्रिय गौरव समागम : प्रवीण सिंह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो क्षत्रिय गौरव एकता मंच द्वारा 15 मार्च को पुराना विधानसभा मैदान, रांची में आयोजित क्षत्रिय समागम को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने की जोरदार तैयारी चल रही है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम की संयोजक बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य एवं झारखंड निगरानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में झारखंड से सभी जिलों से लगभग 50 हजार से अधिक समाज के सदस्य भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। सभी जिले में तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह, सांसद लवली आनंद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, सुनील सिंह, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह तथा विधायक सरयू राय भाग लेंगे। कार्यक्रम में समाज की एकता एवं विकास से संबंधित कई प्रस्ताव पारित किए जाएंगे तथा आगामी योजना एवं कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। कार्यक्रम में धनबाद के नवनिर्वाचित मेयर संजीव सिंह को सम्मानित किया जाएगा। बोकारो जिला के संयोजक मोंटी सिंह ने कहा कि जिले के सभी 9 प्रखंडों से 2000 से अधिक समाज के सदस्य कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। क्षत्रिय समागम को लेकर समाज के सदस्यों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।



## 22 मार्च तक मनाया जाएगा जल महोत्सव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 22 मार्च तक जिले में जल महोत्सव मनाया जाना है। इसके सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में संबंधित पदाधिकारियों के साथ जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान जल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा भी की गई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि जल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बेहतर ढंग से तैयार की जाए, ताकि जिले में जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल और जल जीवन मिशन से जुड़े संदेश आम लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंच सकें।

# बेस लाइन सर्वे के लिए संबंधित विभाग ससमय उपलब्ध कराएं डाटा : उपायुक्त

## गरगा नदी एवं अन्य जल स्रोतों को प्रभावित करने वाले कारणों को चिन्हित करने का दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान (एनआईयूए) एवं नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) के सहयोग से गंगा रिवर बेसिन के अंतर्गत आने वाले देश के 60 शहरों के लिए अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान (यूआरएमपी) तैयार किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत चास शहर को भी शामिल किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को चास शहर के लिए यूआरएमपीएस तैयार करने को लेकर समाहरणालय में मल्टी स्टेकहोल्डर वर्किंग ग्रुप की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने की।




**समयबद्ध रूप से डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान तैयार करने के लिए किए जा रहे बेस लाइन सर्वे के तहत मांगी गई सूचनाएं और आवश्यक डाटा निर्धारित समय सीमा के भीतर एजेंसी को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों से प्राप्त आंकड़े इस योजना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय पर जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि योजना निर्माण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो।

**नदी प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा**

बैठक में नदी प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें फ्लड प्लान, डेवलपमेंट प्लान/मास्टर प्लान, वर्तमान स्थिति (करेंट सिनेरियो), रिवर जोन की पहचान, लिक्विड एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सीवरेज प्लान, तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही गरगा नदी एवं अन्य जल स्रोतों की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए उन कारणों और सामग्रियों को चिन्हित करने पर जोर दिया गया, जो इन जल स्रोतों को प्रदूषित या प्रभावित कर रहे हैं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि इन कारणों की पहचान कर उनके प्रभावी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

**जल स्रोतों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता**

उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने कहा कि नदियां और जल स्रोत हमारे पर्यावरण एवं जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रशासन के साथ-साथ आम जनता की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास के नदियों और जल स्रोतों को अपने बेटे-बेटियों की तरह सम्मान देना चाहिए तथा उनकी स्वच्छता और संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कार्य करना चाहिए।

**बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे उपस्थित**

बैठक में अपर नगर आयुक्त (एएमसी) चास संजीव कुमार, वन पदाधिकारी संदीप शिंदे, नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल राजू मरांडी, अंचलाधिकारी चास राम सेवा राम, जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती हेमलता बून, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता राम प्रवेश राम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, दामोदर बचाव समिति के सदस्यगण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आईआईटी आईएसएम धनबाद में नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम का समापन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा मंत्रालय की पहल मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत आयोजित पाँच दिवसीय नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम का सफल समापन आईआईटी आईएसएम धनबाद के एमएमटीटी सेंटर में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन आईआईटी आईएसएम के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों और अकादमिक पेशेवरों में नेतृत्व क्षमता को मजबूत करना था। कार्यक्रम में देश के कई प्रमुख संस्थानों जैसे सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी रायचूर, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी वाराणसी, विनोबा भावे यूनिवर्सिटी तथा बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी सहित अन्य संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। पाँच दिनों तक चले इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों के व्याख्यान, इंटरैक्टिव चर्चा और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अकादमिक नेतृत्व से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की विषयवस्तु राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप तैयार की गई थी, जिसका उद्देश्य शिक्षकों और उच्च शिक्षण संस्थानों की क्षमता को संस्थागत विकास और नवाचार की दिशा में मजबूत करना था। समापन सत्र में आईआईटी आईएसएम धनबाद के प्रो. सोमनाथ चट्टोपाध्याय और प्रो. ज्ञान प्रकाश उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी और उन्हें अपने-अपने संस्थानों में प्राप्त अनुभवों और सीख को लागू करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. मृणालिनी पांडे तथा सह-समन्वयक प्रो. एम.डी. इरफान ने प्रतिभागियों, संसाधन व्यक्तियों और कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने नेतृत्व से जुड़ी सीख को अपने संस्थानों में लागू करने और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में आगे आने की आवश्यकता: जिप अध्यक्ष

## बेटियों को आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी बनाएं - डीडीसी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिला महोत्सव सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) में पंचायती राज एवं विकेंद्रीकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 20 महिला मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया, वहीं उपस्थित अन्य सभी मुखियाओं को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

**दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ**

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, डीपीआरओ मो. सफीक आलम, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, तांतरी दक्षिणी की मुखिया शांति देवी, बुंडू की मुखिया निहारिका सुकृति तथा जरीडीह पूर्वी की मुखिया कंचन देवी, प्रदान की पीयूष मोई, पिरामल फाउंडेशन के सुदीप्त हाजरा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि पंचायतों के समग्र विकास के लिए महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण विकास की प्रक्रिया और अधिक मजबूत होगी।

**बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना समय की आवश्यकता**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि आज समाज में बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षित करने और उन्हें आत्मविश्वासी तथा महत्वाकांक्षी बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने महिला मुखियाओं से कहा कि जिस प्रकार वे अपने घरों को सजाने-संवारने में लगन से कार्य करती हैं, उसी प्रकार अपने पंचायतों के विकास के लिए भी समर्पित होकर कार्य करें। मौके पर डीपीआरओ ने मानवाधिकार, महिला अधिकार, बाल अधिकार, महिला हिंसा तथा बाल विवाह जैसे विषयों पर विस्तार- से जानकारी दी और पंचायत प्रतिनिधियों से इन मुद्दों के प्रति जागरूक और संवेदनशील रहने की अपील की।

# एसएसपी प्रभात कुमार ने राजगंज थाना का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा

## लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन पर जोर, सड़क हादसों में कमी लाने, गश्त बढ़ाने, सूचना तंत्र मजबूत करने का निर्देश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने शुक्रवार को राजगंज थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अंचल निरीक्षक मोहम्मद रुस्तम और थाना प्रभारी सुश्री अलीशा समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना परिसर के विभिन्न विभागों और कार्यालय कक्ष का क्रमवार निरीक्षण करते हुए वहां की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीएनएस कक्ष, कम्प्यूटर रूम, काउंसिलिंग सेंटर, मालखाना, बैरक, कॉन्फ्रेंस रूम, रिकॉर्ड रूम, कैंटीन, महिला हेल्प डेस्क और सीरिस्ता का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दस्तावेजों के संधारण, रिकॉर्ड के रखरखाव, मालखाने की व्यवस्था और पुलिसकर्मियों के रहने की व्यवस्था की भी जानकारी ली। एसएसपी ने थाना क्षेत्र में होने वाले सड़क हादसों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एन एच ए आइ के साथ नई सुरक्षा रणनीति बनाकर हादसों में कमी लाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि थाने में आने वाले सभी मामलों की सही ढंग से प्रविष्टि की जाए तथा रिकॉर्ड को अद्यतन रखा जाए। उन्होंने कहा कि थाने की व्यवस्था सुव्यवस्थित और पारदर्शी होनी चाहिए ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा करते हुए उन्होंने महिला संबंधित मामलों के प्रति संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसएसपी ने थाने में दर्ज कांडों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और विभिन्न मामलों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अनुसंधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित कांडों का अनुसंधान पूर्ण कर समय पर न्यायालय में चार्जशीट समर्पित की जाए, ताकि अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई हो सके और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों से उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान का निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने थाना को अतिरिक्त नया चार पहिया वाहन और दो पहिया उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। एसएसपी ने सभी पदाधिकारियों व जवानो को आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता आम लोगों को सुरक्षा प्रदान करना और उनकी शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान करना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com

CMYK